e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 68
शनिवार
09.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
समय राजा से रंक बना सकता है या रंक से राजा बना सकता है।




PR-321940(IPRD)23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# पांकी प्रखंड के हुटाई पंचायत में हुआ पंचायत स्तरीय शिव गुरु चर्चा का आयोजन

## हर कोई शिव के सानिध्य में है : भाई धनंजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड सहित देश के कोने-कोने में शिव गुरु चर्चा के मशहूर वक्ता के रूप में अमृत वर्षा करने वाले भाई धनंजय विगत एक सप्ताह से झारखंड के कई जिलों में पंचायत स्तरीय शिव गुरु चर्चा में भाग ले रहे हैं। पंचायत स्तर पर हो रहे इस आयोजन में हजारों की संख्या में लोग जुट रहे हैं और भाई धनंजय के अमृतवाणी को आत्मसात कर रहे हैं। अभी भाई धनंजय का शिव गुरु चर्चा लातेहार जिले के कई प्रखंडों में पंचायत स्तर पर हो रहा है। इस कार्यक्रम में काफी लोग पहुंच रहे हैं। इस पर भाई धनंजय का कहना है कि शिव गुरु भाइयों को दूसरे पंचायत में आने की



जरूरी नहीं है। वे खुद उन्हीं के पंचायत में जाकर शिव गुरु चर्चा में शामिल होंगे। उनका कहना है कि हर कोई शिव के सानिध्य में है और शिव के नजदीक है। शिव हैं तो संसार है। पांकी प्रखंड अंतर्गत पंचायत हुटाई में पंचायत स्तरीय शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिव के शिष्य भाई धनंजय ने कहा कि शिव शिष्यता खुद को जानने का शसक्त माध्यम है। खुद को जानना असुख है। खुद को मानना दुःख है। उन्होंने कहा कि शिव को अपना गुरु बना कर स्वयं को जानने का मार्ग प्रशस्त करें। ताकि मानव मन संकीर्णता से मुक्त हो सके। आज जगत के हताश निराश मन के पास शिव गुरु शिष्य होना आशा का द्वार खुलता दिख रहा है। बहुत तेजी से समाज के हताश निराश मन के लोग शिव को अपना गुरु बना कर आध्यात्मिक यात्रा पर चल पड़े हैं। आपका चलना प्रार्थनीय है। शिव को अपना गुरु बनाने के लिए कोई भी बंधन वर्जना अनिवार्य नहीं है। जो जिस रुचि प्रवृत्ति में जिता जागता हो, वे सभी शिव को अपना गुरु बना कर शिष्य भाव अर्पित कर आध्यात्मिक सोपान पा सकते हैं। शिव की शिष्याता सहज सरल सुलभ मार्ग देती है। भाई धनंजय ने कहा कि शिव की शिष्यता ग्रहण कर लेने मात्र से ही मनुष्य आध्यात्मिक उत्कर्ष को प्राप्त कर लेता है। शिव की शिष्यता में इतना दम है कि मनुष्य जीते जी शिव के चरणों का अनुगामी हो जाता है। उन्होंने कहा कि शिव का शिष्य होने मात्र से मनुष्य मन, क्रम और वचन से भी निर्मल हो जाता है। वह जिस-जिस अभीष्ट चीज का स्मरण करता है, उस चीज को वह जरूर प्राप्त कर लेता है। भाई धनंजय ने कहा कि बिना कुछ सोच और समझे हर मनुष्य को शिव की शिष्यता ग्रहण करना चाहिए। आयोजन में भाई रविन्द्र जी, भाई बसंत जी, भाई आमोद जी, भाई कमलदेव जी, भाई अजीत जी, भाई सीता राम जी, भाई बाबुलाल जी तथा समस्त शिव शिष्य परिवार उपस्थित थे।

# महाकालेश्वर शिव धाम लंगर कोट मुरली पहाड़ी पर भव्य मेला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** महाशिवरात्रि के अवसर पर लंगर कोट गांव स्थित महाकालेश्वर शिव धाम परिसर एवं हुसैनाबाद क्षेत्र शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा पाठ कर सुख-समृद्धि की कामना की.हर-हर महादेव की नारों से क्षेत्र गुलज़ार रहा. लंगरकोट गांव मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम में महंत श्री विनय त्यागी जी के नेतृत्व में शिवरात्रि के अवसर पर जलयात्रा का आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत मंदिर परिसर से की गयी. जलयात्रा में शामिल लोग हर-हर महादेव का नारे लगाते हुए जमुहारी माई मंदिर पहुंचे. जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गयी. पुनः लोग मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया. काफी संख्या में लोगों ने पूजा की. इस अवसर पर वृहत पैमाने पर मेला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रमुख इंदू देवी डॉ



रामचंद्र चौधरी सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता बब्लू कुमार पटेल सुरज कुमार पासवान शिक्षक मनोज कुमार चौधरी अखबार बिक्रेता प्रेमचंद चौधरी उप प्रमुख पुत्र पवन कुमार पटेल दिनेश्वर चौधरी मिथिलेश कुमार सिंह, राहुल ठाकुर, विक्की पटेल, अरविंद शर्मा, गोपाल चौधरी, विकास चौधरी, सुरेंद्र पटेल, गोधन, सुमित, अनूप, युगेश सिंह, लक्ष्मु पटेल अंगद कुमार मृत्युंजय कुमार सिंह समेत समिति के लोग सक्रिय रहे. जबकि जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भक्ति का माहौल बना रहा। साथ ही लोगों ने धाम परिसर में भगवान भोलेनाथ की पूजा की। इस अवसर पर अष्टजाम अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर पंडित शम्भू पाठक, मुख्य यजमान आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन, राजेश्वर सिंह, एनआर सिंह, बिजय कुमार, कुंदन कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद थे। इसके अलावा शहर के महावीर मंदिर, सिंचाई कॉलोनी, नया ठाकुरबाड़ी, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्राचीन शिव मंदिर ऊपरी समेत ग्रामीण इलाकों में भी पूजा पाठ की गयी।

# सन्नी शुक्ला मिले मंत्री मिथिलेश ठाकुर से, की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो युवा मोर्चा पलामू के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने माननीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मुलाकात कर मेधा डेयरी का अनुबंध नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से रद्द करने की मांग की। माननीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आश्वासन देते हुए कहा कि झारखंड सरकार इस पर सकारात्मक रूप से विचार करते हुए फैसला लेगी। झारखंड की सरकार ने मेधा डेयरी का तेजी से विकास किया है जिससे लाखों ग्रामीण और झारखंडवासी लाभान्वित हो रहे हैं।सन्नी शुक्ला ने बताया कि एकीकृत बिहार में सुधा नामक डेयरी प्लांट हुआ करता था। परंतु राज्य के बंटवारे के बाद हमारी सरकार ने झारखंड का अपना डेयरी प्लांट मेधा बनाया। प्रारंभिक अवस्था में प्लांट को चलाने की पूर्ण जानकारी के अभाव में राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा संचालित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ 2014 में अनुबंध किया था यह सीखने के लिए की डेयरी कैसे चलाया जाए, अब झारखंड की सरकार खुद सक्षम है। एनडीडीबी के साथ किए गए करार की सीमा अब ख़त्म हो गई है। एनडीडीबी के द्वारा एक बार पुनः एमओयू कराने प्रयास किया जा रहा है। अब हमारी सरकार और मेधा डेयरी के सभी कर्मचारी अपने दम पर डेयरी चलाने में सक्षम हैं। ऐसे में जिस एन डी डी बी के साथ झारखंड सरकार एम ओ यू कर रही है वह गुजरात से संचालित होती है। अतः मुख्यमंत्री से यह करबद्ध निवेदन है कि एनडीडीबी के द्वारा जो पुनः 5 वर्षो के लिए एमओयू करवाने का प्रयास किया जा रहा है, उसे निरस्त किया जाए।

# खरौंधी प्रखंड से आकाश कुमार बैठा का भूगोल विषय के प्रवक्ता के लिए हुआ चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** गुरुवार को राजधानी रांची में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विभिन्न परीक्षाओं में पास किये अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। जिसमे भूगोल प्रवक्ता (पीजीटी) के लिए पूरे खरौंधी प्रखंड से आकाश कुमार बैठा का चयन हुआ। आकाश कुमार को भूगोल प्रवक्ता की पद मिलने से उनके घर सहित पूरे प्रखंड में काफी खुशी का माहौल है। बताते चले कि आकाश कुमार का घर खरौंधी प्रखंड के लोकल गाँव में ही पड़ता है। आकाश कुमार ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने गाँव खरौंधी में ही सरकारी विद्यालय में मैट्रिक तक किया। फिर उसके बाद उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के लिए अपने घर से दूर रांची में रहकर अपनी तैयारी वर्षो से किया। आकाश कुमार के पिता शिवमंगल



बैठा ने बताया कि हमारे पुत्र आकाश कुमार का भूगोल की प्रवक्ता में चयन होने पर अपने घर सहित पूरे मोहल्ला में काफी खुशी का माहौल है। इसके साथ ही शिवमंगल बैठा ने बताया कि आकाश बहुत ही दिनों से कड़ी मेहनत कर रहा था।जिसका परिणाम आज मिला। मुझे पूरा विश्वास था कि मेरा पुत्र आकाश अच्छा सफलता जरूर पाएगा। इसके साथ ही आकाश ने गुरुजनों और मित्रों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे सफलता में गुरु और माता-पिता का आशीर्वाद रहा है।

# देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी खुर्द में ग्राम पंचायत सचिवालय के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे धूम धाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के मुखिया श्री मती ममता देवी ने की इस कार्यक्रम के कर्ताधर्ता मानव अधिकार मिशन पलामू जिला अध्यक्ष उपेंद्र मेहता उपस्थित बडेपुर के मुखिया सुषमा देवी सुपरवाइजर सीमा झा ग्राम देवरी खुर्द सुरेश मेहता प्रदीप मेहता वार्ड सदस्य बबीता देवी उप मुखिया गुंजन देवी वार्ड गीता शर्मा उषा देवी धर्मशिला देवी पूजा देवी गीत देवी पूर्व पंचायत समिति अनीता देवी रीना देवी देवरी कला पंचायत समिति सदस्य इस कार्यक्रम के सहज योगी अखिलेश कुमार ओझा सत्येंद्र प्रसाद चंद्रवंशी दशरथ मेहता रामसागर मेहता सुजीत कुमार ओझा शिक्षक जयदीप मेहता धर्मेंद्र मेहता अजीत मेहता सत्यम कुमार मेहता अरविंद पासवान सुशील प्रकाश रवि मुकेश रवि शिक्षक सोनू कुमार रवि रोशन मेहता नितेश कुमार मेहता रामदेव राम पंचायत समिति पति सुरेंद्र चौधरी देवरी कला निर्मला पांडे सुशांति देवी गायत्री देवी प्रतिमा देवी शिक्षण शोभा देवी शिक्षण मीना देवी रंजू कुमारी होमगार्ड पूर्व पंचायत समिति अनीता देवी सुमन कुमारी बैंक सखी नेहा कुमारी निक्की कुमारी आशा कुमारी अंजली कुमारी उपस्थित थे।

# शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान महाभंडरे के साथ हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला कोयल नदी तट पर आर शिव घाट किनारे नवनिर्मित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुक्रवार को संपन्न हो गया। यहां बताते चलें कि राम प्रवेश दिक्षित व उनकी धर्मपत्नी ममता दिक्षित के विशेष सहयोग से इस मन्दिर का निर्माण पूर्ण हुआ है। मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्य शिक्षक विनोद दिक्षित ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान मन्दिर परिसर में अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया। साथ ही महाशिवरात्री के दिन महा भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में रवीन्द्र दिक्षित, रितेश दिक्षित, बिगन दिक्षित, प्रमोद दीक्षित, टुनटुन दीक्षित, शिवम दीक्षित, पूर्व सैनिक बनारशी दीक्षित, संतोष दिक्षित, मुना दिक्षित, अनुज दिक्षित, चंदन गिरी, दीपक दीक्षित, कृष्णा गिरी सहित सभी ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

# कुर्मीपुर के प्रभुआ पहाड़ पर धूमधाम से मनी महाशिवरात्रि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के पंचायत कुर्मिपुर के प्रभुआ पहाड़ पर बिगत दस वर्सो से महा शिवरात्रि का महापर्व हर साल धूम धाम से मनाया जाता रहा है। बताते चले हर वर्ष यहाँ मेला भी लगाया जाता है! महा शिवरात्रि के इस दिन यहाँ हजारो की संख्या मे श्रधालु जल चड़ाने एवम पूजा अर्चना करने आते है! वही पहाड़ी के ऊपर अस्थापित शिव जी का शिवलिंग चार क्विंटल असी किलो के ऊपर जलाभिषेक किया जाता है! इस पहाड़ी से क्षेत्र के चारो तरह देखने से किसी पर्यटक अस्थल से कम नही महशूस होती है। हर वर्ष 24 घण्टे का अखंड एवम भंडारे का भी आयोजन आयोजकों द्वारा किया जाता है! पूजा कमेटी अध्यक्ष सुरेश रजवार, कोशा अध्यक्ष उमेश सिंह, विश्वनाथ रजवार, नागदेव सिंह, अनिल चौधरी, हीरालाल पासवान शांति कुँवर, कवलपति कुंवर वो समस्त ग्रामीणों की सहयोग से यह आयोजन कराई जाती है।

# शिव शक्ति का प्रतीक : सिविल सर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** देवों के देव महादेव शिव शक्ति का प्रतीक है. उक्त बातें पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कही. वे कजरी त्रिवेणी संगम तट स्थित महाशिवरात्रि के अवसर मेला में भक्ति जागरण कार्यक्रम उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे. कहा की शिव सृष्टि का कल्याण करते है. श्रृष्टि का प्रतीक भोले शंकर विष पीकर जनकल्याण कर दिए. इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ऊर्फ मंटू सिंह रंजय सिंह, युवा समाज सेवी महाराणा प्रताप सिंह, अनुज सिंह, रमेश सिंह, बजरंग सिंह, दीपक, सुमेर, बिहारी, पवन, अशोक सिंह , शशि कांत सिंह ऊर्फ गुडडू सिंह , मुकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। **बम बम बोल रहा है काशी :** बिहार के सासाराम से पहुंची गायिका निशा गुप्ता ने बम बम बोल रहा है काशी.. गीत से शुरुआत किया. वही चंपा चमेली बेली लाल....गीत से भोला गुप्ता ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया. एक एक बढ़कर भक्ति गीत, नृत्य सहित होली गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# नेशनल हाईवे के द्वारा भोगू से संखा तक रोड का चल रही निर्माण कार्य

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले स्थित भोगू से संखा तक ऐन ऐच आई के द्वारा तेजी से फोरलेन रोड निर्माण कार्य चल रही है, यह रोड बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश को जोड़ती है काफी दिनों के बाद फोरलेन रोड निर्माण कार्य होने से लोगों में काफी खुशी है, क्योंकि आए दिन इस



रोड में काफी संख्या में बड़ी वाहन तथा छोटी वाहन का परिचालन इसी जर्जर रोड से होकर गुजरती थी, जिससे प्राय दुर्घटना घटती रहती थी इस रोड बनने की मांग काफी दिनों से होता चला आ रहा था जो आज पूर्ण होते दिख रहा है पर क्षेत्रीय लोगों का कहना है, रोड निर्माण कंपनी के द्वारा सही तरीके से कार्य नहीं कराई जा रही है अभी से ही रोड फट रहा है जो बन कर तैयार होने पर काफी कमजोर हो जाएगी वही हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडे ने ठीक तरीके से रोड निर्माण कार्य नहीं होने की बात कही, एवं उच्चतम रोड संबंधित पदाधिकारी से रोड की जांच कर सही तरीके से रोड निर्माण कार्य करने की मांग की है।

# सोरहर मोरहर संगम नदी पर धूमधाम से मना महा शिवरात्रि का पर्व

**नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नामुदाग,डुमरी,देवनाह दह ,सोरहर-मोरहर नदी के तट पर विगत कई वर्षो से महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता रहा है। बताते चलें कि प्रत्येक वर्षो भव्य मेले का आयोजन किया गया। नामुदाग मे शिव मंदिर परिसर मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्धघाटन पंचायत के मुखिया श्री जितेंद्र कुमार पासवान मे फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया।

# मां द्वारा कर्ज नही चुकाने पर नाबालिग बेटे का हुआ किडनैप

- ➲ बैंककर्मियों ने दो हफ्ते तक कब्जे में रखा
- ➲ स्थानीय लोगो की मदद से बच्चे को छुड़ाया गया
- ➲ पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्राइवेट फाइनेंस बैंक के माध्यम से जिस महाजनी प्रथा से गरीबों को राहत देने एवं समूह के माध्यम से लोगों को छोटे कर्ज देकर उन्हें स्वावलंबी बनने की परिकल्पना की गई थी। वैसे माइक्रो फाईनेंस बैंक के कर्मी गरीबों का महाजनों से भी ज्यादा उनका शोषण करने में लगे हैं।ऐसा ही मामला अनुमंडल मुख्यालय के हेन्हों मोड़ के निकट संचालित सैटिन माइक्रो फाईनेंस बैंक में सामने आया है। यहां एक मां के कर्ज नहीं चुका पाने पर उसके नाबालिग लड़के को किडनैप कर 14 दिनों तक बैंक में बंधक बनाये रखा गया। हालांकि स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप एवं बच्चे की मां के



द्वारा किसी तरह जुगाड़ कर 3 हजार रुपये बैंक मैनेजर को देने के बाद बच्चे को मुक्त किया गया। नाबालिग भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव का रहने वाला है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चे की मां आशा देवी समूह के माध्यम से बैंक से कर्ज लिया था। कर्ज का पैसा समय पर वापसी में देरी होने पर बैंक मैनेजर निगम यादव के द्वारा उन पर दबाव बनाया गया। किंतु पैसा जुगाड़ नहीं होने पर मैनेजर निगम यादव द्वारा उसके 12 वर्षीय पुत्र को भवनाथपुर थाने के रोहिनियां गांव से अनुमंडल मुख्यालय के हेंहो मोड़ स्थित बैंक में बंधक बना लिया गया। उसकी मां को बोला गया कि जब तक पैसा वापस नहीं होगा, तब तक बेटा मेरे कब्जे में रहेगा। मैनेजर के द्वारा 14 दिनों तक उक्त नाबालिग बच्चे को बैंक में रखा गया तथा उससे काम लिया गया। यहां तक की उससे जूठा बर्तन भी साफ कराया गया। इस दौरान उसकी मां ने बैंक पहुंच कर बैंक कर्मियों से अपने कलेजे के टुकड़े को छोड़ने की गुहार लगाई। लेकिन कर्मियों ने उनकी एक नहीं सुनी। स्थानीय लोगों को लगी इसकी भनक लगी तो लोगों ने बैंक पहुंच कर नाबालिग को मुक्त करने का दबाव बनाया तो बैंक कर्मियों में हड़कंप मच गया। बैंक कर्मियों के द्वारा बच्चे की मां से 3 हजार रुपये लेकर एवं शेष राशि को वापस करने के लिये लिखित लेकर बच्चे को मुक्त कर दिया। उधर गुरुवार की देर रात में इसकी जानकारी मिलने पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बैंक पहुंच कर मामले की छानबीन की तथा बैंक के मैनेजर निगम यादव से थाने में पूछताछ किया। इसके बाद भवनाथपुर थाना को सौंप दिया। भवनाथपुर थाना ने आरोपी निगम यादव को जेल भेज दिया है।

## पिछले दस दिनों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ी

# चोरी की घटनाओं को रोकने में पुलिस विफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय के नगर उंटारी थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की लगातार घटनाएं लगातार हो रही है। चोर आए दिन किसी न किसी के दुकान या घरों पर निशाना लगाकर हाथ साफ करते जा रहे हैं। चोरों के आतंक से शहरवासी काफी डरे सहमे हुए हैं। इन अज्ञात चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की नींद हराम कर कर दिया है। पिछले दस दिनों के भीतर चोरी की पांच घटनाएं चोर अंजाम दे चुके है। गुरुवार को फिर चोरी की घटना का एक मामला और सामने आ गया। नगर ऊंटारी स्टेशन के ठीक सामने किंडरगार्डन एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स स्कूल के निकट दो घरों में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।घटना के संबंध में पीड़ित जंगीपुर रेलवे स्टेशन रोड निवासी सुरेंद्र चंद्र



प्रसाद ने बताया कि रेलवे स्टेशन के सामने नए मकान का निर्माण करा रहे हैं। निर्माणाधीन मकान में दूसरे तल्ला में काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मकान का काम बंद कर रिश्तेदार के यहां शादी में चले गए थे। वहां से लौटने के बाद 6 मार्च को सुबह मजदूर मकान में काम करने आए तो देखा कि एक कमरे में रखा रॉड काटने वाला मशीन, स्टेबलाइजर, रॉड का टुकड़ा लगभग डेढ़ क्विंटल, रिंग, बिजली का तार केबल आदि सामान गायब है।दो घरों में चोरों ने बनाया अंजाम दिया।वहीं चोरी की दूसरी घटना निर्माणाधीन मकान के पश्चिम दिशा में स्थित खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी गांव निवासी कृष्णा ठाकुर के घर में भी चोरों ने चोरी का शिकार बनाया। चोरों ने इस घर से सीलिंग फैन, सोलर प्लेट, बैटरी, वायरिंग करने का तार की चोरी कर ले गए। पीड़ित कृष्णा ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के रेणुकूट में हिंडालको में काम करते थे। वे 29 फरवरी को सेवानिर्वित हुए है। उनके घर में कोई सदस्य नहीं रहते थे। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को सुबह ट्रेन से नगर आया तो देखा कि घर के अंदर सारे दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।वही कमरे में रखे कई सामान तीतर बितर किया हुआ है और घर में रखे कई सामान गायब है। बक्सा का भी ताला तोड़ा गया है। वही चोरों द्वारा छत का पिलर में निकला हुआ रॉड भी काटा गया है। घटना के बाद दोनो पीड़ितो ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए चोरों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर चोरी हुए दोनो मकानों का जानकारी लिया। **लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाये पुलिस को बड़ी चुनौती :** ज्ञात हो कि पिछले 10 दिनों के भीतर चोरी की लगातार घटनाएं हो रही है। इन सक्रिय चोरों ने चोरी को घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे है। जिससे पुलिस को चोर के गिरोह के पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। क्षेत्र में पुलिस गस्त के बाद भी चोरों की सक्रियता के मध्य नजर शहर वासी भयभीत है। अब देखना यह होगा कि पुलिस को चोरों तक पहुंचकर मामले को उद्भेदन करने में कितना बड़ा चुनौती साबित होता है, क्योंकी आए दिन चोर एक से बढ़कर एक घटनाओं को अंजाम दे रहे।

# महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में श्रद्धालुओं का की लगी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड स्थित शिवालयों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से मंगल कामना की प्रार्थना की। प्रखंड के महादानी मंदिर,खुखरा के मुड़हर बाबा,हरिहरपुर के बाबा धाम सहित भिन्न शिव मंदिरो में श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चणा किये। अहले सुबह से ही लोग मंदिरों में कत्तारबद्ध श्रद्धालु भोले बबा की पूजा अर्चना कर रहे थे। वहीं बाबा की भांग व धतूरे के साथ विशेष पूजा अर्चना कर बाबा का जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। महादानी संत्सग समिति द्वारा24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया है। वहीं सन्ध्या में ढ़ोल नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ बेड़ो में नगर भ्रमण करते हुए आकर्षक व भव्य रूप से भगवान शिव की बारात निकाली गई। जहां इनके बारात में नंदी, दैत्य, असुर आदि का रूप धरे दिखे। मौके पर महिलाओ ने शिव के बारात का आरती उतार कर स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद महादानी मंदिर में शिव पार्वती की व्याह रचायी बारातियों सह ग्राम वासियो के लिए भोंग भंडारे का आयोजन किया गया।

# डालसा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी।** झालसा राँची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय कर्रा, खूँटी, में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभअवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कस्तुरबा विद्यालय की बच्चियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने कहा कि महिला दिवस पहली बार 1911 में क्लारा जेटकिन द्वारा मनाया गया था, जो एक जर्मन महिला थीं। उस दिन से पूरे देश में आज ही के दिन अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत सड़क पर दिखते घुमते बच्चे तथा परित्यक्त और शोषित महिलाओं को संरक्षण प्रदान कर उन्हें पुनर्वासित करने का प्रावधान है, बच्चों और महिलाओं के बेहतरीन जीवन के लिए उपरोक्त योजनाओं से संबंधित विभागों और स्वंयसेवी संगठनों के माध्यम से जिले में प्रभावी ढंग से लागू की जा सके इसके लिए आपसी समन्वय और विषय वस्तु की समझ आवश्यक है। बाल कल्याण समिति, खूँटी की अध्यक्षा तनुश्री सरकार ने बच्चियों से कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के पिड़ित एवं शोषित वर्ग के संरक्षण तथा उनके सामान्य जन जीवन हेतु निरंतर प्रयासरत है। जिले में कहीं भी अभिभावकों के देखरेख के अभाव में दिखनेवाले घुमंतू बच्चे या शोषित जरूरतमंद महिलाओं को इन योजनाओं के अर्न्तगत संरक्षण प्रदान कर सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनको मुख्यधारा में लाना प्रमुख उद्देश्य है। बाल विवाह के बारे भी विस्तृत जानकरी दी। इस मौके पर डेप्थ एन0जी0ओ0 नीपा दास ने बच्चियों के साथ यह संकल्प भी लीं कि अभी से ही रोज दर्पन में अपने आप को संवारते हुए कामना करना है कि भविष्य में पढ़ लिख कर एक न एक दिन बड़ा पद हासिल करना है। डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर, बाल कल्याण समिति, खुंटी की अध्यक्षा तनुश्री सरकार, डेप्थ एन0जी0ओ0 नीपा दास एवं अधिवक्ता जुही, डालसा के पी0एल0वी0, मार्शल कन्डुलना, अँजू कच्छप, लक्ष्मी कुमारी, विशाल नाग पवन कुमार मिश्रा, सुकरा तिर्की, सवना तिर्की विद्यालय की वार्डन, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बच्चियों उपस्थित थे।

## अंतरास्ट्रिय महिला दिवस मनाया गया

नामकुम : एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर शिव मंदिर टाटी सिलवे में स्वास्थ्य एवं आस्था का अद्भुत संगम एक्यूप्रेशर मेला जिसका उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने किया ।इन्होंने कहा कि आज धन्य है हम सब लोग की बाबा भोलेनाथ के पूजा के साथ- साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हैं, खासकर वह महिलाएं जो आज सौभाग्य की कामना के साथ अपना स्वास्थ्य पर ध्यान दे रही हैं। आज महिला दिवस है इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटी सिलवे द्वारा महिलाओं को फ्री एक्यूप्रेशर एक महीने के लिए ट्रेनिंग दिया जाएगा। इस मेला में शुगर, बीपी, गठिया ,कमर दर्द ,पेट दर्द ,लकवा पोलियो जैसे कई बीमारियों के कई रोगियों ने लाभ उठाया । शिविर को सफल करने में डॉक्टर ललिता कुमारी, डॉक्टर संदीप कुमार ,डॉक्टर किरण देवी, डॉक्टर अंशिका कुमारी ,अखिल पाठक , राहुल कुमार, संध्या कुमारी इत्यादि लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## पूर्व मंत्री स्व करमचंद भगत की 17वां पुण्यतिथि मनाई




**बेड़ो :** केसीबी कॉलेज में सुक्रवार को आदिवासी छात्र संघ के द्वारा कॉलेज के संस्थापक पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचंद भगत का17वां पुण्यतिथि मनाया गया। मौके पर कॉलेज परिसर स्थित स्व.करमचंद भगत की प्रतिमा ने पुष्प अर्पित किया। आदिवासी छात्र संघ के केंद्रिय अध्यक्ष सुशिल उरांव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में महाविद्यालय खोलने का विशेष मकसद था क्षेत्र के लोगों के छात्र- छात्राओं को शिक्षा मिले और अपने -अपने भविष्य के साथ- साथ सामाज को भी सही मार्ग दिखाए। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं ने एक साथ संकल्प लिया बाबा स्व. करमचंद भगत का सपना को साकार करेंगे। करमचंद भगत के पुत्र राम नारायण भगत पुत्री डॉ जया भगत, विश्वनाथ उरांव, डोरंडा कॉलेज हिस्ट्री विभाग के डॉ मंजू मिंज,प्रो धीरज उरांव, प्रो बिरसा उरांव, अनिल उरांव, संदीप उरांव संतोषी कच्छप, पूनम उराव, ऋतिक उरांव, अनिल उरांव सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भव्य कलश यात्रा में नवनिर्मित श्री श्री शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा:** हुंडरुफॉल परिसर मे नवनिर्मित श्री श्री शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा शिव लिंग स्थापित महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए दो किलोमीटर बुटगोड़ा नदी तक पहुंची। जहां वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ कलशयात्रा शिव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा मे कुचु मुखिया सहदेव बेदिया झारखंड पर्यटन सुरक्षा सिमिति अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद बालेश्वर बेदिया झरिया बेदिया सच्चि मोहन कुम्हार सहित हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चियां व पुरुष कलश यात्रा मे शामिल हुए। कलश यात्रा के उपरांत मंडप पूजन हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन, महिलाओं ने नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** महिलाओं के विकास के बगैर समाज के विकास की कल्पना नहीं जा सकती। आज समाज में महिलाए हर क्षेत्र में बेहतर भूमिका निभा रही हैं। सिल्ली की महिला भी किसी से कम नहीं है। सिल्ली विधान सभा क्षेत्र की महिलाओं में अब पहले से काफी परिवर्तन आ गया है। महिला समिति की सदस्यों में अपने अनुभवों से आत्मनिर्भर हो गई है। सभी महिलाएं अपने काम से समाज में सार्थक योगदान दे रही है। अब महिला के कामों का मूल्यांकन करके उनके लिए और अधिक काम करने की जरूरत है। ये बातें पूर्व उप मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो सिल्ली में आयोजित अंतर्राष्टीय महिला दिवस को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समूह दीदी की आजीविका योजनाओं से समृद्ध समाज का निर्माण में सहयोग कर रही है। अब बारी सिल्ली में मॉडल गांव बनाने की है इसकी भी तैयारी की जा रही है। विधायक ने कहा कि महिलाए मेरी ताकत और क्षमता है। इसे और मजबूत करने की जरूरत है। महिलाओं के उत्थान के लिए और भी कई योजनाएं धरातल पर आने को है। सिल्ली के विकास कार्यो के दम पर झारखंड के विकास में सिल्ली की चर्चा जरूर होती है।इस दौरान महिला समुह के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सर्वप्रथम विधायक ने दीप जलाकर महिला दिवस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने विधायक का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। विधायक ने भी महिलाओं को बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी व गूंज के संयोजक सुनील सिंह ने किया। इस मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुखआरती देवी, बीडीओ रेणु बाला देवी, बीपीएम अनिता राहील टुटी संजय सिद्धार्थ, सविता कमारी, शुशील महतो, भरत देव साय, चारु बाला देवी, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, सोमारी देवी , चारु बाला देवी, पंसस नितु देवी, उर्मिला देवी, समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# रुडसेट संस्थान सिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली मे शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।इस कार्यक्रम का उद्धघाटन मुख्य अथिति श्रीमति मेरी अलमा वार्डेन कस्तूरबा गांधी स्कूल सिल्ली के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।अथिति ने महिलाओं की सम्मान की बात करते हुए सभी महिलाओं को कंधे से कंधे मिलाकर चलने की बात कही। रुडसेट संस्थान के निदेशक ने कहा की काफी लंबी लड़ाई करने के बाद महिलाओं को अपना अधिकार और सम्मान मिला गांवों की महिलाएं भी किसी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है।महिलाए सिर्फ घर में खाना बनाने के लिए नहीं है इन्हे हर क्षेत्र में सम्मान अधिकार होना चाहिए। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, अनामिका लकड़ा, हेमली कुमारी, रमेश कुमार, महेश रोहिदास ,सुनिल मुंडा उपस्थिति रहे।

## हरिमंदिर के समीप कचरे का अंबार



**मुरी :** छोटा मुरी बजार के समीप हरिमंदिर के पास कचरे का अंबार लगा हुआ है। मंदिर के सामने कचरा देखते ही बन रही है।मार्केट के जितने भी दुकान है दुकान मालिकों द्वारा सारा कचरा मंदिर के पास ही जमा कर दिया जाता है साथ ही कचरा पेटी मंदिर के पास ही लगा दिया गया है।इधर एक तरफ सरकार सफाई अभियान में और मंदिरों में लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। लेकिन वहां के लोगों को किसी प्रकार का सफाई से मतलब नहीं है।और मंदिर के पास गंदगी फैला रहे हैं। रोजाना यही देखने को मिलता है।

# पिपरवार मे धुमधाम के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को देवो के देव महादेव भगवान शिव के प्राकट्य एवं विवाह का दिन महाशिवरात्रि बड़े ही श्रद्धा एवं भक्ति से धुमधाम पुर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के बचरा चार नम्बर सिद्धेश्वर नाथ शिव मन्दिर, राय स्थित रामेश्वर नाथ शिव मन्दिर,राय बस्ती स्थित शिव मन्दिर,झारखंडी शिव मंदिर के साथ कल्याणपुर,बेंती, बहेरा,चुरी स्थित मंदिरों में सुबह से ही भगवान शिव को जलाभिषेक करने वाले भक्तों की भीड़ देखी गई।जलाभिषेक करने वालों में महिला एवं अविवाहित युवतियों की संख्या ज्यादा थी।शाम को बचरा चार नंबर स्थित शिव मंदिर प्रांगण से पुरे गाजे बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई।इस दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय सुरक्षा की कमान संभाले देखे गए।वही राय बाजार रामेश्वर नाथ शिव मन्दिर से भक्तों द्वारा विशाल शिव बारात निकाली गई जो राय बस्ती,राय बाजार,स्टेशन रोड होते हुए चुरी स्थित शिव मन्दिर पहुंचा।बारात के चुरी पहुंचने पर वहां श्रद्धालुओं द्वारा बारात का स्वागत करने के बाद मां गौरी और शिव का विवाह संपन्न हुआ।विवाह संपन्न होने पर बाराती मां गौरी को विदा करा कर वापस राय स्थित रामेश्वर नाथ शिव मन्दिर में ले आए। शिव बारात में सड़कों पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा जिसमें महिला पुरुष बच्चे किशोर सभी डीजे की धुन पर नाचते गाते आगे बढ़ रहे थे। इस अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर शिव बारात की खुद निगरानी कर रहे थे।मान्यता है कि इस दिन शिवजी का प्राकट्य हुआ था। इसके अलावा शिवजी का विवाह भी इस दिन माना जाता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर ही भगवान भोलेनाथ ने मां पार्वती संग विवाह किया था। ऐसे में हर एक शिवभक्त इस दिन का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करता है और विधि-विधान के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करता है। वैसे तो हिंदू पंचांग के अनुसार हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर शिवरात्रि आती है और शिव भक्त इस दिन व्रत रखते हुए भगवान भोलेनाथ और मां गौरी की पूजा करते हैं। लेकिन फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि बहुत ही खास होती है। इस दिन महाशिवरात्रि मनाई जाती है। महाशिवरात्रि पर पिपरवार क्षेत्र की सभी शिव मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन और पूजा करने के लिए भारी भीड़ होती है।एक दूसरी धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ पृथ्वी पर आते हैं और सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं। इस तरह से महाशिवरात्रि पर व्रत रखने और शिव उपासना करने से व्यक्ति के कष्ट दूर होते हैं और हर एक मनोकामना पूरी होती है।

# विधायक ने किया कला एवं सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन, सांस्कृतिक कलाकारों को मिलेगा मंच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली के अम्बेडकर पार्क के पास पहाड़ पर बना नव निर्मित कला एवं सांस्कृतिक भवन का गुरुवार को विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु , जिला अभियंता गुप्जितेश्वर राम संवेदक रंधीर सिंह समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हमारी भवन के बन जाने से क्षेत्रीय कलाकारों को मंच मिलेगा। एक ही छत के निचे हमरी सांस्कृतिक कला को जिवंत किया जाएगा। लोक कला हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। कला संस्कृति और परंपरा ही हमारी पहचान है। इसे सशक्त बनाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। ज्ञात हो कि कला भवन की नीव तत्कालीन उपमुख्यमंत्री व वर्तमान विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा साल 2013 में रखी गई थी। इस दौरान कई अपरिहार्य कारणों से एवं कोरोना महामारी के कारण इसका निर्माण कार्य बाधित भी हुआ, लेकिन अब इसे पूरी तरह तैयार कर लिया गया है।कला भवन को आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्राकृतिक सौंदर्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें एक बड़ा ऑडिटोरियम, कलाकारों के लिए होस्टल, कार्यालय भवन आदि का निर्माण किया गया है।

## पुलिस के दबिश से एक घंटा के अंदर अपहृत ठेकेदार हुआ मुक्त

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम से पसेरिया सड़क निर्माण में नागदेवतरी पुल के पास एक ठेकेदार को नकाबपोश लोगों ने अपहरण कर लिया था। ज्ञात सूत्रों के अनुसार अप्रहित दीपेंद्र ने सड़क निर्माण संवेदक से गार्डवाल का कार्य कॉन्ट्रैक्ट में ले रखा है। विजेंद्र को 7 मार्च को लगभग 11ः00 बजे दिन में तीन नकाबपोश अपराधी कार्यस्थल पर आ कर विजेंद्र के कनपटी में रिवाल्वर सटाकर मोटरसाइकिल में बैठाकर मलडीह घाटी की ओर ले गया। बड़कागांव पुलिस को सूचना मिलते ही मलडीह जंगल में पुलिस की दबिश बढ़ गई। पुलिस की दबिश बढ़ते देख अपराधियों ने विजेंद्र को छोड़ दिया। जाते-जाते अपराधियों ने विजेंद्र को धमकी दिया कि हम लोग के आका से संपर्क कर लो अन्यथा अंजाम बुरा होगा।

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

प्रखंड अंतर्गत ढाब पंचायत भवन में अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, मुखिया बैजू तुरी, उप मुखिया सोनी देवी, हैंड इन इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, सहायक प्रबंधक रूपेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्र'वलित एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शांतिप्रिय ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित एवं संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए सजग रहने की जरूरत है। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं आज हैंड इन हैंड इन्डिया की मदद से आत्मनिर्भर होकर ब'चों एवं परिवार का लालन-पालन अ'छे से कर रही हैं।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप नामकुम के शिवलोक धाम मरासिली पहाड़ शिवरात्रि उत्सव मे पहुँचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम के राजाउलातु, उनिडीह शिवलोक धाम मरासिली पहाड़ ट्रस्ट के द्वारा महारुद्र यज्ञ सह विशाल पंचमुखी हनुमान वार्षिकोत्सव पर्व एवं महाशिव रात्रि उत्सव में उपस्थित हुए खिजरी विधायक श्री राजेश कच्छप। शिवलोक धाम मरासिली में पूजा अर्चना कर झारखण्ड राज्य सहित क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि भगवान शिव सभी के कष्टों को दूर कर सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें यही कामना करता हूं। विधायक ने कहा कि मेरे अनुशंसा पर पिछले हेमन्त सोरेन की सरकार में शिवलोक धाम मरासिली पहाड़ को राज्य स्तरीय पर्यटन स्थल की दर्जा दिलाया। आने वाले दिन में बहुत जल्द झारखण्ड सरकार के पर्यटन विभाग से स्वीकृत लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से मरासिली पहाड़ को सौन्दर्यकरण की कार्य किया जायेगा।

## सांसद प्रत्याशी के परिचय बैठक में शामिल हुए भाजपा पिपरवार के कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भाजपा हजारीबाग लोकसभा के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के जन्मोत्सव एवं हजारीबाग लोकसभा के 49 मंडल अध्यक्षों के साथ परिचात्मक बैठक कार्यक्रम में भाजपा पिपरवार मण्डल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने आवास पर अपने जन्मदिन दिवस एवं शिवरात्रि के अवसर पर सभी मंडलों के चुनावी झंडा को विधिवत पूजा अर्चना कर सभी मंडलों में वितरण किया।जिसके बाद 49 मंडल अध्यक्षों के साथ परिचात्मक बैठक किया।पिपरवार भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल से मुलाकात कर उनके जन्मदिवस की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विवेकनंद सिंह,लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत,पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# पांच दिवसीय कृषि प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में एक साथ कई फसल उगाने के लिए मिश्रित खेती, जैविक खाद के प्रयोग, फसलों को रोगमुक्त करने के तरीके व उपचार के लिए दवा सहित कई तरह के जानकारी दिया गया। समापन्न समारोह में पूर्व मुखिया सुनिल कच्छप ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि के विकास के बिना हमारा विकास नहीं हो पाएगा। कृषि हम ग्रामीणों के आय का मुख्य श्रोत है। किसान प्रशिक्षण और नयी तकनीकि का प्रयोग कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। मौके पर पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया, विभाग के कर्मचारी, बिंदेश्वर गोप, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुजूर, अरविंद कुमार, संसका एग्रोटेक पीवीटी लिमिटेड कॉडिनेटर, कृषि विषेशज्ञ व प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# झामुमो ने निकला तोरपा में न्याय यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी।** झामुमो तोरपा प्रखंण्ड अध्यक्ष रोबिन तोपनो के अध्यक्षता में मरचा पंचायत क्षेत्र में न्याय यात्रा निकाली गई।इस न्याय यात्रा में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया बोले पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनकल्याणकारी कार्यो से घबरा कर फर्जी केश दर्ज कर फसाने का कार्य किया है, लेकिन झारखण्ड कि जनता समझ चुकि है।2024मे जनता जवाब देने को तैयार है। झारखंण्ड के हर एक लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं जोड़ने का प्रयास हेमंत सोरेन के द्वारा किया गया है। झामुमो प्रखंण्ड अध्यक्ष रोबिन तोपनो बोले 2024 में लोकसभा और विधानसभा से भाजपा को हटा देना है, भाजपा धर्म और जाति के नाम पर लोगों को विभाजित करने का कार्य करती है। ग्राम प्रधान अमरदीप देमता बोले कि झारखंण्ड में एक मात्र जल जंगल जमीन कि रक्षा करने वाली पार्टी झामुमो ही है।इस न्याय यात्रा में झामुमो प्रखंण्ड उपाध्यक्ष जोनशन आईन्द?, झामुमो पंचायत सचिव सुरेंद्र बरवा, उप मुखिया शांन्ती तोपनो, पंचायत समिति सदस्य सह महीला मोर्चा पंचायत अध्याक्षा, विश्वासी तोपनो सचिव एंजोराम कुल्लु काफि संख्या महीला पुरुष उपास्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 50 बिस्तर वालें धन्वन्तरि आयुष अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शिल्यान्यास



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क़दमा शास्त्रीनगर स्थित मिलन समिति मैदान में आज झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखण्ड द्वारा स्वीकृत 50 बेडेड धन्वन्तरि आयुष अस्पताल निर्माण का स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शिल्यान्यास किया। तक़रीबन 20 करोड़ के लागत से इसका निर्माण होगा। यह अस्पताल पांच मंजिला होगा जो तक़रीबन 16 महीनों मे यह बनकर तैयार हो जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा की आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली हमारे देश की पौराणिक चिकित्सा विधि है,इस विधि से हम अपने शारीरिक शक्ति कों बढाकर खुद ही शरीर कों मजबूत करते हैं ताकि बाहरी बीमारी से हमारा शरीर बचे रहे। मौके पर जिले के उप विकास आयुक्त मनीष कुमार,जिला आयुष पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन भी मौजूद थे।

## आस्तिक महतो ने चिरूडीह में जारी अखंड हरिनाम संकीर्तन में टेका मत्था

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने गुरुवार को बंगाल सीमा से सटे पटमदा की ओड़िया पंचायत के चिरूडीह गांव में आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर मंदिर में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ हरिनाम का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि कलयुग में हरिनाम संकीर्तन ही महायज्ञ इससे पुण्य की प्राप्ति होती है। मौके पर उनके साथ झामुमो नेता आनंदमय महतो, विद्युत महतो, फटिक महतो, बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो आदि मौजूद थे। लौटने के ऋम में उन्होंने बनकुंचिया मोड़ में स्थानीय लोगों के साथ बैठकर हालचाल लिया।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रामकृष्णा फोर्जिंग्स की महिला कर्मचारी हुई सम्मानित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड प्लांट एक में कार्यरत महिला कर्मचारियों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला कर्मियों द्वारा रंगोली बनाकर सजाया गया था। कार्यक्रम की शुभारम्भ कर्मियों द्वारा केक काटकर किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने कहा कि इस वर्ष सरकार की ओर से महिला दिवस पर इंस्पायर इनक्लूजन थीम निर्धारित किया है। महिलाओं के महत्व को समझने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में महिलाएं सभी क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने में सक्षम है। इस मौके पर कंपनी की ओर से महिला कर्मचारियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। मौके पर प्रबंधक सुमन बनर्जी, मेंटेनेंस महाप्रबंधक अरविंद सिंह, एचआर विभाग के रजनीश शर्मा, विवेक कांत, प्रवीण कुमार, शर्मिष्ठा घोष, मृदुला मजूमदार समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## शिवरात्रि पर चलियामा शिव मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवरात्रि के शुभ अवसर पर राजनगर के चलियामा कॉलोनी में स्तिथ शिव मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। जहाँ शिव भक्तों ने श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना की। वहीं चलियामा शिव मंदिर पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रशांत सिंहदेव ने बताया कि यह वर्षो पुराना मंदिर,लेकिन यहाँ सुचारू रूप से पूजा अर्चना 1997 से हो रही है। वहीं शिव मंदिर के सचिव विनय सिंहदेव ने कहा इस मंदिर में विराजमान भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। जो भी सच्चे मन से भगवान की आराधना करते है।भगवान उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करते है।वहीं शिवरात्रि पूजा अनुष्ठान को सफल बनाने में श्री श्री शिव मंदिर पूजा कमेटी चलियामा के अध्यक्ष प्रशांत सिंहदेव, सचिव विनय सिंहदेव, रतनलाल महंती, बीरेंद्र, नकुल नायक,जोगेंद्र नायक,अमर लोहार,जदू लोहार,अविनाश प्रधान,नीलमाधव सिंहदेव,आनंद सिंहदेव, आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## रेलवे सिविल डिफेंस ने सभी महिला वोलेंटियर्स को किया सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटानगर रेल सिविल डिफेंस कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला वॉलंटियर्स को समानता का अधिकार अधिकारों के प्रति जागरूक सम्मान प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला वॉलिंटियर्स को सम्मानित करते हुए सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया की सिविल डिफेंस में ऐसे महिला जवान है जो नागरिक सुरक्षा महाविद्यालय नागपुर और डी एल डब्लू बनारस से प्रशिक्षण लेकर टाटानगर में रेल सुरक्षा आपदा में उन्नत ढंग से कार्य कर रही है ।महिलाओं में जन चेतना जागृत करते हुए कहा आधुनिक समाज की बड़ी समस्या भ्रूण हत्या है वह महिला की दृढ़ निश्चय से ही बंद हो सकती है।



# कुचाई बीडीओ का वाहन दुर्घटना ग्रस्त बीडीओ व चालक घायल, एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां कुचाई मार्ग पर जिलिंगदा गांव के समीप कुचाई बीडीओ का वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने से उसमें सवार बीडीओ साधुचरण देवगम 47 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि वाहन में सवार उनके ममेरा भाई बंजो बानरा 48 वर्ष की मौत हो गयी, घटना में चालक मायका सोय 38 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गया है. घटना शुक्रवार शाम साढे तीन बजे के आसपास की है. मृत्तक बंजो बानरा पुर्वी सिंहभूम के मुसाबनी का रहने वाला है जबकि चालक कुचाई का रहने बाला है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीडीओ साधुचरण देवगम जिलिंगदा पंचायत के मुखिया के यहां आयोजित किसी कार्यक्रम में शामिल होने जिलिंगदा आ रहे थे जैसे ही पुलिया के समीप पहुंचे की विपरित दिशा से एक बस काफी तेजी से आ रही थी, विपरित दिशा से तेज गति से बस आते देख बीडीओ का चालक वाहन पर नियंत्रण खो दिया और सीधे पुलिया के उपर बने पाराफीट में बोलेरो वाहन जा टकराई,. वाहन की गति तेज होने के कारण बीडीओ पुलिया के नीचे गिर गये जिससे उनका हाथ व पैर टुट गया है जबकि शरीर में अंदरूनी चोट आयी है. घटना की सुचना पर स्थानिय लोगों व कुचाई पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को कुचाई सीएचसी लाया गया जहां बीडीओ देवगम को चोट अधिक लगने के कारण सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया है वहीं बंजो बानरा को चिकित्सकों ने मृत्त घोषित कर दिया. घटना चालक को भी चोट लगा है जिसका इलाज सीएचसी में ही चल रहा है. घटना में घायल बीडीओ को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया है।



# दलमा जाने के क्रम में चाकूबाजी करने वाला छपरी गैंग धराया, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल थाना क्षेत्र के फदलोगोड़ा में बीते रात को चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक फदलोगोड़ा का रहने वाला है। घायल कृष्णा सिंह मुंडा को टीएमएच जमशेदपुर में भर्ती कराया गया है। आज स्थानीय लोगों ने चाकूबाजी करने वाले गैंग को पकड़ लिया है। वहीं, चाकूबाजी गैंग के बदमाशों को चांडिल पुलिस को सौंप दिया है। बताया जाता है किदलमा शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर चांडिल एनएच 33 हाइवे फदलोगोड़ा से पैदल मार्ग से होकर श्रद्धालु दलमा हील टॉप की चोटी तक चढ़ते हैं। बीती रात को श्रद्धालुओं को रास्ता दिखाने के लिए वहा पर मौजूद स्थानीय युवक कृष्णा सिंह मुंडा को कुछ बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। बताया जा रहा है कि जमशेदपुर से कुछ युवक नहर के ऊपर से जाने का प्रयास कर रहा था लेकिन स्थानीय युवक कृष्णा सिंह मुंडा ने उन्हें मना किया और नहर के नीचे से जाने को कहा था। इसी बात को लेकर नशे में धुत जमशेदपुर के युवकों ने चाकू मारकर कृष्णा सिंह मुंडा को गंभीर रूप से घायल कर दिया और वहां से दलमा हील टॉप की ओर फरार हो गया था। आज दोपहर को दलमा से लौटने के दौरान स्थानीय लोगों ने हमलावरों को पहचान लिया और उन्हें घेरकर पकड़ लिया। ग्रामीणों ने हमलावरों को चांडिल पुलिस को सौंप दिया है। हमलावरों के पास से कई तरह से धारदार हथियार एवं एक पिस्टल पाया गया है। हालांकि, लोग उसे नकली पिस्टल बता रहे हैं। चांडिल पुलिस सभी हमलावरों को पकड़ कर थाने ले गई हैं, जहां पूछताछ की जा रही हैं।

# इवाना आर्ट जमशेदपुर में खोलेगा आर्ट स्पेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इवाना आर्ट जमशेदपुर में आर्ट स्पेस के उद्घाटन के साथ सांस्कृतिक समृद्धि के एक नए आयाम को अपनाने जा रहा है। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, इवाना आर्ट के संस्थापक जेनी शाह ने कहा कि कला प्रेमियों और संग्रहकर्ताओं तक समान रूप से पहुंचने के लिए, इवाना आर्ट ने रमाडा होटल के साथ समझौता किया है। होटल रमाडा के कला स्थान (आर्ट स्पेस) में देश भर के 100 से अधिक कलाकारों की मूल कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जाएंगी जो देश के जीवंत कला रूपों और विरासत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उभरती प्रतिभाओं से लेकर स्थापित उस्तादों तक कलाकारों की एक विविध श्रृंखला को प्रदर्शित करने की प्रतिबद्धता के साथ, इवाना आर्ट का लक्ष्य ललित कला को किफायती और सुलभ बनाना है। इस अवसर पर होटल रमाडा की रितु कपिला ने कहा कि होटल में कला प्रेमी और आगंतुक आसानी से समृद्ध पेंटिंग और कलाकृतियां खरीद सकते हैं। इवाना आर्ट शनिवार से दो दिवसीय लाइव आर्ट और कला प्रदर्शनी का भी आयोजन कर रहा है। प्रदर्शनी 9 और 10 मार्च को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक जनता के लिए खुली है। लाइव आर्ट दोनों दिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा।




# सरायकेला मंडल कारा में महिला बंदियों के बीच डालसा द्वारा मनाया गया महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मंडल कारा, सरायकेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार द्वारा महिला बंदियों के बीच अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मौके पर उन्होंने बताया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के लिए और किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के मकसद से मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ सीजेएम सरायकेला कवितांजली टोप्पो, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनामिका किसकू, प्रभारी कारा अधीक्षक सतेंद्र कुमार महतो ,ब्रह्मकुमारी पूनम दीदी, डॉ डी के सिंह एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ ,कारा के बंदी, न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला बंदियों के बीच सिलाई मशीन वितरित किया गया तथा उन्हें सिलाई मशीन सीखाने के संबंध में जेल अधीक्षक को दिशा निर्देश दिया गया। उपस्थित महिला कैदियों के बच्चों में खिलौना एवं महिलाओं के बीच महिला से सम्बंधित मैगजींस का भी वितरण किया गया। महिला बन्दियों से ब्रह्मकुमारी पूनम दीदी ने आत्म ज्ञान की बातें बताई। एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ डी के सिंह ने एक्यूप्रेशर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी।



# माझी परगना महाल ने की जमशेदपुर लोकसभा सीट से आस्तिक महतो को टिकट देने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** माझी परगना महाल की एक बैठक शुक्रवार को बोड़ाम प्रखंड के रूपसान गांव में जयराम टुडू के आवास में संपन्न हुई। बैठक में परगना के सदस्यों ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से कर्मठ, जुझारू, मिलनसार, मृदुभाषी एवं कुशल व्यक्तित्व के धनी झामुमो के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो को लोकसभा चुनाव में झामुमो का टिकट देने की मांग की है। इस संबंध में जयराम टुडू ने बताया कि भाजपा के घोषित प्रत्याशी सह सांसद विद्युत वरण महतो को चुनाव में परास्त करने की क्षमता आस्तिक महतो में ही है। उन्होंने कहा कि आस्तिक महतो का लोकसभा क्षेत्र के सभी गांवों के लोगों के साथ मधुर संबंध हैं और पूरे कोल्हान प्रमंडल में लोकप्रिय चेहरा हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें टिकट मिलने से माझी परगना महाल की ओर से तन मन से जिताने का काम किया जाएगा। इस दौरान समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रुप से जयराम टुडू , प्रधान हेंब्रम, बिधान किस्कू ,तिलक बास्के, लम्बोदर हांसदा, श्रावण बेसरा, प्रकाश हांसदा, मकर सोरेन आदि उपस्थित थे ।



# पटमदा के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बूथों का डीएसपी ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बनाये जाने वाले बूथों का भौतिक निरीक्षण शुक्रवार को पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर ने किया। इस दौरान उन्होंने पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़सा पंचायत के नक्सल प्रभावित झुंझका , जामडीह व तुंगबुरु एवं लच्छीपुर पंचायत के चुड़दा - बांसगड़ स्कूल का निरीक्षण किया। डीएसपी ने स्कूल में पेयजल की व्यवस्था, बिजली, चहारदीवारी, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए आने जाने का रास्ता के साथ- साथ सुरक्षा के मद्देनजर सभी बिंदुओं पर बारी बारी से निरीक्षण किया। इस दौरान डीएसपी ने तुंगबुरु स्थित कैम्प का निरीक्षण करते हुए जवानों को लगातार एलआरपी चलाने का निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने कैम्प परिसर को स्वच्छ रखने के लिए निर्देश दिये हैं। निरीक्षण में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी पटमदा अकरम राजा, ए एस आई प्रशांत कुमार समेत सशत्र बल शामिल थे।



### बन्ना गुप्ता ने सोनारी दुमुहानी घाट से कलश यात्रा को किया विदा

**जमशेदपुर :** आज सोनारी दुमुहानी घाट पर आस्था का महासंगम की शुरुआत स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने कलश यात्रा को विदा कर की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाएं हाथ में कलश लेकर भगवान भोले की आराधना और जयकार लगाते हुए स्वर्णरेखा नदी से निकले, जो सोनारी और कदमा के विभिन्न मार्गो से गुजरता हुआ मंदिरों और शिवालयों में जाकर समाप्त हुआ। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि धर्म और आस्था का सोनारी दुमुहानी अद्भुत संगम स्थल बन चूका हैं। इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का बीड़ा मैंने उठाया हैं जिसके कड़ी में स्वर्णरेखा का सौंदर्यकरण हो रहा है। सीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है, साफ सफाई किया जा रहा हैं।

# एमजीएम, जेएनएसी में केक काट कर मनाया गया महिला दिवस, ली मतदान की शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सिने तारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक समाजसेवी पप्पू सरदार द्वारा साकची स्थित एमजीएम हॉस्पिटल एवं जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय (जेएनएसी) परिसर में केक कटिंग कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया गया। दोनों स्थानों पर कार्यरत महिलाओं ने केक काटकर एक-दूसरे को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही महिलाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। एमजीएम हॉस्पिटल में सिस्टर के अलावा कई महिला सफाई कर्मी मौजूद थी। जेएनएसी कार्यालय में महिला सफाई कर्मी के अलावा अन्य महिला कर्मचारी भी उपस्थित थी। मौके पर एमजीएम हॉस्पिटल की डाइटिशियन अनु सिन्हा ने कहा कि आज महिलाओं की सफलता के पीछे उनके घर में मौजूद पुरुषों का बहुत बड़ा सहयोग रहता है। वही मीडिया से बात करते हुए पप्पू सरदार ने कहा कि देश की आधी आबादी देश के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है।



# सार्वजनिक दुर्गा पुजा कमिटी सिदगोड़ा में 2 लाख शिवलिंग का पूजन हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आज सार्वजनिक दुर्गा पुजा कमिटी (फुड प्लाजा) सिदगोड़ा में करीब 2 लाख पार्थिव शिवलिंग का पुजन किया गया। इस अवसर पर 5 व्यक्ति यजमान के रुप में एवं 1 व्यक्ति मुख्य यजमान थे। मुख्य यजमान के रुप में दिलिप कुमार झा एवं यजमान के रूप में राजेंद्र कर्ण, चन्दभाल, रवि रंजन, रविन्द्र मिश्र एवं मिथलेश कुमार झा थे। 3 पण्डित ने मिलकर पुजा सम्पादित कराया। आचार्य गोविंद झा के संग पण्डित दामोदर एवं अनिल मिश्र थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहन ठाकुर महासचिव धर्मेश कुमार झा के अलावा कार्यकर्ता आर्यन, विकास, शिवम बिलास, देवेन्द्र झा प्रणय झा, रोशन कुमार सत्यम झा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर समस्त जमशेदपुर के मिथिला समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में रही भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिवमय हुआ पूरा क्षेत्र, सरायकेला सहित आस पास के क्षेत्र स्थित छोटे एवं बड़े सभी शिवालयों में सूर्योदय पूर्व से ही जलाभिषेक करने वाले कतार में नजर आए। इस भीड़ में महिला एवं पुरुष सहित युवा व किशोर हर आयु वर्ग के भक्तों की भीड़ रही। सरायकेला के कुदरसाही एवं माजना घाट स्थित शिवालय में अन्य शिवालयों की अपेक्षा अधिक भीड़ रही। भीड़ को नियंत्रित कर कतार में रखने हेतु मंदिर के स्वयं सेवक सक्रिय रहे। प्रशासन द्वारा भी महिला पुलिस सहित जवानों की तैनाती की गई थी। परंपरा अनुसार रात के समय भोलेनाथ एवं माता पार्वती के विवाह की रश्म भी विधिवत पूजा अर्चना सहित पूर्ण किया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार चतुर्दशी की तिथि दो दिनों तक रहने के कारण शनिवार को भी अनेक भक्त बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

# विवेक विद्यालय में अंतराष्ट्रीय नारी दिवस धूमधाम से मना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विवेक विद्यालय के सभी शिक्षिकाए, ऑफिस स्टाफ एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ नारी सशक्तिकरण पर आधारित एक सुंदर गीत से हुआ। एकल गीत एवं नृत्य, समवेत गीत एवं नृत्य तथा विभिन्न प्रकार के गेम का आयोजन किया गया। सभी लोगो ने नारी दिवस के रंगारंग आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह ने अपने भाषण मे नारी दिवस की शुभकामनाए दी। तथा विद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षेत्र मे उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए धन्यवाद किया। अंत मे उन्होने विजेताओ को सम्मानित किया।



# सदर अस्पताल कर्मी के घर ताला तोड़कर जेवरात सहित लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के खीरी गांव में गुरुवार की देर रात को अस्पताल कर्मी बुद्धेश्वर महतो का घर का ताला तोड़कर घर में रखे बॉक्स, अलमारी, पलंग के अंदर रखे जेवर सहित लाखों की समानों को लेकर फरार हो गया। शुक्रवार को घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व जांच में जुटी। मिली जानकारी के अनुसार खीरी गांव निवासी बुद्धेश्वर महतो चाइबासा के सदर अस्पताल में एकाउंटेंट है। वह चाइबासा में ही परिवार के साथ रहते हैं चोरों ने अलमारी को तोड़कर सोना चांदी के गहनों को भी चोरी कर लिया गया है। चोरी करने से पहले अगल बगल के घरों में बाहर में ताला लगा दिया गया था। वहीं अज्ञात चोरों द्वारा खीरी और बामनडीह गांव में 4-5 घरों का भी ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया था। वहीं बुद्धेश्वर महतो ने बताया कि बीते रात को अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे जेवरात सिलवर, कांस्य का गागरा,लोटा, थाली आदि करीब 4 लाख का समानों को ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ थाना को लिखित सुचना दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि मामले की हर पहलू की गहनता से जांच किया जा रहा है, जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा।



संपादकीय

# भारत विरोधी द्रमुक

**तमिलनाडु** में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक न केवल सनातन-विरोधी है, बल्कि भारत-विरोधी भी है। संविधान धार्मिक आस्था और पूजा-पद्धति की अनुमति तो देता है, लेकिन भारत-विरोध का कोई प्रावधान नहीं है। भारत-विरोध के मायने हैं कि आप देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता और राष्ट्र के तौर पर अपमान कर रहे हैं। कोई साजिश रच रहे हैं। उन्हें चुनौती दे रहे हैं। यह सरासर देशद्रोह है और नई न्याय संहिता में इस अपराध की सजा स्पष्ट हो जाएगी। यह संहिता 1 मार्च से देश भर में लागू हो रही है। द्रमुक सरकार ने एक विज्ञापन छपवाया है, जो इसरो लॉन्च पैड से संबंधित था। विज्ञापन में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री स्टालिन के चित्र छपे थे। उनके बीच एक रॉकेट पर चीन का लाल झंडा छापा गया था। विज्ञापन सरकारी और देश के प्रधानमंत्री के चेहरे के साथ छापा गया था। तमिलनाडु अखंड और आजाद भारत का एक राज्य है। द्रमुक भी भारतीय निर्वाचन आयोग में पंजीकृत एक राजनीतिक पार्टी है। उसे उस जनता का जनादेश प्राप्त है, जो भारत के तमिलनाडु में रहती है। उसी जनता के टैक्स से सरकारें चलती हैं और सरकारी विज्ञापन छपवाए जा सकते हैं। तो सवाल है कि इसरो से जुड़े विज्ञापन में चीन का झंडा क्यों छापा गया? यह भारत देश, इसरो के वैज्ञानिकों, इसरो की अंतरिक्ष में उपलब्धियों का सार्वजनिक अपमान है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने बेहद आक्रामक अंदाज में, तमिलनाडु में जनसभा को संबोधित करते हुए, यह मुद्दा उठाया और कहा कि द्रमुक सरकार ने तमाम हदें पार कर दी हैं। बेशक मुख्यमंत्री स्टालिन और द्रमुक की वैचारिकता वामपंथी हो सकती है, वे उसी के आधार पर वोट भी मांग सकते हैं, लेकिन सरकारी काम संविधान से ही संचालित होते हैं और संविधान किसी भी स्तर पर चीन के झंडे के सरकारी इस्तेमाल की इजाजत नहीं देता। यह संविधान का ही प्रावधान है कि विदेश, रक्षा, वित्त और संचार से जुड़े विशेषाधिकार भारत सरकार के पास ही होंगे। उस तरह द्रमुक सरकार ने संविधान का भी उल्लंघन किया है। संविधान के खिलाफ जाकर कोई भी सरकार अस्तित्व में नहीं रह सकती। सवाल है कि तमिलनाडु की द्रमुक सरकार के खिलाफ कोई संवैधानिक कार्रवाई भारत सरकार करेगी या चीख-चीख कर भाषण देने से ही काम चलाया जाएगा? मुख्यमंत्री के मंत्री-पुत्र, द्रमुक के मंत्रियों-सांसदों ने सनातन धर्म को गालियां दीं, उसके समूल नाश की हुंकारें भरीं और उसके लिए भद्दे उपमान भी इस्तेमाल किए गए, तो भी उन्हें सहन कर लिया गया। अलबत्ता हर स्तर पर थू-थू कर द्रमुक नेताओं की खूब आलोचनाएं जरूर की गईं। यदि तमिलनाडु वाकई सनातन-विरोधी है, तो वहां भगवान श्रीराम के प्राचीन और पूजनीय, विख्यात मंदिर क्यों हैं? उन मंदिरों में 'रामायण' के पाठ और पूजा लगातार क्यों होती रहती है? तमिल लोग भगवान शिव की आराधना के लिए काशी क्यों आते रहते हैं? किसी द्रमुक नेता ने बयान दिया कि चीन भारत का दुश्मन देश घोषित नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी चीन के प्रधानमंत्री को भारत आने का आमंत्रण दिया था। यह बयान हास्यास्पद है। यदि चीन दुश्मन देश नहीं है, तो क्या इसरो के प्रोजेक्ट पर उसका लाल झंडा लगने दें? दरअसल चीन को लेकर हमारे देश में कई तरह की सोच हैं। जब शी जिनपिंग तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बनाए गए, तो हमारे प्रधानमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं तक नहीं भेजी थीं। उन्हें पता था कि किस तरह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में ऐसा प्रस्ताव पारित किया गया और किस तरह संविधान में संशोधन कर शी की ताजपोशी की गई। लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने शी जिनपिंग को न केवल बधाई भेजी, बल्कि सोशल मीडिया पर भी एक बयान लिखा। वामपंथी दल और कांग्रेस की राजनीतिक सोच भी चीन के प्रति ऐसी रही है। बहरहाल अब मुद्दा चीन के लाल झंडे का है।

> तमिलनाडु अखंड और आजाद भारत का एक राज्य है। द्रमुक भी भारतीय निर्वाचन आयोग में पंजीकृत एक राजनीतिक पार्टी है। उसे उस जनता का जनादेश प्राप्त है, जो भारत के तमिलनाडु में रहती है। उसी जनता के टैक्स से सरकारें चलती हैं और सरकारी विज्ञापन छपवाए जा सकते हैं। तो सवाल है कि इसरो से जुड़े विज्ञापन में चीन का झंडा क्यों छापा गया? यह भारत देश, इसरो के वैज्ञानिकों, इसरो की अंतरिक्ष में उपलब्धियों का सार्वजनिक अपमान है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने बेहद आक्रामक अंदाज में, तमिलनाडु में जनसभा को संबोधित करते हुए, यह मुद्दा उठाया और कहा कि द्रमुक सरकार ने तमाम हदें पार कर दी हैं। बेशक मुख्यमंत्री स्टालिन और द्रमुक की वैचारिकता वामपंथी हो सकती है, वे उसी के आधार पर वोट भी मांग सकते हैं, लेकिन सरकारी काम संविधान से ही संचालित होते हैं और संविधान किसी भी स्तर पर चीन के झंडे के सरकारी इस्तेमाल की इजाजत नहीं देता। यह संविधान का ही प्रावधान है कि विदेश, रक्षा, वित्त और संचार से जुड़े विशेषाधिकार भारत सरकार के पास ही होंगे। उस तरह द्रमुक सरकार ने संविधान का भी उल्लंघन किया है। संविधान के खिलाफ जाकर कोई भी सरकार अस्तित्व में नहीं रह सकती।

### बंगाल में इतिहास एक बार फिर अपने आप को दोहराने के मुहाने पर आ गया है

# संदेशखाली का संदेश और तृणमूल का 'शाहजहाँ'

कुलदीप चन्द अग्निहोत्री

**पश्चिमी** बंगाल के एक ग्राम नंदी ग्राम को उस गाँव के लोगों के सिवा कोई नहीं जानता था । लेकिन सारी दुनिया के वे लोग जो विश्व के सामाजिक आन्दोलनों में रुचि रखते हैं , नंदी ग्राम को जानते हैं । नंदी ग्राम के लोगों ने पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार की तानाशाही का विरोध लाठी गोली खाकर भी किया था । लम्बे अरसे से सरकार में बने रहने के कारण कम्युनिस्टें ने सर्वहारा की तानाशाही का अर्थ सीपीएम की तानाशाही ही समझ लिया था । लेकिन उस वक्त नंदी ग्राम में तानाशाही के खिलाफ इस आन्दोलन का नेतृत्व तमाम ख़तरे उठा कर भी वह ममता बनर्जी कर रही थी जिसमें सीपीएम को अपदस्थ करके कोलकाता के राईटरज भवन पर कब्जा किया था । उस वक्त सत्ता के नशे में मदहोश कम्युनिस्ट नंदी ग्राम के संदेश को पकड़ नहीं पाए थे । इसका एक कारण यह भी था कि उनका सम्बध प्रदेश की आम जनता से टूट चुका था । लगता है बंगाल में इतिहास एक बार फिर अपने आप को दोहराने के मुहाने पर आ गया है । जिला चौबीस परगना का संदेशखाली, जो सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, पिछले लगभग एक मास से सुर्खियों मे है । सुर्खियों में रहने का कारण तृणमूल कांग्रेस के एक बड़े नेता शाहजहाँ शेख के व्यवहार से हुआ लेकिन जब ज्वालामुखी फटा तो उसके नीचे से शाहजहाँ द्वारा बनाया गया ऐसा नर्क सामने आया जिससे किसी का भी दम घुटने लगे । शाहजहाँ तृणमूल कांग्रेस का नेता है और पार्टी की ओर से जिला परिषद का निर्वाचित सदस्य है । उसके अनेक प्रकार के धन्धे हैं । उनमें से एक मनी लांड्रिंग का भी है । मनीलांड्रिंग का अर्थ है काले धन को सफ़ेद करना । यानि नाजायज़ साधनों से प्राप्त नाजायज़ काले धन को सफ़ेद बनाना । हिन्दी वाले इसे धन शोधन कहते हैं ,यानि धन को शुद्ध करना । पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मनी लांड्रिंग के मामलों को लेकर उसके घर छापा मारा था । अलबत्ता जब ईडी के बड़े अधिकारी शाहजहाँ शेख के घर पहुँचे तो उसने उनके स्वागत के लिए पुराने मुगल बादशाह शाहजहाँ की तरह की ही व्यवस्था कर रखी थी । उसके लोगों ने ईडी के अधिकारियों को घेर लिया और दौडा दौड़ा कर पीटा । किसी की यह हिम्मत कि शाहजहाँ के महल पर छापा मारे ? ऐसा लगता है कि ममता बनर्जी की पुलिस भी शाहजहाँ शेख को मुगल बादशाह शाहजहाँ ही समझ रही थी । पुलिस ने ईडी के अधिकारियों की मदद करने की बजाए उन पर हमला कर रही शाहजहाँ की सेना की ही मदद करनी शुरु की । इतना ही नहीं ईडी के अधिकारियों पर केस दर्ज कर दिया कि उन्होंने शाहजहाँ के महल में चोरी की है । पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आग उगलनी शुरु कर दी । उनके लिए यह जरुरी था क्योंकि उनके आसपास के लोग उन्हें अग्निकन्या कहते हैं । अग्निकन्या का कहना था कि केन्द्र सरकार उनकी पार्टी के लोगों को बिना कारण के तंग कर रही है । लेकिन शाहजहाँ शेख इतना मूर्ख नहीं था । वह समझ गया था कि अग्निकन्या को अन्दाज़ा नहीं कि मामला ज्यादा बढ़ गया है । अब वह ममता बनर्जी की छत्रछाया में रहकर भी बच नहीं पाएगा । मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है । इसलिए वह संदेशखाली में अपना महल और सिंहासन छोड़ कर भाग निकला । अब भाग निकला या पुलिस ने ही भगा दिया , यह अपने आप में अलग जाँच का विषय है । वैसे ममता की पुलिस का कहना है कि वह उसे तलाश करने में आकाश पाताल एक कर रही है । जब वहाँ के लोगों को यक़ीन हो गया कि शाहजहाँ शेख अपनी खाल बचाता घूम रहा है तो उनमें भी अपना दर्द बयान करने का साहस आ गया । लेकिन जब वहाँ की औरतों ने अपना दर्द बयान करना शुरु किया तो सचमुच भूकम्प आ गया । उनका कहना था कि तृणमूल के कार्यकर्ता बाक़ायदा घरों में जा जाकर सर्वे करते हैं । सरकार अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं को असली ग़रीबों तक पहुँचाने के लिए यदि सर्वे कर रही है तब तो इसका स्वागत ही होना चाहिए । लेकिन पता चला की शाहजहाँ के कार्यकर्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिए सर्वे नहीं कँपते बल्कि परिवारों में सुन्दर विवाहित/अविवाहित औरतों की तलाश में सर्वे करते हैं और जहाँ से भी सुन्दर औरत मिलती है , उसको उठाकर ले जाते हैं और सामूहिक बलात्कार करते हैं । उनका अपहरण करते हैं । कई परिवार तो शाहजहाँ के इस सर्वे के आतंक से अपनी युवा लड़कियों को बाहर रिश्तेदारों के पास भेजने लगे थे । यह भी आरोप लग रहे हैं कि इस सर्वे का शिकार हिन्दु लड़कियाँ ही होती थीं । इतने साथ सामूहिक बलात्कार होता था । इनके पतियों को या तो भगा दिया जाता था या फिर उन्हें वक्त से समझौता करना पड़ता था । और उस मामले में उस वक्त का नाम शाहजहाँ था । इतना ही नहीं लड़कियों को उठा लेने के बाद धीरे धीरे उनकी जमीन जायदाद पर भी कब्जा कर लिया जाता था । उन सब के लिए संदेश खली एक जीता जागता दोजख बन गया था । यह शाहजहाँ की वह 'सरकार' थी जहाँ हिन्दु औरतों को सैक्स के लिए दास बना लिया गया था । लगता है सत्ता के लालच में उन्होंने बंगाल के कुछ हिस्सों की ठेकेदारी कुछ शाहजहाँ जैसे ठेकेदारों को सौंप रखी है जो अपने इलाक़े की एक मुश्त वोटें 'अग्निकन्या' को दिलवा दें , उसके बाद वे अपनी 'रिआया' के साथ वह सब कुछ करें जो शाहजहाँ और उसकी सर्वे टीम संदेशखली में कर रही है । लेकिन ममता बनर्जी के लिए इन चीज़ों का कोई अर्थ नहीं है । वे संदेशखली को इस प्रकार देख रही थी जिस प्रकार कभी सीपीएम नंदी ग्राम को देखा करता था । वे संदेशखली की औरतों की पीड़ा या तो समझ नहीं पाई या फिर सत्ता के अहंकार में समझना नहीं चाहतीं । ध्यान रखना चाहिए कि संदेशखाली कोलकाता से महज़ 70 किलोमीटर दूर है । कोलकाता की नाक के नीचे "शाहजहाँ" ने वहाँ की महिलाओं के लिए जितना भयंकर नर्क तैयार किया हुआ था , वह सरकारी मशीनरी की प्रत्यक्ष – परोक्ष सहायता के बिना सम्भव नहीं है । पता चला है पुलिस यौन शोषण के प्रत्यक्ष गवाह माँग रही है । ममता बनर्जी ने संदेशखली की इन महिलाओं को सबक़ सिखाने की सोची । इन औरतों की इतनी हिम्मत की तृणमूल के "शाहजहाँ" को ललकारें । इसलिए ममता ने संदेशखली में किसी के भी जाने पर ही पावन्दी लगा दी । धारा 144 लगा दी । यानि तगड़ा मारे भी और रोने भी न दे । पत्रकारों को रोका ही नहीं गया बल्कि उनको कैमरों के सामने ही गिरफ्तार कर लिया । पश्चिमी बंगाल विधान सभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी को संदेशखाली जाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट जाना पड़ा ।



> नंदी ग्राम के लोगों ने पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार की तानाशाही का विरोध लाठी गोली खाकर भी किया था । लम्बे अरसे से सरकार में बने रहने के कारण कम्युनिस्टें ने सर्वहारा की तानाशाही का अर्थ सीपीएम की तानाशाही ही समझ लिया था । लेकिन उस वक्त नंदी ग्राम में तानाशाही के खिलाफ इस आन्दोलन का नेतृत्व तमाम ख़तरे उठा कर भी वह ममता बनर्जी कर रही थी जिसमें सीपीएम को अपदस्थ करके कोलकाता के राईटरज भवन पर कब्जा किया था । उस वक्त सत्ता के नशे में मदहोश कम्युनिस्ट नंदी ग्राम के संदेश को पकड़ नहीं पाए थे । इसका एक कारण यह भी था कि उनका सम्बध प्रदेश की आम जनता से टूट चुका था ।

दृष्टि कोण

# राहुल की यात्रा ने जबसे कदम आगे बढ़ाये हैं तबसे उनकी पार्टी पीछे जा रही है

**राहुल** गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है। जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गए। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता- असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में षामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दो बार खुद लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके अशोक चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता था। वहीं असम में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजा गोस्वामी ने भी बीते दिनों पार्टी को अलविदा कह दिया है। कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडी अलायंस गठबंधन को सबसे बड़ा झटका नीतीश कुमार ने दिया है। जेडीयू ने बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के टूटने के लिए कांग्रेस की हठ और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। जेडीयू ने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को मजबूत करने में लगे थे, विपक्षी गठबंधन को नहीं। पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन टूट गया। बिहार में महागठबंधन की एक बड़ी रैली प्रस्तावित थी, लेकिन यहां राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार की जदयू ने पाला बदल लिया और भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली। राजद विपक्ष में आ गई। उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। बीते कई दिनों से उनके बीजेपी के साथ जाने की अटकलें थीं। चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और एनडीए के साथ चले जाएंगे। जयंत चौधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ खड़े दिखाई देंगे।



कुछ अलग

## साक्षरता का मतलब सिर्फ दस्तखत करना नहीं

**76** साल की उम्र में रामचंदर म्हस्कर ने जिला सामाजिक चेतना केंद्र का रुख किया, जहां दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने स्वतंत्र रूप से अक्षर और संख्याएं लिखीं। उनके चेहरे की खुशी शब्दों से परे एक आंतरिक संतुष्टि की झलक है, एक ऐसा उत्साह जो केवल साक्षरता से ही प्राप्त किया जा सकता है। रामचंदर की शैक्षिक यात्रा जो गरीबी के कारण रुक गई थी, अब साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' से फिर शुरू हो गई है। ऐसे अनेक उदाहरण बताते हैं कि साक्षरता एक गतिशील प्रक्रिया है, जिसकी परिणति आजीवन सीखने में होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वर्तमान दशक भारत के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण अवधि है, विशेष रूप से 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की आकांक्षाओं को साकार करने में। 'विकसित भारत' की एक अनिवार्यता है कि देश का हर नागरिक साक्षर हो और प्रगति में हिस्सेदार बने। इसके लिए जरूरी था निरक्षरता से निपटने के लिए हमारे दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन। यह पुनर्मूल्यांकन 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' की शुरुआत में परिणत हुआ। अप्रैल 2022 में भारत सरकार ने 'सभी के लिए शिक्षा' पर विशेष ध्यान देने के लिए 'नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम' शुरू किया। यह कार्यक्रम NEP-2020 के विजन पर आधारित है। अब महज हस्ताक्षर करना ही साक्षरता नहीं होगा। 'उल्लास' केवल बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करने की पारंपरिक धारणा से परे है। अब तक की योजनाओं में प्रौढ़ शिक्षण देने के लिए वेतन का प्रावधान था। 'उल्लास' के मूलभूत सिद्धांतों में से एक स्वैच्छिक शिक्षण प्रदान करने का नया दृष्टिकोण है। यह भारत में साक्षरता प्राप्त करने के लिए सबसे प्रभावी साधन के रूप में सामने आया है, क्योंकि यह राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस प्रयास में संलग्न करता है। इस प्रकार हम अगली जनगणना तक 100% साक्षरता प्राप्त करने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। दूसरा नया प्रयोग है उल्लास में डिजिटल और ऑनलाइन पठन-पाठन। 'उल्लास' नाम का एक ऐप बनाया गया है ताकि शिक्षार्थी और स्वयंसेवी अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी और कभी भी पढ़ और पढ़ा सकें। 'उल्लास' ऐप पर शिक्षार्थी और स्वयंसेवी स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं। वॉयस ओवर, ऑडियो बुक्स जैसी विशेषताओं के साथ डिजाइन किए गए यूजर फ्रेंडली मोबाइल ऐप से शिक्षार्थी और स्वयंसेवक NCERT के दीक्षा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध शिक्षण सामग्री तक आसानी से पहुंच सकते हैं, जो 22 भाषाओं में उपलब्ध है। इस पर अब तक 6 महीने में देश भर में 1 करोड़ 9 लाख से अधिक शिक्षार्थियों और 32 लाख से अधिक स्वयंसेवियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। शिक्षार्थियों का मूल्यांकन करने के लिए वर्ष में दो बार परीक्षा होती है। कार्यान्वयन के एक वर्ष के बाद इस राष्ट्रव्यापी प्रयास के परिणाम मार्च 2023 में आए, जब 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 23 लाख नए शिक्षार्थियों ने पहली बार परीक्षा दी। दूसरी मूल्यांकन परीक्षा 24 सितंबर 2023 को हुई, जिसमें राज्यों से 17 लाख नव–शिक्षार्थियों ने भाग लिया। इसी प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद का अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को दिया गया निर्देश, जिसमें कहा गया है कि सभी अध्यापक, शिक्षा कार्यक्रम के छात्र, शिक्षक के रूप में कम से कम 8-10 शिक्षार्थियों को पढ़ाएंगे जो कि कोर्स का हिस्सा होगा। इसके अलावा UGC और AICTE ने भी सभी कॉलेजों को स्वयंसेवक शिक्षकों के लिए क्रेडिट देने का निर्देश दिया है।

देश दुनीया से

## घातक है कैंसर पीड़ितों की संख्या

> कैंसर रोग की गंभीरता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस बार के बजट में कैंसर रोगियों के लिए हमीरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 100 करोड़ रुपए की लागत से राज्य कैंसर संस्थान चलाने का फैसला किया है। इसका लाभ भविष्य में कैंसर रोगियों और उनके परिजनों को मिलेगा और रोगियों को प्रदेश के बाहर जाकर उपचार करवाने की जरूरत नहीं रहेगी। स्पष्ट है कि राज्य सरकार कैंसर पीड़ितों की बढ़ती संख्या को लेकर न केवल चिंतित है बल्कि कैंसर उपचार की दिशा में जिला अस्पतालों और आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में कैंसर डे केयर सेंटर और आईजीएमसी शिमला में उन्नत रेडियोथेरेपी उपचार प्रदान करने के लिए लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन की स्थापना भी करने जा रही है।

**कैंसर** अब दुनिया भर में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण बन चुका है। कैंसर रोग की गंभीरता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस बार के बजट में कैंसर रोगियों के लिए हमीरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 100 करोड़ रुपए की लागत से राज्य कैंसर संस्थान चलाने का फैसला किया है। इसका लाभ भविष्य में कैंसर रोगियों और उनके परिजनों को मिलेगा और रोगियों को प्रदेश के बाहर जाकर उपचार करवाने की जरूरत नहीं रहेगी। स्पष्ट है कि राज्य सरकार कैंसर पीड़ितों की बढ़ती संख्या को लेकर न केवल चिंतित है बल्कि कैंसर उपचार की दिशा में जिला अस्पतालों और आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में कैंसर डे केयर सेंटर और आईजीएमसी शिमला में उन्नत रेडियोथेरेपी उपचार प्रदान करने के लिए लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन की स्थापना भी करने जा रही है। इसके साथ ही सरकार ने अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली स्थापित करने का फैसला किया है। शिमला के सबसे बड़े कैंसर अस्पताल के लिए अब 25 करोड़ रुपए की लागत से लीनियर एक्सेलरेटर मशीन स्थापित करने की तैयारियां जोरों पर हैं। यह आधुनिक मशीन अमरीका से आई है। चूंकि प्रदेश में कैंसर मरीजों का आंकड़ा बढ़ रहा है लिहाजा यह नई मशीन रेडिएशन देने में काम आएगी। ऐसा अनुमान है कि हिमाचल में प्रतिवर्ष 2000 लोग कैंसर की चपेट में आ रहे हैं। शिमला के सबसे बड़े कैंसर अस्पताल की अगर बात की जाए, तो यहां एक साल के अंदर 650 ब्रेस्ट कैंसर के ही मरीज ईलाज हेतु आ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार महिलाओं में सबसे अधिक गर्भाशय, स्तन और अंडाशय कैंसर देखने को मिलते हैं जबकि पुरुष सबसे अधिक फेफड़े, गले और मुंह के कैंसर की चपेट में आते हैं। गुदा एवं गाल ब्लैडर कैंसर के भी मामले सामने आ रहे हैं। अभी गत चार फरवरी को पूरे विश्व में कैंसर दिवस मनाया गया है। लिहाजा यह जरूरी है कि हिमाचल सहित भारत के नागरिकों में कैंसर जैसे नामुराद रोग के प्रति जागरूकता का संचार किया जाए। कैंसर कई तरह का होता है और हर कैंसर के होने के अलग-अलग कारण हैं, लेकिन कुछ मुख्य कारण ऐसे भी हैं जिनसे कैंसर होने का खतरा किसी को भी हो सकता है। इनमें वजन बढना या मोटापा, अधिक शारीरिक सक्रियता न होना, एल्कोहल और नशीले पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करना, कैंसर में पौष्टिक आहार न लेना, अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल न करना इत्यादि है। किसी गंभीर बीमारी के कारण भी आपको कैंसर हो सकता है। शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि को कैंसर का कारण माना जाता है। कैंसर के सौ से भी अधिक रूप हैं। इनमें स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर इत्यादि मुख्य हैं। भारत में कैंसर के मामले में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुमानित वैश्विक कैंसर आंकड़ों के अनुसार 2022 में भारत में 14.1 लाख से अधिक नए कैंसर के मामले सामने आए और इसकी वजह से 9.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। वहीं वैश्विक स्तर पर दो करोड़ नए कैंसर के मामले देखे गए। डब्ल्यूएचओ की कैंसर एजेंसी आइएआरसी अर्थात इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने 185 देशों और 36 तरह के कैंसर का विश्लेषण कर आंकड़े जारी किए है। आंकड़ों में कैंसर से मृत्यु का जोखिम यूरोप में सबसे अधिक 11.5 प्रतिशत देखा गया। एशिया 9.3 प्रतिशत के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर है। आइएआरसी के अनुसार भारत में नए मामलों में सबसे अधिक 27 प्रतिशत स्तन कैंसर के मामले थे। इसके बाद सर्वाइकल कैंसर 18 प्रतिशत महिलाओं में सबसे ज्यादा देखा गया। पुरुषों में होंठ, ओरल कैविटी और फेफड़े के कैंसर के मामले सबसे अधिक देखे गए। वहीं वैश्विक तौर पर महिलाओं में स्तन कैंसर दूसरा 11.6 प्रतिशत सबसे आम तौर पर होने वाला कैंसर है और वैश्विक कैंसर से होने वाली मौतों में इसका योगदान लगभग सात प्रतिशत है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) द्वारा वैश्विक स्तर पर कैंसर की व्यापकता पर जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 75 वर्ष की आयु से पहले कैंसर से मरने का जोखिम 7.2 फीसदी है। डब्ल्यूएचओ ने 115 देशों के सर्वेक्षण परिणाम भी प्रकाशित किए हैं जिसमें बताया गया है कि अधिकांश देश सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के हिस्से के रूप में प्राथमिकता वाले कैंसर और उपशामक देखभाल सेवाओं को पर्याप्त रूप से वित्तपोषित नहीं करते हैं।



आप का नजरीया

## कांग्रेस के छह विधायकों की बलि

**यह** युद्ध नायक व खलनायक के बीच था और अंततः हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के फैसले से साबित हो गया कि ऊंट किस करवट बैठा है। दुष्चक्र अब वक्त के चक्र में नए फौलाद के पिघलने का इंतजार करेगा, तो यह युद्ध अब सीधे से संवाद करेगा। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को लगी चपत अब नए समीकरणों में जब्त हो गई। कांग्रेस ने सत्ता की दीवार और मोटी कर ली या घर के भीतर से कुछ लोग कान से पकड़ कर बाहर कर दिए। कल तक जो घटनाक्रम कांग्रेस आलाकमान को भयभीत कर रहा था, वह आज अपना रक्षा कवच सुदृढ़ करने में जुटा है। दलबदल कानून के तहत कांग्रेस के छह बागी विधायक अयोग्य करार घोषित हो गए। यानी अब सदन के सामने कांग्रेस के 34 तो सत्ता के सामने विपक्षी भाजपा के 25 सदस्य ही रहे, लेकिन तीन निर्दलीय अपनी आस्था जोडकर इस घर में भविष्य का आक्रोश या सियासी खोट भर सकते हैं। कहानी जो अतीत में थी, वह अब नए चौराहे पर लिखी जा सकती है। इस सफर में कांग्रेस का राष्ट्रीय इम्तिहान जरूर सफल रहा। विधानसभा अध्यक्ष का इंतजाम सफल रहा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का इंतखाब सुरक्षित रहा, लेकिन राज्यसभा सीट जीतकर भी भाजपा अपनी उम्मीद के अनुसार कहीं खरी नहीं उतरी। दूध से जली कांग्रेस ने भले ही छाछ को फूंक फूंक कर नहीं पिया, लेकिन सरकार का अभिमान टूटने से बचा लिया। यह अगर मिशन था, तो कांग्रेस अपने बचाव में इससे बेहतर नहीं कर सकती थी, लेकिन भाजपा या बागियों के लिए यह सफर नई खटास भर गया। अब सवाल अगली चाल का है, तो भाजपा के शिकार का भी है। भाजपा ने जल्दी की या बागी जल्दबाजी में थे, लेकिन यहां किसी सिंधिया की तलाश पूरी नहीं हो सकी, लेकिन प्रश्न अभी जिंदा हैं-मरे नहीं। धड़ेबंदी जिंदा है-मरी नहीं। क्षेत्रीय जज्बात जिंदा हैं-मरे नहीं। जीते हुए विधायकों की करामात जिंदा है-मरी नहीं। विक्रमादित्य सिंह का इस्तीफा जिंदा है-मरा नहीं। बगावत के सुर भले ही छह विधायकों की बलि ले गए, लेकिन ये तोपें अभी मरी नहीं। कहना न होगा कांग्रेस ने एक सरकार, एक मुख्यमंत्री का किरदार और एक राज्य फिलहाल बचा लिया ताकि लोकसभा चुनाव तक सारे चरित्र पहलवान बनें, लेकिन क्या अपने ही विधायकों को घर भेज कर कांग्रेस मजबूत हो गई। क्या कांग्रेस के मोहल्ले, कांग्रेस के चूल्हे आइंदा साझेदारी में मेहनत करेंगे। इस परीक्षा के बाद जाहिर तौर पर कई और परीक्षाएं होंगी, घर के झगड़े बेजुबान नहीं होंगे। कांग्रेस ने सख्त फैसले की कसौटी में सारे तीर भले ही इन विधायकों पर उतार दिए, लेकिन शिकायतें जिन कानों को खबर दे गई, क्या वे भी मर जाएंगी। सत्ता का विपक्ष से मुकाबला बढ़ेगा जरूर और अब कांग्रेस के बीच कुछ तो और कांग्रेस होगी। हिमाचल में पहले ही वीरभद्र के नाम पर एक कांग्रेस परेशान थी, तो एक कांग्रेस सत्ता के नाम पर सुक्खू पर परवान थी। ऐसे में आलाकमान ने राष्ट्रीय कांग्रेस का सुक्खू कांग्रेस से मिलान करके यह ऐलान तो कर दी दिया कि इसके खिलाफ कोई बोला तो हश्र कैसा होगा। कांग्रेस की मचान पर हलाल हुए छह विधायक फिलहाल नुकसान में हैं और उन्हें फिर से जनता की अदालत या न्यायालय के सामने खुद को निर्दोष, खुद को सही और खुद को ऊर्जावान साबित करना है।

संक्षिप्त खबरें

## वरिष्ठ पत्रकार मोकिम अंसारी को पितृ शोक, सदमा में डूबे जिला के सभी पत्रकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** वरिष्ठ पत्रकार मो मोकिम अंसारी के पिता सोबराती मियां का देहासवान आज सुबह तकरीबन 10:40 बजे हो गया। उनके पिता को अस्थमा का बीमारी था और लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था।अचानक उनका हालत बिगड़ने की वजह उन्हें गुरुवार को बेहतर इलाज के आविष्कार हॉस्पिटल हजारीबाग ले जाया गया। इलाज के बाद स्थिति में सुधार था लेकिन आज एकाएक तबीयत काफी बिगड़ जाने के वजह उनकी मौत हो गई। सिमरिया प्रखंड के पुंडरा कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया जायेगा। सिमरिया विधायक किशुन दास, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, जीप सदस्य ... सहित अन्य लोगो ने दुख प्रकट किए। चतरा जिला के सभी पत्रकारों ने इस घटना से सदमा में हैं।

# महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत दर्जनों शिवालय में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पुजा अर्चना करने को लेकर महिलाएं एवं कुमारी कन्याओं का सैकड़ो की संख्या में भीड़ देखी गई। पूजा अर्चना कर रहे महिलाएं एवं कन्याएं उत्साहित भी देखी गई। शास्त्रों के मुताबिक यह त्यौहार सुहागिन स्त्रियां अखंड सौभाग्यवती रहने को लेकर एवं परिवार के बीच सद्भावना बने रहे की मन्नतें पुर्ण को लेकर पूजा अर्चना करती हैं।वहीं कन्याएं इस पूजा को अच्छे वर पाने के लिए संपूर्ण गुन से परिपूर्ण हो लेकर पूजा अर्चना की जाती है। यह परंपरा हजारों वर्ष पहले से चला जा रहा है। जिससे आज भी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार महाशिवरात्रि पूजा की जाती है। इस महाशिवरात्रि में चार पहर की पूजा की महत्व है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ के साथ माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है। यह दिन शिव विवाह उत्सव के रूप में मनाया जाता है।महाशिवरात्रि के दिन दोनों पति-पत्नी को एक साथ मिलकर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा कर शिवरात्रि व्रत की कथा सुनने से सैकड़ो पापों से मुक्ति मिलती है।महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व है। महाशिवरात्रि को शिव के पूजा अर्चना करने से शत्रुओं पर विजय पाने का भी फल प्राप्त होता है। परंतु साधकों के लिए यह दिन तांत्रिक विद्या की सिद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण पर्व माना गया है। यौगिक परंपरा में शिव आदि गुरु भी माने जाते हैं। पहले गुरु, जिनसे ज्ञान उपजा। ध्यान की अनेक सहस्राब्दियों के पश्चात् एक दिन वे पूर्ण रूप से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि कहा गया है।उनके भीतर की सारी गतिविधियां शांत हुई और वे पूरी तरह से स्थिर हुए, इसलिए साधक महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात्रि के रूप में भी मनाते हैं।

## भक्ति भाव से मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि महोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र में शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें शिव मंदिर में देखी जा रही है। जिले के सभी प्रसिद्ध मंदिर के साथ-साथ शिवालयों में भी श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना की गई। जिला मुख्यालय स्थित हेरू नदी शिव मंदिर, लकलकवा नाथ मंदिर, काली मंदिर, कठौतिया शिव मंदिर में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसके साथ ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां भद्रकाली मंदिर, कालेश्वरी मंदिर, लंबोईया मंदिर, चटनिया बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों में महाशिवरात्रि के मौके पर पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना करने वालों में सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की थी। पारंपरिक लिबासों में सजी महिलाएं भक्ति भाव के साथ भगवान शंकर पर जलार्पित कर पूजा अर्चना की है। इस मौके पर मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया और साथ सजावट भी काफी आकर्षित किया गया था।

## प्रतापपुर सीओ नित्यानंद दास ने पत्नी संग रखा व्रत, किया पूजन व जलाभिषेक



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल के सीओ नित्यानंद दास पत्नी सीमा ज्योति अपने भौतिक सुख, मोक्ष की प्राप्ति के लिए शुक्रवार महाशिवरात्रि पर्व पर व्रत रखकर कर भगवान शिव की भक्ति भाव से पूजन किया तथा विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सीओ नित्यानंद दास, पत्नी सीमा ज्योति यह पूजन प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर स्थित शिवमंदिर मे किया। इस मौके पर कई श्रद्धालूओ व भक्तो ने भी पूजन किया ।मौके पर सीओ नित्यानंद दास उनकी पत्नी सीमा ज्योति ने बताया कि आज के दिन महाशिवरात्रि पर युगल जोडी के साथ पूजन करने का एक अलग महत्व है। आज के दिन ही शंकर का अवतरण हुआ था ।इसी दिन भगवान शिव ने तांडव कर अपना तीसरी नेत्र खोला था और ब्रम्हांड को तीसरी नेत्र से समाप्त किया था। साथ ही आज के ही दिन शिव पार्वति का विवाह हुआ था ।इस लिए आज के दिन शिव व पार्वती को प्रसन्न करने के लिए सभी श्रद्धालूओ को पूजा पाठ करनी चाहिए साथ ही शंकर भगवान को शांत करने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक करनी चाहिए। इससे शिव- पार्वति खुश होकर श्रद्धालूओ को वरदान देते है।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का विधिवत हुआ उद्घाटन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में स्थित कौलेश्वरी मंदिर में 10 दिवसीय पशु मेला महाशिवरात्रि के उपलक्ष में लगने वाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर नारियल तोड़ फीता काटकर विधिवत किया गया। जिसका मुख्य अतिथि गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी थी। महाशिवरात्रि के उपलक्ष में लगने वाला यह मेला को संबोधित करते हुए लोगों से भाईचारगी बनाए रहने की बात कही। महाशिवरात्रि के उपलक्ष में लगने वाला यह मेला में विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने की बातें कही।ताकि दूरदराज से आने वाले लोगों की किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।मौके पर उपस्थित मंदिर पुजारी बैजनाथ पांडेय समाजसेवी सत्येंद्र कुशवाहा संजय दांगी आशीष साव रमेश दांगी लखन दांगी एवं दर्जनों समाजसेवी उपस्थित थे।

## महादेव मठ में हजारो हजार की संख्या में भक्तों ने किया जलाभिषेक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा) :** कुन्दा हेतिहासिक मेले में लाखों की संख्या में पहुंचे लोग प्रखंड के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटक स्थल महादेव मठ में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया।महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। वही कुन्दा पुलिस प्रशासन ने अधिक भीड़ के कारण महिला व पुरुष श्रद्धालुओ को अलग अलग कतार मे लगाकर शिव गुफा में प्रवेश कराया ताकी किसी प्रकार की अनहोनी ना हो पाए।इसके साथ ही बाजार टांड में पशु मेला का आयोजन किया गया जिसमें लाखो की खरीद बिक्री की गई।बिहार झारखंड के कई जिलों से लोग महादेव मठ में पूजा अर्चना करने पहुचे थे। वही पूजा समिति एवं व्यवसाय संघ के द्वारा श्रद्धलुओं के लिए निम्बू पानी एवं सरबत व भोजन की ब्यवस्था की गई थी। जिसका भक्तो ने लुफ्त उठाया।पूजा के दौरान मंदिर परिसर में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। दिन भर भीड़ को नियंत्रण करने में जुटी रही।वही महादेव मठ मंदिर प्रांगण में चिकित्सीय उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जीवन ज्योति क्लिनिक के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। वही मेला में कई मनोरंजन के स्टाल के साथ-साथ बर्तन और मिठाई की दुकाने लगाई गई थी। वही पूजा व कार्यक्रम को सफल बनाने में ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, मठ समिति के पूर्व अध्यक्ष सह उपकोषाध्यक्ष लवकुश कुमार गुप्ता, जितेंद्र सौंडिक, रंजीत सौंडिक, विक्की, डॉ डीके रंजन, हरिओम, अभिमन्यु सिंह, हेमंत गुप्ता समेत कमिटी के सभी सदस्य मौजूद थे। **ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ के कारण ही है कुन्दा की पहचान :** ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ व राजा किला की एक अलग ही इतिहास है। राजतंत्र के समय से लगता आ रहा ये महाशिवरात्रि पशु मेला विरासत की पहचान है जहाँ झारखंड बिहार के कई जिले से लोग पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि मेले की लोगों को बेसब्री से इन्तेजार रहती है।

## सिमरिया के विधायक के प्रयास से टंडवा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत 13820 घरों तक नल से पहुंचेगा पीने का पानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के टंडवा ग्रामीण जलापूर्ति योजना में एक बार फिर काम शुरू हो जाएगा। दरअसल सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान टंडवा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का मामला सदन में उठाया था। इस मामले में प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि टंडवा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत 28 नवंबर 2018 को तकरीबन 234 करोड रुपए की लागत से हर घर नल से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया था और यह योजना 27 दिसंबर 2022 को ही पूरा होना था ।लेकिन अब तक महज 35 परसेंट ही काम पूरा हो पाया।इस मामले में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि नेशनल इंजीनियरिंग सर्विसेज के द्वारा यह ठेका लिया गया था जो निर्धारित अवधि तक काम पूरा नहीं कर पाया। इस मामले में विभाग के द्वारा ठेका कंपनी पर कार्रवाई की गई है।पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथलेश ठाकुर ने बताया कि टंडवा संपूर्ण ग्रामीण जलापूर्ति योजना का रिवाइज्ड ऐस्टीमेट बना दिया गया है और डीएमएफटी के माध्यम से प्राधिकृत के द्वारा स्वीकृत भी कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि टंडवा प्रखंड क्षेत्र के 13820 घरों तक स्वच्छ पानी पेयजल नल के माध्यम से पहुंचाने का लक्ष्य है और यह काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा।गौरतलब है कि सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने टंडवा प्रखंड के क्षेत्र वासियों के हितों को ध्यान में रखकर यह मामला सरकार के समक्ष रखा था। विधायक किशुन कुमार दास के प्रयास से नींद में सोई राज्य की चंपई सोरेन सरकार जागी है और अब टंडवा ग्रामीण जिला पूर्ति योजना का काम एक बार फिर से शुरू होगा। विधायक किशुन कुमार दास ने बताया कि एशिया का सबसे बड़ा कोलियरी झारखंड के चतरा जिला के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में है और इस क्षेत्र में पीने के पानी का संकट लगातार गहराता जा रहा है।टंडवा प्रखंड क्षेत्र में जलस्तर काफी गिर गया है और ऐसे में संपूर्ण ग्रामीण जलापूर्ति योजना से ही लोगों को पीने का पानी मिल सकता है।

## पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के लोगों ने की बैठक लिए कई निर्णय

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित कौलेश्वरी मंदिर परिसर में शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के तत्वधान में बैठक हुई। बैठक एकता मंच के कार्यकर्ता रघु चौहान व अमीर प्रसाद के नेतृत्व में हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को बताया गया कि आगामी 10 मार्च को रांची स्थित हरमू मैदान में पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच का अभियान रथ यात्रा सह छोटा नागपुर प्रमंडलीय महासम्मेलन में शामिल होने की अपील की। बैठक में मुसाफिर दांगी लखन दांगी निरंजन दांगी बहादुर दांगी समेत कई उपस्थित थे।

## महुआडांड़ पुलिस ने दिल्ली जा कर मानव तस्कर के घर चिपकाया इस्तेहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** पुलिस ने दिन शुक्रवार को दिल्ली में पहुंच कर न्यायलय से प्राप्त इश्तहार को दिल्ली जा कर मानव तस्कर के आरोपी वींद्र कुमार गुप्ता पिता बलदेव प्रसाद टाउनप्रथम नई दिल्ली जा के उनके आवास में इश्तहार चिपकाया वही। वर्षो से फरार है। एक महीने के अंदर वींद्र कुमार अगर कोर्ट में हाजिर नही होता है तो एक महीने के बाद उसके घर में कुर्की जब्त की करवाई की जाएगी। वही ढोल बाजे से आस पास के लोगो को बताया गया की वींद्र मानव तस्कर में फरार है। इश्तहार चिपकाने में महुआडांड़ थाना के एस आई पारस मणि एवम पुलिस के जवान शामिल थे।

# महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेले का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** शुक्रवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर लातेहार जिला भक्तिमय हो गया। सुबह से ही पूजा करने को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दूरदराज क्षेत्रों से भी आये हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिवपुरी स्थित प्रमुख शिवमंदिर में जलाभिषेक कर पुजा अर्चना की। इस अवसर पर शिवरात्रि मेला में पहुंची अपार भीड़ झूला, टॉय ट्रेन, वाटर वोटिंग, चित्रहार आदि का आनंद लेकर बाहर से आये विभिन्न प्रकार के स्टालों से समान की जमकर खरीदारी की गई। लंबे समय से महाशिवरात्रि मेला कमिटी द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में महाशिवरात्रि मेला का आयोजन होता आया है। वहीं श्रद्धालुओं ने निर्जला उपवास रख भगवान भोलेनाथ माँ पार्वती से पति कि दीर्घायु उम्र कि कामना की।जहां पूजा के उपरांत भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। भोलेनाथ की कई गानें प्रस्तुत किये आपको बतादें कि हर वर्ष की भांति इस बार भी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर जहां दूर- दराज के लोग यहां पर आकर कई तरह के मिठाईयां कपड़ा श्रृंगार खिलौने एवं घरेलू सामग्रियां खरीदारी के लिए दुकानों पर भी काफी भीड़ देखी गई।महिलाएं काफी उत्साहित होकर घरेलू समाने खरीदते नजर आए वहीं बच्चों और नव युवकों ने झुलवा का भी आनंद लेते नजर आए साथ ही यह मेला एक माह तक लगाया जाता है। मेले में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह जगह पर पुलिस भी मुस्तैद दिखे।

## अजय सोनी ने किया बेतला प्राकृतिक व्याख्या केंद्र का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** शुक्रवार को वन एवं पर्यावरण विभाग के मनोनीत सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के द्वारा बेतला प्राकृतिक व्याख्या केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि करीब 6 माह पहले सभा कक्ष का मरम्मती किया गया था जिसके मरम्मत कार्य में भारी अनियमित बरती गई है। उन्होंने बताया कि मरम्मती कार्य हुए छः महीना भी नहीं हुआ सीलिंग का स्थिति बहुत जर्जर हो गया है। बताया कि इसमें वन विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से घोर लापरवाही किया गया, इससे साफ जाहिर होता है कि सरकारी पैसों का बंदरबांट किया गया है। वही निरीक्षण के दौरान सभा कक्ष को देखकर सांसद प्रतिनिधि श्री अजय सोनी ने काफी नाराजगी जताऐ वहीं सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह को पत्र के माध्यम से अवगत कराकर इसकी जांच कराई जाएगी ताकि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई किया जा सके।

## खुलेआम हो रही है पॉलिथीन में सामानों की बिक्री



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर में पुनः पॉलिथीन में खाने-पीने की सामग्रियों के आलावा अन्य सामग्रियों की बिक्री की जा रही है। ठेला खोमचा से लेकर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पॉलिथीन की बैग में सामग्रियां बेची जा रही है। बताया जा रहा है कि शिवरात्रि मेला में तो पॉलिथीन बिक्री के लिए एक बड़ा दुकान लगाया गया है। जिसमें एक ट्रक सिर्फ विभिन्न तरह की पॉलिथीन मंगाई गई है। शहर के अन्य दुकानों में भी धड़ल्ले से पॉलिथीन की बिक्री किए जाने की सूचना है। नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा विगत कई वर्षो से पॉलिथीन बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है और सरकारी नीतियों के तहत पॉलिथीन की बिक्री व उपयोग करने वालों पर लगातार छापेमारी एवं आर्थिक दंड दिया जा रहा था। इधर कुछ दिनों से पॉलिथीन के खिलाफ अभियान नहीं चलने से लोग बेखौफ पॉलिथीन में सामग्रियां बेच रहे हैं।

## भारत भ्रमण के लिए रवाना हुए संदीप उरांव



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत भ्रमण के लिए सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के तूवेद ग्राम निवासी संदीप उरांव शुक्रवार को रवाना हुए वहीं संदीप उरांव ने बताया कि किताब और गूगल में हमने देखा था उसके बाद जिज्ञासा हुआ कि हम भी भारत भ्रमण करें इसलिए हमने अपने परिजनों से इस विषय पर चर्चा किया इसके बाद हमारे पिता ने हमको हौसला बुलंद करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि तुम इतना अच्छा पहल करने जा रहे हो इसके बाद हम भारत भ्रमण के लिए रवाना हुए हैं। आज हमारा चंदवा में ठहराव होगा उसके बाद रांची के लिए रवाना होंगे।

# धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** प्रखंड के शिव मंदिर छठ घाट स्थित शिव प्रतिमा एवं प्रखंड के बैलटोली धाम में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर में पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया मंदिरों में सुबह आरती की गई और शिव भक्त भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे।शिव मंदिर बैलटोली में स्थापित शिव प्रतिमा सुबह से ही भक्तों का मेला लगा रहा। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला पुरूष यहां जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। महिलाओं ने लाइन में लगकर जल चढ़ाया और परिवार की खुशहाली के लिए भगवान शिव से मन्नतें मांगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी विशेष उत्साह महा शिवरात्रि को लेकर नजर आया। मंदिरों में शिवरात्रि पर उपवास रखने वाली महिलाएं व युवतियां पहुंची। मंदिरों में भगवान शिव के भजनों पर शिव भक्त नृत्य करते हुए नजर आए।शिव मंदिर के पुजारी राजेश पाठक ने बताया कि महा शिवरात्रि का त्यौहार पर सुबह पांच बजे से ही भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया था। इस दिन भगवान शिव का उपवास रखना काफी फलदायी माना जाता है। शिवरात्रि के दिन भगवान भोले अपने भक्तों की भक्ति से प्रसन्न होकर उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। बैलटोली धाम में किया गया भव्य भंडारा का आयोजन आईपीएस सेवा संस्थान के द्वारा महा शिवरात्रि पर्व बैलटोली धाम में बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह. से शिवलिंग पर जल अर्पित करने वालों की भीड़ लगी हुई थी। सारा दिन भगवान शिव के जयकारे गूंजते रहे आईपीएस सेवा संस्थान की तरफ से बैलटोली में भंडारा का कार्यक्रम किया गया था जिसमें इस भंडारा कार्यक्रम मैं आईपीएस सेवा संस्थान के मालिक कमलेश यादव, शंकर यादव अंतू साव,, रणधीर भगत, सुनील नगेसिया, विशेष केसरी, रामदयाल यादव, संतोष यादव, जितेंद्र यादव, हरेंद्र सिंह, जसवंत यादव, कालेश्वर नगेसिया, सरवन यादव, मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

## हर क्षेत्र में महिलाएं बन रही है आत्मनिर्भर : हरि भगत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में शुक्रवार को बहुजन चेतना मंच की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गय। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदवा पूर्वी पंचायत की पूर्व मुखिया पुष्पा देवी ने कि जबकि कार्यक्रम का संचालन मंच के कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कर रहे थे। महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो नेता सह चतरा लोकसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी हरि कुमार भगत ने कहा कि महिलाओं के बिना परिवार के वंश वृद्धि की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है,महिला आज पुरुष से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं महिलाएं घर के चूल्हा चौकी से लेकर अंतरिक्ष की यात्रा करने तक में कहीं पीछे नहीं हैं सभी जगह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। इस लिए महिलाओं को मान सम्मान के साथ हरेक क्षेत्र में बराबर का दर्जा मिलना चाहिए। कार्यक्रम को सतेंद्र राम, विजय पासवान (शिक्षक), रीता देवी एवं अन्य ने भी संबोधित किया। मौके पर विनोद राम, वीना देवी, मंजू सिंह,सरिता देवी, सुशीला टोपनो, मनोज राम, उमेश राम, मंजू देवी, कौलेश्वर जाटव, अनिल उरांव, सुरेश कुमार उरांव सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के पंचायत कमेटी का किया गया विस्तार

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बालुभांग पंचायत ग्राम में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का बैठक कुंजन भुईया के अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रखंड अध्यक्ष विजय भुइयां ने किया। बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित समाज के लोगों ने पंचायत स्तरीय कमेटी विस्तार पर चर्चा किया,चर्चा के पश्चात उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष पुनम देवी, सचिव जोंगल भुइयां, कोषाध्यक्ष अंजु देवी को बनाया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रखंड अध्यक्ष भुईयां ने कहा कि समाज का विकास करना है तो हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा।शराब को छोड़ना होगा,अंधविश्वास की ओर भटकने से बचने सहित कई अन्य बातों पर विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दिया। वहीं उपस्थित सभी लोगों ने नशा खोरी नहीं करने को लेकर संकल्प लिया। मौके पर उबलू भुईया, राजदेव भुईया, सकुना देवी, फगदी देवी, सविता देवी, कविता देवी, सोहन, रघु, गुडन, महेंद्र, सरहुल, सुगिया देवी, अंजु देवी सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय ने आजसू पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि श्री पाण्डेय 4 साल पहले आजसू पार्टी में जिला प्रवक्ता के रूप में अपना योगदान दिया था ज्ञात होगी कि उनका चयन पीजीटी शिक्षक के रूप में हो गया है उन्होंने सभी पदों से इस्तीफा को लेकर मुझे एक सप्ताह पूर्व आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में आकर लिखित आवेदन दिया था जिसे 8 मार्च दिन शुक्रवार को मंजूर कर लिया गया है।आगे उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको जिला कमेटी की ओर से बधाई दी गई।

# बड़कागांव के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में 1 एकड़ में लहलहा रहा है अवैध पोस्ता की खेती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पंदनवाटांड़ गांव अंतर्गत अधिसूचित वन क्षेत्र जंगल में अवैध रूप से लगभग 1 एकड़ में पोस्ता की खेती हो रही है। पोस्ता की खेती लगभग तैयार हो गया है 10 से 15 दिनों के अंदर फल में चीरा लगाने का काम भी शुरू हो जाएगा। बताया जाता है कि पोस्ता खेती कुछ गिने-चुने स्थानीय लोगों के द्वारा किया जा रहा है। जबकि पोस्ता की खेती करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित और गैर कानूनी है। फिर भी लोग पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर खेती कर रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के एक कर्मी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि, सूचना की पुष्टि कर ली गई है टीम गठित कर वन विभाग के कर्मियों एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया जाएगा। मामले में जिनका भी नाम सामने आएगा उन पर केस दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आगे कहा कि पोस्ता की खेती करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित और गैर कानूनी है। पोस्ता की खेती से संबंधित अफीम का कारोबार करने वाले आरोपी को 15 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

## आरोग्यम में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले आरोग्यम अस्पताल में बड़े ही धूमधाम के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया अस्पताल की महिला चिकित्सक और महिला नर्सिंग स्टाफ का अभिनंदन किया गया, साथ ही अस्पताल परिसर में केक काटकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई, साथ ही सभी ने अपने-अपने स्तर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्पीच दिया अंत में सभी के साथ संयुक्त तस्वीर लिया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के लिए विशेष दिन माना जाता है। इस विशेष दिन को महिला चिकित्सक और महिला नर्सिंग स्टाफ के लिए यादगार बना दिया। यह कार्यक्रम प्रत्येक साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किया जाता है। मौके पर अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में नारी शक्ति का सबसे बड़ा रोल होता है। नारी शक्ति की वंदन हम सभी को करनी चाहिए। मौके पर अस्पताल प्रशासक जया सिंह, अस्पताल की महिला चिकित्सक रंजना शरण सहित कई लोग मौजूद थे।

## विश्व महिला दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन हजारीबाग क्षेत्र के द्वारा शुभकामना दिए



**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व महिला दिवस के शुभ अवसर पर राज कुमार वर्मा उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन हजारीबाग क्षेत्र के सभी को हार्दिक बधाई विशेष कर महिला मजदूर बहनों को बहुत-बहुत बधाई7 हम जेसीएमयू परिवार दिन प्रतिदिन महिलाओं के सम्मान, अधिकार एवं उनके हितो की रक्षा हेतु, चाहे पुरुष हो या महिला सभी एकजुट है7 महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए हम प्रयासरत है7 एक मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता होने के नाते मैं अपनी मजदूर महिला बहनों से अपील करना चाहता हूं कि दिन के 24 घंटे होते हैं उसमें से अपना काम, कंपनी द्वारा सोपा गया काम, घर की जिम्मेवारी एवं अन्य सभी कामों मे से प्रतिदिन सिर्फ एक घंटा अपने लिए निकाले और इस एक घंटे का उपयोग अपना बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने, कार्य कुशलता विकसित करने, स्किल डेव्लपमेंट में खर्च करें7 उदाहरण के लिए बुक्स पढ़े, कंप्यूटर सीखें, कंपनी से संबंधित नियम के बारे में जाने जहां आप काम कर रही हैं7 जो इंटरनेट के माध्यम से, एक दूसरे से जानकारी साझा करने के माध्यम से, किताब के माध्यम से एवं अन्य साधन सीखे7 जब देश की महिलाएं प्रगतिशील हो जाएँगी समाज स्वयं समृद्धऔर संपन्न हो जाएगा7 इसी के साथ मैं पुनः सभी महिला बहनों को विश्व महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

## मुखिया ने पुत्र पर हुए जानलेवा हमले को लेकर थाने में दिया आवेदन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव ने पुत्र के ऊपर हुए जानलेवा हमले के संबंध में एवं पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में जान माल की सुरक्षा को लेकर बड़कागांव थाने में दो आवेदन दिया है। आवेदन में उल्लेख किया के मेरा पुत्र करन यादव 7 मार्च को शाम के लगभग 7ः00 बजे बाल कटवाने के लिए बादम चौक स्थित सलून गया था। सलून में बैठा था इस समय जान मारने की नीयत से अमरेश राणा अपने हाथ में रिवाल्वर लेकर मेरे पुत्र को टारगेट कर तड़ातड़ गोली चलाने लगा। उस समय उसके साथ तीन-चार अन्य सहयोगी भी थे। जान बचाकर मेरा पुत्र किसी तरह घर पहुंचा और बताया कि मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया गया है। भागने के क्रम में अमरेश राणा बोल रहा था कि इसको जान से मार दो। आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग भी आ गए और सभी अपराधी घटनास्थल से भाग निकले। अमरेश राणा अपराधी किस्म का व्यक्ति है जो बालूमाथ लातेहार का निवासी है। वह अभी वर्तमान में अपने ससुराल गोंदलपुरा में रहता है। इसके ऊपर कई थानों में केस लंबित पड़े हुए हैं। मुझे भय बना हुआ है कि मेरे घर में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित है इसलिए शक है कि अमरेश राणा एवं उसके सहयोगी मिलकर मेरे परिवार के सदस्य या मेरे पुत्र का हत्या कर देगा। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए अमरेश राणा एवं अन्य अज्ञात अपराधियों पर उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने एवं परिवार के सदस्यों की रक्षा की मांग मुखिया बासुदेव यादव ने किया है। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा के प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। जांच पड़ताल कर कानूनी कारवाई की जाएगी।

## कबीलासी गांव में कोर्टीवा एग्री साइंस कंपनी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड अंतर्गत कबीलासी पंचायत के कबिलासी गांव में कोर्टिवा एग्री साइंस कंपनी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस द्वीप प्रवजलित कर एवम केक काटकर मनाया गया। यह बता दे की यह कंपनी विभिन्न प्रकार के बीजों एवम कीटनाशक दवाइयों का उत्पादन करती है। इस मौके पर कंपनी के एटीएमटी इम्तियाज अंसारी , राजेश कुमार,कपिल देव वर्मा राधा देवी, लीलावती देवी एवम ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

# आरोह कौशल प्रशिक्षण केंद्र बिजैया में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के बिजैया चौक स्थित आरोह कौशल प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को पोस्टर बनाकर एवं केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीटकॉन सोशल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, आरोह फाउंडेशन के स्टेट हेड संतोष आनंद एवं समाजसेवी सुरेश यादव उपस्थित थे।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर नीटकॉन सोशल फाउंडेशन की डिप्टी मैनेजर शिवालिका मिश्रा, आरोह फाउंडेशन की सीईओ डॉ. नीलम गुप्ता एवं सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर शिल्पा जैन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया।मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए महिला दिवस से अवगत कराया एवं कहा कि महिलाओं के योगदान और उनके संघर्ष के प्रति लोगों को जागरुक करने की जरूरत है। घर को परिवार बनाने वाली महिला हर घर की नींव होती हैं। वर्तमान समय में हर व्यक्ति को नारी का सम्मान करना चाहिए। आज के समय में महिलाएं किसी से कम नहीं है।आरोह फाउंडेशन के जिला समन्वयक अजय रंजन मेहता ने कहा कि महिलाएं आज हर एक क्षेत्र में अपनी काबिलियत पर अपना नाम कमा रही है। ऐसे में समाज एवं सामाजिक क्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी को और बढ़ावा देने एवं उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए इस तरह का कार्यक्रम करना बहुत जरूरी है। आरोह फाउंडेशन पूरे देश में सामाजिक कार्यों के साथ- साथ महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान को लेकर लगातार कार्य कर रही है।महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के उत्थान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश को लेकर विभिन्न तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षण केंद्र के प्रबंधन द्वारा छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में आरोह फाउंडेशन की प्रीति कुमारी, अंजू साह, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, कलावती देवी, सूरज सिंह, कुणाल प्रसाद कुंवर, रोहित कुमार एवं अजय यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## सुरजीत कुमार ने बरही एसडीपीओ के रूप में संभाला पदभार



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार की देर शाम बरही में नवपदस्थापित एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बरही एसडीपीओ कार्यालय में योगदान दिया। जिन्हे निवर्तमान एसडीपीओ नौशाद आलम ने पदभार सौंपा। जिनका निवर्तमान एसडीपीओ सहित कार्यालय कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान नव पदस्थापित एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बरही वासियों से शांति बहाल रखने में सहयोग का अपील किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की पदस्थापना का मुख्य उद्देश्य विधि व्यवस्था बनाए रखना और अपराध नियंत्रण करना होता है। उन्होंने लोगो से पुलिस का सहयोगी बनने और अपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। गौरतलब है कि एक माह पूर्व ही निवर्तमान एसडीपीओ नौशाद आलम ने बरही अनुमंडल का कमान संभाला था परंतु उनका तबादला निकटतम संसदीय क्षेत्र बगोदर से होने के कारण चुनाव आयोग ने यह कदम उठाया और कुछ ही दिनों के अंदर उनका स्थानांतरण छतरपुर कर दिया गया। निवर्तमान एसडीपीओ ने बहुत कम समय में ही बरही में एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर्स के रूप में बरही वासियों के बीच पहचान बनाने में सफल रहे। मौके पर एएसआई दिनेश कुमार, अभय कुमार, प्रकाश कुमार सहित बॉडीगार्ड नवीन पांडेय सहित अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

# बरही में धूमधाम से निकली शिवजी की बारात

बरही (हजारीबाग)ः शिवजी आज दूल्हा बने हैं। देवी पार्वती से विवाह की तैयारी है। गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद, शरीर पर भस्म... भोलेनाथ का श्रृंगार अद्?भुत छटा बिखेर रहा है। हनुमानजी, देवी-देवता, बानर-भालू, भूत-पिशाच सब बाराती बनकर नाचते-गाते साथ चल पड़े हैं। पूरा माहौल शिव-पार्वती की भक्ति में लीन है। बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष, हर कोई उत्साह से लबरेज है। यह दृश्य है पूरे बरही शहर का है, जहां निकाली वाली शिव बाराती बरही प्राचीन शिव मंदिर मल्लाह टोली, ब्लॉक परिसर स्थित मनोकामना शिवालय और न्यू कोलनी सूर्य मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकली है। इसमें आकर्षक झांकियां भी हैं। शिव बारात से पूरा बरही शहर शिवमय हो गया। दूसरी ओर, महिलाएं शिव का विवाह के लिए देवी पार्वती को सजा रही हैं। गाजे-बाजे और नाच-गान के साथ बारात बरही के चारों मुख्य मार्गो से होती हुए फिर से अपने गंतव्य मंदिर में पहुंचती है। वहां उसका जोरदार स्वागत-सत्कार होता है। वहीं छोटकी बरही में भी शिव जी की बरात निकाली गई। वहीं रात



## बड़कागांव में धूमधाम से की गई महाशिवरात्रि पूजा, निकली शिव बारात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में बुढ़वा महादेव समेत डेढ़ सौ से अधिक शिवालयों में धूमधाम से महाशिवरात्रि की पूजा की गई। महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव, राम जानकी मंदिर, नापोखुर्द मुरली पहाड़, रेंज ऑफिस शिव मंदिर, प्रखंड मुख्यालय शिव मंदिर, थाना परिसर शिव मंदिर, चंदौल शिव मंदिर, ठाकुर मोहल्ला महावीर मंदिर झिकझोर शिव मंदिर, बादम शिव मंदिर के अलावा प्रखंड के तमाम शिवालयों में भगवान शिव की पूजा की गई।महाशिवरात्रि पूजा को लेकर राम जानकी मंदिर बड़कागांव से दिल्ली और कानपुर के कलाकारों की प्रस्तुति में महाशिवरात्रि पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी, दामोदर मेहता झमन प्रसाद के नेतृत्व में भव्य शिव बारात झांकी निकाली गई। शिव बारात बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार, सूर्य मंदिर, थाना, छ्वनिया, सिरमा रोड होते हुए महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण पहुंचा। जहां शिव भक्तों ने शिव बारात का स्वागत किया। इस दौरान दिल्ली और कानपुर से आए कलाकारों ने शंकर ,पार्वती ,भूत, पिचास के रूप में अपनी अदाकारा से लोगों का खूब मनमोहा। 2008 में शिव बारात झांकी निकालने की परंपरा का शुभारंभ बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में शुरू किया गया था।



# माहे ए रमजान की खुशी में रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** माह ए रमजान के आगमन की खुशी में समाज सेवी बाबर कुरैशी के द्वारा सरदार रोड स्थित खानकाह मैरेज हाल सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी भी पहुंचे और बाबर कुरैशी के द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर की सराहना की। मौके पर बाबर कुरैशी ने कहा कि हम लोगो के लिए माह ए रमजान बहुत ही पवित्र माना गया है इसके आगमन की खुशी के अवसर पर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची और जरूरत मंद लोगो को जीवन दान देने के लिए इस रक्त दान शिविर का आयोजन किया है जिसमे समाज के कई लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपना रक्त दान किया आगे भी इस तरह का आयोजन किया जाएगा । इस आयोजन में मुख्य रूप से दानिश कुरैशी, जावेद कुरैशी, नावेद कुरैशी, ऐनूल हक, आरीफ हक, असरफ चौधरी, मिस्टर खान, नसीम कुरैशी, सुलतान, वारिस कुरैशी ,नेजाम पहलवान, सहाब इमाम, लक्की खान एवं टाईगर खान उपस्थित थे।




# यूथ विंग ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 31 लीटर दूध से गौशाला के शिव मंदिर में किया अभिषेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** यूथ विंग द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला स्थित शिव मंदिर में 31 लीटर दूध से महाभिषेक किया गया। इसके बाद गौ माता की सेवा करते हुए सभी ने गुड,चोकर एवं अन्य सामग्री गौ माता को खिलाया,बाद इसके आसपास क्षेत्र के लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। बताते चलें कि गौशाला के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा बीते 2 महीने पूर्व ही कराया गया है।मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि महाशिवरात्रि पर गौशाला स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई 31 लीटर दूध से महाभिषेक भोलेनाथ का किया गया है। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मंदिर में घंटी लगाने का कार्य जल्द ही होगा। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार,सह सचिव डॉ बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी,विकाश तिवारी, अभिषेक पांडे, अजीत चंद्रवंशी,उदित तिवारी,प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे।



## बड़कागांव के सौरभ ऋषि बने नगर विकास एवं आवास विभाग में जूनियर इंजीनियर



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार द्वारा रांची में राज्यस्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बड़कागांव प्रखंड के सिंदवारी पंचायत के ग्राम सोनबरसा निवासी नेमधारी राम एवं अनीता देवी के पुत्र सौरभ ऋषि को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सौरभ ऋषि का चयन जेएससीसी के द्वारा हाल ही में संपन्न नियुक्ति परीक्षा के पश्चात कनीय अभियंता के रूप में हुआ है। सौरभ ऋषि को नगर विकास एवं आवास विभाग में बतौर कनीय अभियंता पदस्थापित किया गया। सौरभ ऋषि का प्रारंभिक शिक्षा सोनबरसा के ही प्राथमिक विद्यालय एवं बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय से हुई है उसके पश्चात गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज रांची से 2015 18 सत्र से पॉलिटेक्निक की परीक्षा पास कर रांची में रहकर ही पढ़ाई कर रहे थे। पुत्र की उपलब्धि पर पिता नेमधारी राम, माता अनिता देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग में कार्य करने का अवसर मिलना परिवार के लिए गौरव की बात है। सौरभ ऋषि की सफलता पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी, अंकित राज उर्फ सुमित, बहन चांदनी कुमारी, स्नेहा भारती, बहनोई पिंटू कुमार दास, सावन कुमार दास, मामा वेदनारायण राम, ऋषभ कुमार, खुशी भारती, गणेश रविदास, गोविंद राम, अमन कुमार दास, दिनेश राम उर्फ गुड्डु, प्रोफेसर मोहन कुमार दास, मुनेश कुमार, गौतम, संतोष, संजय, पंकज साहू, फुलेश्वर राम, भिकन राम, फयूम अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, रोहित सिंह, केरेडाडी कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# स्व. तिलेश्वर साहू के श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जन सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शुक्रवार को बरही हाउस में पूर्व झारखंड प्रदूषण बोर्ड अध्यक्ष सह विकास पुरुष शहिद तिलेश्वर साहू की दशवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला सम्मेलन एवं रक्तदान व निशुल्क जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू अपने अर्धांगिनी शिल्पी साहू के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर किया। वही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बारी- बारी से स्वर्गीय तिलेश्वर साहू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण साहू ने कहा कि महिला दिवस के दिन हजारों महिलाओं के बीच बरही हाउस के सामने राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मेरे पिताजी की हत्या कर दी गई थी, ताकि बरही मैं जो विकास बिना विधायक बने हो रहा है, उसे रोका जा सके। लेकिन मैं आप लोगों को आश्वस्त कर देना चाहता हूं, कि जिस तरह से मेरे पिताजी आप सब के बीच में रहकर आप लोगों का सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहते थे, उसी तरह मैं भी उनके पदचिन्हो पर चलते हुए आप सबों की सेवा करता रहूंगा। वहीं उन्होंने कहा की वर्तमान में बरही विधानसभा में कोई विकास का कार्य नहीं हो रहा है, अभी तक बरहीवासियो को पानी नहीं मिला है। वहीं महिला दिवस पर माता और बहनों से आशीर्वाद मांगा। वही स्व. तिलेश्वर साहू की धर्मपत्नी व टीएसएस की मुख्य संरक्षिका साबी देवी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं को आगे आकर कार्य करना होगा तभी मेरा पुत्र अपने पिताजी के सपनों को सकार कर पाएगा। वही कार्यक्रम में पहुंचे कोडरमा पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि यदि तिलेश्वर साहू की सच्ची श्रद्धांजलि आप लोगों को देनी है, तो उनके बेटे को आपका आशीर्वाद दीजिए। वहीं उन्होंने कहा कि बरही में जब बदलाव की बयार बहेंगी तो सिर्फ उस समय आपलोगो का समर्थन अरुण साहू को चाहिए। वहीं बरही अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू ने कहा की स्व. तिलेश्वर साहू पूरे झारखण्ड में सेवा भाव के नाम से जाने जाते थे, बरही भी सेवा करने आए थे, लेकिन दूसरे लोगो को पचा नहीं और राजनितिक षड्यंत्र के तहत हत्या करवा दिए। मौके पर बरही प्रमुख मनोज रजक, चौपारण उप प्रमुख प्रीति गुप्ता, मुखिया गोविंद साहू, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, प्रकाश विश्वकर्मा, महासचिव विष्णुधारी महतो, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, रोशन मेहता समेत भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बीएसए में खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर किया प्रोत्साहित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से प्रखण्ड परिसर स्थित मैदान में महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढाकर बेहतर खेल प्रदर्शन करने को लेकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान संत कोलंबस के प्रोफेसर डॉ जयप्रकाश वर्मा, डॉ राजुद्दीन, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, प्रभात रंजन, संतोष शर्मा मौजूद रहे। प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढाते हुए कहा कि आज देश मे महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नही है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वह खेल के क्षेत्र में बेहतर करें और गांव समाज व संस्था का नाम रौशन करें। मौके पर अर्चना कुमारी, वर्षा कुमारी, रिंकी कुमारी, मनीषा कुमारी, आस्तिक गुप्ता, सुमन कुमारी, अंकिता कुमारी, रवीना कुमारी, सोनी कुमारी, सोनम कुमारी, श्रेया कुमारी, पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, श्वेता कुमारी, पूजा कुमारी, अनिशा कुमारी, दिया लक्ष्मी, पूजा कुमारी, रितिका कुमारी, प्रीति कुमारी, अंशिका, रोमी सोरेन, विशाखा मौजूद रही।

## सयाल के प्राचिन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया गया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सयाल के स्टाफ क्लोनी स्थित सिद्धेश्वर नाथ प्राचिन शिव मंदिर में शुक्रवार को शिवरात्रि पर्व पर विशेष कर भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक व श्रृंगार एवं भव्य पुजा का आयोजन सयाल पुजा कमिटी के द्वारा किया गया। वहीं मंदिर पुजा कमिटी की अध्यक्ष पम्मी कुमार ने कहा कि सयाल के प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर विशेष पुजन किया गया एवं भगवान भोलेनाथ का भव्य रूद्राभिषेक व श्रृंगार किया गया। वहीं यह पुजा मंदिर के पुजारी ब्रजेश पाठक ने कराया। वहीं इस मौके पर अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, संदीप प्रसाद केसरी, रामबिलास यादव, निश्चय शर्मा, मंटू राय,सनी सिंह, मनीलाल,उषा शर्मा, सोनी देवी, अनुपमा मिश्रा इत्यादि दर्जनों भक्तजन मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर पुर्व विधायक ममता देवी ने की पूजा अर्चना



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ममता देवी ने गोला डीभीसी स्थित शिवालय में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इस दौरान उन्होंने बताया कि साथ आज का दिन देवों के देव महादेव यानी भगवान शिव को समर्पित है।इस दिन उनकी उपासना में लोग व्रत एवं विशेष पूजा पाठ करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ था इस मौके पर लोग पूजा पाठ करते हैं और व्रत रखते हैं। मौके पर संजय कुमार महतो, शालिनी प्रिया, स्नेहा महतो आदि उपस्थित थे।

## प्रभु श्री राम जी की रथ यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ : नीरज मंडल



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रभु श्री राम जी की रथ की यात्रा शुक्रवार को रामगढ़ सुभाष चौक से रांची रवाना हुई । इस मौके पर सभी राम भक्तों को माल्यार्पण कर स्वागत करते हुऐ श्री राम जी की रथ के साथ पटेल चौक होते हुए महा माई माया टुंगरी तक एक साथ चलते हुए प्रभु श्री राम जी की जयकारा लगाते हुए सभी रांची के लिए रवाना हुए रथ यात्रा 5 तारीख को हजारीबाग से निकल थी जो की कल रात रामगढ़ में विश्राम के लिए रुके थे और आज रांची के लिए रवाना हुए द्य मौके पर नेत्रीवकर्ता अमन कुमार, रौशन झा ने कहा कि की 10 तारीख को मुख्यमंत्री के आवास घेरने और 6 सूत्री मांग को लेकर यह यात्रा निकाली गई है द्य रथ यात्रा के स्वागत करने वालों में मनोज मंडल, संजय बनारसी,नीरज मंडल, दीपक सिसोदिया,संजय कश्यप, रमेश महतो, नितेश कुमार सिन्हा, अजय कुशवाहा, सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती 10 मार्च को



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: ब्रह्महर्षी परिषद रामगढ़ जिला के मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने प्रेस बयान जारी कर जानकारी दी है कि आगामी 10 मार्च को 11ः00 बजे दिन में अशेश्वर सिंह ब्रह्महर्षी धर्मशाला रामगढ़ के सभागार में किसानों के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की 136 वीं जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी विधानसभा रामगढ़ एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर नागेश्वर सिंह होंगे।

## महाशिवरात्रि की मौके पर माया टुंगरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शिव- शक्ति मिलन का महापर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर रामगढ़ के कांकेबार में माँ महामाया माया टुंगरी में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित दिनेश पाठक के अनुसार दिन के 3 बजे तक हजारों भक्त गण पूजा अर्चना कर चुके थे तथा तीन बजे के बाद भी भक्तों का आना जारी था। इस अवसर पर महामाया टुंगरी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दामोदर महतो, ट्रस्टी अर्चना महतो, जयश्री सिंह, सोमनाथ सिंह चौहान झलक देव महतो, सुलोचना, अराधना सिंह, सविता गीता, माधुरी, चिंतामणि पटेल, सोमनाथ महतो, मिथलेश महतो आदि ट्रस्ट के दर्जनों महिला पुरुष सदस्य व्यवस्था के लिए मौजूद थे।

# अठारह की उम्र तक मुफ्त शिक्षा से 2030 तक हो सकता है बाल विवाह का खात्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** रामगढ़ जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था लगातार प्रयासरत है। एक साल के भीतर संस्था ने बाल विवाह के मुद्दे पर एक नया क्रांति लाने का प्रयास किया है। परिणाम यह हुआ कि पूरे जिले में पांच सौ से भी अधिक बाल विवाह रोके गए है। जिससे यह पता चलता है कि जिले में काफी संख्या में बाल विवाह हो रहे है। जिसमे संस्था के महिला कार्यकर्ता निशा कुमारी और कविता कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संस्था ने अठारह वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा देने की मांग की है। तभी 2030 तक देश से बाल विवाह के खत्म किया जा सकता है। अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि विशाल नेटवर्क और जमीनी स्तर पर सूचना तंत्र के माध्यम से पूरे देश में कुल पांच प्रतिशत बाल विवाह रुकवाने में कामयाबी हासिल की है। दुनिया के तमाम देश संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों यानी एसडीजी के तहत 2030 तक बाल विवाह और जबरन विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। बताया गया कि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट अंतरसंबंध है। बाल विवाह के खात्मे के लिए पूरे देश में 160 गैर सरकारी संगठन अभियान चला रहे है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी एक शोधपत्र ÷एजुकेट टू इंड चाइल्ड मैरिज ः एक्सप्लोरिंग लिंकेजेज एंड रोल ऑफ एजुकेशन इन एलिवेटिंग एज ऐट मैरिज फॉर गर्ल्स इन इंडिया÷ में उजागर हुआ कि भारत में बाल विवाह मुक्त 2030 तक खात्मे की राह में टिपिंग प्वाइंट की तरफ बढ़ रहा है। टिपिंग प्वाइंट वह बिंदु है जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म हो जाएगा। ऐसे में यदि 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा एक वास्तविकता बन जाए तो बाल विवाह के अपराध को जड़मूल से समाप्त करने की इस लड़ाई को एक नई धार और दिशा मिल जाएगी।




**देश में पच्चास हजार बाल विवाह रोके गए**

पूरे देश मे पिछले छह महीनों के दौरान ही देश में पच्चास हजार से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। जबकि दस हजार से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने आगे बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एनएचएफएस 019-21) के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 वर्ष की होने से पहले ही हो जाता है। जबकि 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार हर तीन में से दो लड़कियों का विवाह 15 से 17 की उम्र के बीच हो जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि कुल 52 लाख में से 33 लाख लड़कियों का विवाह उनके 18 वर्ष की होने से पहले ही हो गया।

**राजनीतिक दलों को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग**

राज्य सरकार ने इस सामाजिक अपराध के खात्मे में प्रशंसनीय इच्छाशक्ति व गंभीरता दिखाई है, फिर भी बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई को धार देने के लिए कुछ और अहम कदम उठाने की दरकार है। बाल विवाह के खात्मे के लिए 18 वर्ष तक अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा का कदम परिवर्तनकारी साबित हो सकता है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों से अपील किया गया है कि वे हमारी इस मांग को आगामी लोकसभा के अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल करें।

**वर्तमान में बाल विवाह की स्थिति**

जानकारी के अनुसार महिला साक्षरता दर और बाल विवाह की दर के अंतरसंबंधों को रेखांकित किया गया है। 96 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले केरल में बाल विवाह की दर सिर्फ छह प्रतिशत है ।जबकि राष्ट्रीय औसत 23.3 प्रतिशत है। इसी तरह 93 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले राज्य मिजोरम में बाल विवाह की दर सिर्फ आठ प्रतिशत है। इसके उलट बिहार में जहां महिला साक्षरता की दर सिर्फ 61 प्रतिशत है, बाल विवाह की दर 41 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश जहां कि महिला साक्षरता दर 67.5 प्रतिशत है, वहां बाल विवाह की दर 23.1 प्रतिशत है। जबकि 73.8 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले हरियाणा में बाल विवाह की दर काफी कम 12.5 प्रतिशत है।

## ओशो ध्यान का पुनः भव्य शुभारंभ महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** परम गुरु ओशो की कृपा एवं समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी के आशीष से घर - घर ओशो ध्यान की श्रृंखला का पूर्व घोषित आयोजन नेहरू रोड , शिबू कालोनी स्थित मां सुनीता सिंह के निवास पर श्रद्धा , भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पीठ के समक्ष दीप - धूप अर्पण , माल्यार्पण , गुरु वंदना एवं सामुहिक पुष्पार्पण के साथ हुआ। प्रथम चरण में महामृत्युंजय मंत्र के सामुहिक जाप से आयोजन स्थल में ऐसा प्रतीत हुआ जैसे किसी दिव्य आभा ने चहुंओर से ढक लिया हो। संक्षिप्त ध्यान भी कराया गया। ध्यान के संबंध में जोनल कोआर्डिनेटर स्वामी मनोज गुप्ता , वाई ई आचार्य अशोक कुमार गुप्ता और प्रेस मीडिया प्रभारी स्वामी राज़ रामगढी ने क्रमशः अपनी बात रखी। उपस्थित साधकगण ध्यान की सहज , सरल और सरस विशिष्टताओं को समझकर अभिभूत रहे। इसी क्रम में उन्हें घर - घर ओशो ध्यान की आवश्यकता , गुणवत्ता एवं लाभ के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। एक उत्सव गायन , नृत्य एवं वादन की सुरमई संगीत श्रृंखला में पायल कुमारी तथा शिवांगी गुप्ता की प्रस्तुति के पश्चात गुरु प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



आयोजन के संयोजन व संचालन में वाई ई आचार्य अशोक कुमार गुप्ता एवं झारखंड के प्रेस मीडिया प्रभारी स्वामी राज़ रामगढी की महती भूमिका रही , जबकि आभार ज्ञापन मां स्वाति ने किया। अवसर पर सुनीता सिंह , आरती गुप्ता , कुमकुम कुमारी , भूमि कुमारी , सीमा कुमारी , सोनी कुमारी , प्रियंका कुमारी , कुसुम देवी , ब्युटी कुमारी , आशा कुमारी , मंजू कुमारी , रुबी देवी , विदुषी मानसाता , वैष्णवी मानसाता , मनीष गुप्ता , प्रिंस मिश्रा , शिवम् मिश्रा सहित आस-पास की कई श्रद्धालु बहनें और ढेर सारे बच्चों की उपस्थिति रही। उपरोक्त तथ्यों की जानकारी प्रेस मीडिया कोआर्डिनेटर स्वामी राज़ रामगढी ने साझा की है।

## भोले शंकर की सच्ची आराधना से मानव समाज को मन वांछित फल की प्राप्ति होती है : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** महाशिवरात्रि के महापर्व पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी पंचायत के चामरोम गाँव स्थित भंडार टुंगरी में भक्ति जागरण सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी एव विशिष्ट अतिथि रामगढ़ के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रामगढ़ सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रहमदेव महतो शामिल हुए, रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने देवों के देव महादेव शिव शंकर का पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों की सुख, समृद्धि,उत्तम स्वास्थ्य, उज्वल भविष्य की कामना कीमौके पर सुनिता चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि महाशिवरात्रि सनातन धर्म के लोगों का एक प्रमुख त्यौहार है।जो हर साल फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है।इस दिन भोले शंकर के महा शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्व माना गया है।कहते हैं कि जो व्यक्ति सच्चे मन से श्रद्धा और भक्ति के साथ महाशिवरात्रि का व्रत रखता है उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है।शिव पुराण के अनुसार जो कन्याएँ अपने योग्य वर की तलाश कर रही होती है उनके लिए यह व्रत बेहद फलदायी सावित होता है क्योंकि इस व्रत को करने से विवाह में आ रही सभी दिक्कतें दूर हो जाती है।महाशिवरात्रि एवम महिला दिवस के पावन अवसर पर सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई।शास्त्रों के अनुसार अपने जीवन की उद्धार के लिए शिवरात्रि का व्रत माता लक्ष्मी, सरस्वती, गायित्री, सीता, पार्वती और रति आदि देवियों ने की थी।।सभी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई।।मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो,दुलमी प्रखंड के उप प्रमुख धर्मधिर महतो, दुलमी पंचायत के लोकप्रिय मुखिया रविन्द्र महतो, महाशिवरात्रि पूजा समिति के मुख्य संगरक्षक अखिलेश पिंगले,आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर महतो, ब्रजनन्दन महतो, दिलीप कुमार महतो, आजसू पार्टी जिला संगठन सह सचिव बालकृष्ण ओहदार, राहुल कुमार महतो, निरंजन महतो, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, प्रखंड सचिव सुरेश पटेल, सीडी महतो,रूपेश महथा,अशोक कुमार महतो, शिशु महतो, बसंत नारायण महतो,बासुदेव महतो, मदन महतो,राजेश प्रजापति महाशिवरात्रि पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित हजारों लोगों की उपस्थिति मुख्य रूप से हुआ।

## ऐपवा रामगढ़ ज़िला कमेटी द्वारा अतंराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन रामगढ़ जिला कमेटी के सचिव नीता बेदिया, अध्यक्ष-रीता सोरेन, उपाध्यक्ष-कांति देवी के नेतृत्व में ग्राम जोबला में दर्जनों महिलाओं की उपस्थिति में अतंराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।बैठक की अध्यक्षता कांति देवी और संचालन रीता सोरेन ने की सबसे पहले रीता सोरेन ने होड़ संताली भाषा में महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संगठीत होकर संघर्ष करने पर जोर दी।वक्ता में सहिया द्रोपदी देवी,संगीता बेसरा, नीता बेदिया ने बताया कि 8 मार्च 2024 अंतराष्ट्रीय महिला दिवस है । आज से 112-13 वर्ष पहले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस,कामगार मजदूर महिलाओं और गरीब मजदूर महिलाओं के काम के घंटे और वोट देने के सवाल को लेकर वामपंथी नारीवादी महिलाओं ने 1910 -11 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कामरेड क्लारा जेटकिंग की नेतृत्व में महिलाओं का नेतृत्व किया था । जिसमें ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क,जर्मनी और स्वीट्जरलैंड के 100 महिलाओं की संयुक्त भागीदारी बनी और सहमति भी बनी कि सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक सम्मान और उनके अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में बुनियाद रखा गया।आगे चलकर 1996 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने महिला दिवस मनाने का शुरुआत की गई।

## भुरकुंडा कोयलांचल में भक्ति आस्था का प्रतीक है बुढ़वा महादेव मंदिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा कोलियरी के तीन नंबर झोपड़ी स्थित ललकारी नदी तट और पहाड़ियों के बीच में गिरा हुआ स्थल पर स्थापित है बुढ़वा महादेव मंदिर लोगों में मंदिर के प्रति काफी आता है आज शिवरात्रि महापर्व में बरका सयाल के जीएम अजय सिंह ने भी बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना किये साथ ही अपने हाथों से महाप्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किए। महाप्रबंधक अजय सिंह द्वार बुढ़वा महादेव के प्रांगण में एक चबूतरे के साथ सेड का निर्माण करवाया गया। इस निर्माण से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। साथ ही साथ श्रद्धालुओं में काफी खुशी भी है। इस बुढ़वा महादेव मंदिर में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ती है मंदिर में सालभर दूर दराज से शिवभक्त पूजा करने आते हैं जिसके कारण श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ है। आज से मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन भी किया जा रहा है जो कल पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। अखंड हरी कीर्तन समाप्त होने के बाद महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक, भुरकुंडा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि मनोज राम, बुढ़वा महादेव समिति अध्यक्ष गणेश साव, मुख्य पुजारी अशोक तिवारी, सहित सौदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा, सहित बुढ़वा महादेव समिति के सदस्यों गणौ सहित क्षेत्र के सभी भक्त गाणै का दो-दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में बिशेष योगदान है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह मायाटूगरी, कांकेबार में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दयमंती मुंडा, महिला मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत के सक्रिय सदस्य, तथा सभी समुदाय के महिला उपस्थित हुए । मुख्य अतिथि दयमंती मुंडा ने कहा कि धरती मां के समान त्याग, क्षमा, सहनशीलता की प्रतिमूर्ति , अपना सब कुछ परिवार समाज को न्योक्षावर करने के बाद सिर्फ सम्मान की अभिलाषा करने वाली हम सभी महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आज के समय में महिलाएं पुरुष से कम नही है। सभी को अपने हक और अधिकार के लिए हमेशा आगे आना चाहिए। घर चलाने के लिए पुरुष का अहम योगदान है, तो घर को स्वर्ग बनाने में भी महिलाएं की मुख्य भूमिका होती हैं। शिक्षा को भी बढ़ावा देना है तथा बाल बच्चों को आज के समय में पढाना बहुत जरूरी है । इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से दयमंती मुंडा, निवेदिता महतो, लीलावती महतो, भारती कुशवहा रूपा महतो, शैल देवी, गुडी देवी,देवंती देवी, प्रियंका कुमारी, अनुपम देवी, सुलेखा देवी, प्रीति कुमारी, सानिया प्रविन, गौरी देवी, संयोति देवी, बबिता देवी, रेणु कुमारी, आशा देवी, बबिता, सुजंती देवी, रेणु देवी, ललिता देवी, रिणा देवी, विमला देवी, गीता देवी, किरण देवी, शोभा देवी के अलावा हज़ारों लोग उपस्थित थे।

# भक्तजनो ने की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका जीएम ऑफिस समेत आस-पास के गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा, हेसला, मनुवां, फुलसराय आदि क्षेत्र में शुक्रवार महाशिवरात्रि को लेकर शिव शक्ति के भक्तजनों ने मंदिरों में सुबह से ही कतारबद्ध होकर पूजन, पाठन किया। अलसर पर महादेव, माता पार्वती के गगनचुंबी जयकारे लगाये। जिससे नगर क्षेत्र मंदिर परिसर भक्तिमय बन उठा। सभी भोलेनाथ ओघड़दानी के बारात में भी शामिल होने के लिए ललाईत दिखे। कई पूजा समिति भूतनाथ के बारात निकालने की तैयारी कर रहे थे। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर दूध, दही, शक्कर,घी, गंगाजल से जलाभिषेक किया। साथ ही पुष्प, बेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाकर भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। इसके अलावे मां आदिशक्ति को भी प्रसन्न करने के लिए उनके भोग खीर, मिष्ठान, फल फूल को भक्तों ने अर्पित किया।



पूजन पाठन के बाद कई मंदिरों में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया। क्षेत्र के अरगड्डेश्वर शिव मंदिर में ब्राह्मण संजय गुरु के द्वारा विधिवत पूजन अर्चना करवाई गई। जिसके बाद कीर्तन आरंभ हुआ। सभी मंदिरों में समितियां के द्वारा विधि व्यवस्था की गई थी। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। इसके अलावे दान करने वाले भक्तों के लिए काउंटर व दान पेटी रखा गया था। महादेव के रंग में पूरा क्षेत्र गेरुआ वस्त्र में पटा हुआ दिखा। मंदिरों को विद्युत सज्जा से भी सजाया सवारा गया था। बच्चे, युवा, बुजुर्ग, युवतियां महिलाएं सभी भगवान के भक्ति में भक्तिमय दिखाई पड़े। मौके पर अरगड्डा में मंदिर समिति के सूरज कुमार पासवान उर्फ सिक्की, रिकी पटवा, सिरका में रामाशीष प्रजापति, रणधीर कुमार, रंजन कुमार समेत कई भक्तजन उपस्थित थे।

# गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार को भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा का आयोजन हुआ। तत्पश्चात गाजे-बाजे और भगवा झंडे के साथ धुमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में श्रद्धालु भगवान शिव, नंदी, भूत प्रेत, राक्षस सहित अन्य का वेशभूषा धारण किये हुये थे। बारात हॉस्पीटल कॉलोनी शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकलकर छठ मंदिर, थाना चौक मुख्य मार्ग होते हुए बिरसा चौक से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु शिव भक्त नाचते झुमते नजर आयें। बारात मे हर हर महादेव, जय भोलेनाथ सहित अन्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। शिव बारात में मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, ए ला एंग्लाइज स्कूल के प्राचार्य विजयंत कुमार, सरोजकांत झा, दुर्गा वाहिनी के संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, सहित दर्जनों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। इसके पूर्व पूजा समिति द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि शनिवार की संध्या भक्ति कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं रविवार को भव्य भंडारे का आयोजन होगा। पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में शिव मंदिर समिति अध्यक्ष नित्यानंद पाठक सहित युवा कार्यकर्ता सदस्यों में मुखिया अजय पासवान, लालू पाठक, अभिषेक सोनी, दानिस खान, कुणाल करमाली, आकाश, शिवा चौहान, अभिजीत दास, विजय सिंह, विक्रम, नेपाली सिंह, सुधीर दुबे, बसंत करमाली, सोनू आदि सक्रिय हैं।

## पहला कदम स्कूल में मना विश्व महिला दिवस व महाशिवरात्रि उत्सव



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल जगजीवन नगर स्थित पहला कदम में शुक्रवार को विश्व महिला दिवस तथा महाशिवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को झारखंड प्रांत की महिला सशक्तिकरण की प्रमुख साधना देवरालिया और डाली झुनझुनवाला इस कार्यक्रम मे शामिल हुई। महिला दिवस के अवसर पर सोनी कुमारी को स्पेशल शूज देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही केक काटकर सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने मंदिर जाकर पूजा अर्चना की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डाली झुनझुनवाला ने समाज के लोगों से आह्वान किया की मंदिर में ईश्वर की आराधना के साथ स्कूल में जाकर दिव्यांग बच्चों की सेवा करना एक पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि पहला कदम स्कूल दिव्यांग बच्चों के विकास में न केवल बेहतर प्रदर्शन कर रहा है बल्कि खेल और कल्चरल एक्टिविटी में भी पंचम लहरा रहा है।

## एपीएल सीजन - 3 : आएशा इलेवेन को हरा कर जनता गैरेज बना चैंपियन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को भूली स्थित ए ब्लॉक ग्राउंड मे खुर्शीद अंसारी एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित आजाद नगर प्रीमियर लीग सीजन- 3 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले मे जनता गैरेज की टीम ने एक रोमांचक मुकाबले मे आएशा इलेवेन को 35 रनों से पराजित कर ट्रॉफी कर कब्जा किया। सैफ अली खान मैन ऑफ द मैच घोषित हुए जबकि पुरे टूर्नामेंट मे शानदार प्रदर्शन करने वाले दीपक राम को मैन ऑफ द सिरीज का खिताब दिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए झारखंड सरकार युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव, उपाध्यक्ष मो जुबैर, धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के सचिव शाहिद कमर, उपाध्यक्ष शाहिदा कमर, युवा कांग्रेस झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, महासचिव सोहराब अंसारी, भूली थाना प्रभारी शेखर कुमार, वार्ड संख्या- 5 की पार्षद प्रत्याशी निरूपमा देवी, समाजसेवी दिलीप सिंह, विवेक गुप्ता आदि का आयोजनकर्ता खुर्शीद अंसारी के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वहीं सभी अतिथियों ने विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया तथा इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये खुर्शीद अंसारी एवं उनकी टीम समेत समस्त खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# रात में घर को छोड़ कर जाने वाले परिजन पुलिस व पड़ोस को सूचना देकर जाएं : थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** अपराधियों द्वारा पिछले दिनों जामाडोबा बाजार में एसबीआई के एटीएम को लूटने कि घटना को जाबांजी से विफल करने वाले जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा का गुरुवार को जामाडोबा के चेंबर ऑफ कॉमर्स ने ब्राइट स्कूल मे बैठक कर सम्मानित किया। बैठक कि अध्यक्षता चेंबर के शाखा सचिव आरिफ सिद्दीकी व संचालन किशोर कुमार और गुड्डन अंसारी ने किया। बैठक में थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने जामाडोबा के लोगों से कहा कि रात में घर को छोड़कर जाने वाले परिजन पुलिस को तथा पड़ोस को सूचना देकर जाए ताकि चोरी जैसी घटना पर विराम लगाया जा सके। बाजार कि सुरक्षा के लिए दुकानदार अपने अपने दुकानों के सीसीटीवी को अपडेट रखने तथा रात्रि में सुरक्षा को गार्ड रखने कि सलाह दिया। उन्होंने सड़क किनारे किए जा रहे अतिक्रमण के संबंध में कहा कि बाजार में तथा सड़क किनारे जो भी लोग ठेला लगाकर अतिक्रमण किए हैं, वह थोड़ा सड़क को छोड़कर लगाए। सड़क पर अतिक्रमण से ही अक्सर सड़क दुर्घटना कि घटना होती है। उन्होंने लोगों से नाबालिक को वाहन नहीं चलाने देने कि सलाह देते हुए ट्रिपल लोड में बाइक में पकड़े जाने वाले के खिलाफ करवाई करने की चेतावनी दी। थाना प्रभारी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे किसी तरह कि आपराधिक मामलों कि सूचना पुलिस को दें ताकि पुलिस तत्काल कार्रवाई कर सके।

## पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन, निकाली कलश यात्रा



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रीश्री 108 ओम कारेश्वर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। गुरुवार को मंदिर प्रांगण से गाजा बाजा व डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर प्रांगण से निकल कर सीधा लिलोरी मंदिर स्थित कतरी नदी तट पहुँची। जहा आचार्य अशोक पांडेय के पंडितो की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरण कराया। कलश यात्रा राहुल चौक, भगत सिंह चौक, कतरास बजार, कलाली फाटक, गुहीबांध होता हुआ मंदिर प्रांगण पहुची। यात्रा में 108 कन्याएं व् महिलाएं माथे में कलश लिए चल रही थी। श्रद्धालु बाजा के धुन में नाचते गाते चल रहे थे। महिलाएं जय श्री राम, जय ओम् कारेश्वर भगवान, जय भोले, हर हर महादेव, जय विश्वनाथ बाबा का नारा लगाते चल रही थी। मंदिर पहुंचने पर मंडप प्रवेश, वेदी पूजन तथा रूद्र महायज्ञ प्रारंभ किया गया।

## नारी शक्ति वंदन के तहत निकाला गया पद यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत कुरहोबिन्दो मे भाजपा राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार पद यात्रा निकाला गया। यह पद यात्रा भाजपा महिला मोर्चा नवडीहा मंडल अध्यक्ष पिंकी कुमारी के नेतृत्व में निकाला गया। महिला शक्ति को प्रोत्साहित करना इस पद यात्रा का मकसद था। बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है उन्हें कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। इस पद यात्रा मे मोहित मिश्रा, महामंत्री सुधीर वर्मा, सहित नवडीहा मंडल एवं स्वयं सहायता समूह की काफी महिलाएं शामिल रही।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन**

## महिला रेलकर्मियों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा महिला सषक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देष्य से महिलाओं के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए । इसी कड़ी में मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैषाली रेल प्रेक्षागृह में महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाष तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा द्वारा वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए 66 महिला रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाष ने सभी महिला रेल कर्मियों को शुभकामना देते हुये रेल सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की । महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल को अपने महिला रेलकर्मियों पर काफी गर्व है । वे अब हरेक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही हैं । महाप्रबंधक ने विष्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कर्त्तव्यनिष्ठ महिला रेलकर्मियों के सहयोग से पूर्व मध्य रेल सफलता की नई उँचाई को प्राप्त करेगा । उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला रेलकर्मी अपने-अपने दायित्वों का बखुबी निर्वहन कर रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज पूर्व मध्य रेल के सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में भी महिला रेल कर्मियों के लिये स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर ''कन्या भ्रूण हत्या'' पर आधारित एक प्रजेंटेषन की भी प्रस्तुति की गयी ।

## महिला दिवस पर विशेष : कतरास की बीनू गुप्ता योग के माध्यम से लोगों को कर रही है स्वस्थ्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** छाताबाद निवासी माहुरी महिला समिति की अध्यक्ष योग प्रशिक्षक बीनू गुप्ता सामाजिक कार्य के साथ-साथ अपने योग विद्या से सैकड़ो लोगों को योग करा कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही है। माहुरी महिला समिति के अध्यक्ष होने के नाते सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। बीनू गुप्ता ने बताया कि उनको योग करने की प्रेरणा एक इंटरनेशनल संस्था से मिली। जहां उनका वजन पहले बहुत ही अधिक था। उक्त संस्था से जुड़ने के बाद उनका वजन काफी कम हुआ। इसके बाद उनके मन में ख्याल आया कि क्यों नहीं देश के लिए योग के क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का काम किया जाए। उन्होंने कतरास छाताबाद स्थित अपने आवास पर आनलाइन योग प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया। योग प्रशिक्षण से अब तक सैकड़ों लोगों को इसका लाभ पहुंचा चुकी है। उनके योग का ख्याति अब न केवल जिले में बल्कि जिले से बाहर भी है। लोग ऑनलाइन योग सीख कर अपना स्वास्थ्य ठीक कर रहे हैं। जिससे उनके मन में अब काफी खुशी है। योग के क्षेत्र में लोगों को स्वस्थ करने में यह कतरास की सफल महिला साबित हुई हैं।

## प्रभात मंत्र का असर : महुदा पुलिस व खनन विभाग हुई रेस, छापेमारी कर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा, चालक हुआ फरार


बड़े पैमाने पर हो रहे बालू की खुदाई से दामोदर नदी के अस्तित्व पर खतरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोचो पुल दामोदर नदी में अवैध बालू खनन से संबंधित प्रभात मंत्र में बुधवार को छपने के बाद महुदा थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार और खनन विभाग ने संयुक्त छापामारी का अवैध बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है बाकी ट्रेक्टर पुलिस को देखकर इधर उधर भागने लगे । तभी महुदा पुलिस ने एक ट्रेक्टर को पकड़ा। जिस पर प्राथमिक की दर्ज कर अग्रतार करवाई की जा रही है पुलिस को देखते चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा।पुलिस ने बताया की दामोदर नदी के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करने वालो को नही छोड़ा जाएगा। छपे मारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## टुंडी विधायक द्वारा लगातार विकास कार्यों का शिलान्यास लोगों में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने गुरुवार को टुंडी के विभिन्न क्षेत्रों में कई योजनाओं का आधारशिला रखा चैनपुर जोरियां में पुल तथा प्रखंड कार्यालय के समीप आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

मौके पर बसंत महतो, आंनद महतो,अकरम हुसैन, इम्तियाज हुसैन, फूलचंद किस्कू, संतूलाल किस्कू समेत कई झामुमो नेता उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक लोक नृत्य शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** कला संगम गिरिडीह के तत्वाधान में बरमसिया स्थित सवेरा सिनेमा हॉल में शुक्रवार को आयोजित तीन दिवसीय 23वीं अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक लोक नृत्य शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सदर विधायक सुदिब्य कुमार सोनू गांडेय के पूर्व विधायक प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा और कला संगम के पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत कला संगम के संरक्षण समेत पदाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर और शॉल भेट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सलूजा गोल्ड के चेयरमैन डॉ अमरजीत सिंह सलूजा लाल स्टील के चेयरमैन जयप्रकाश लाल और पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को रंग सम्मान से सम्मानित किया गया। जगदीश प्रसाद कुशवाहा की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम 10 मार्च को समाप्त होगा। पहले दिन उद्घाटन के बाद चार नाटकों का मंचन किया गया। जिनमें कैनवास की मौत और प्याज के छिलके भी शामिल थे। इसके बाद लोक नृत्य शास्त्रीय नृत्य की प्रतियोगिता हुई।

## गिरिडीह में शिवरात्रि को लेकर शिवालय में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को टुंडी रोड स्थित दुखहरण महादेव मंदिर, झारखण्ड धाम, विश्वनाथ मंदिर, भण्डारीडीह मंदिर, नचनिया पहाड़ी, खुटरी धाम, अरगाघाट, समेत विभिन्न शिवालयों में आस्था का जनसैलाब देखने को मिला। अहले सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्त पहुंचने लगे थे। भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए लोग कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे इस दौरान सभी शिव मंदिर हर हर महादेव के जयकारे से गूंजयमान रहा। शहरी क्षेत्र के बरगंडा स्थित विश्वनाथ मंदिर झण्डा मैदान स्थित पुराना जेल परिसर मंदिर सिरसिया स्थित कालिका कुंज शिव मंदिर शास्त्री नगर स्थित नागेश्वर मंदिर बस स्टैंड रोड स्थित शिव मंदिर कचहरी स्थित पंच मंदिर कोर्ट परिसर स्थित शिव मंदिर बड़ा चौक स्थित शिव मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। भक्त दूध जल गंगाजल मधु घी आदि से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया इसके बाद जनेऊ वस्त्र फूल बेलपत्र प्रसाद समेत नाना प्रकार के समाग्री अर्पण किया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय से भरा रहा।

## आम आदमी पार्टी के बैनर तले पानी की समस्या को लेकर लोदना महाप्रबंधक के समक्ष विरोध प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** आम आदमी पार्टी के बैनर तले पानी की समस्या को दूर करने की मांग को लेकर बूढ़ीबांध डिगवाडीह के ग्रामीणों ने भागा स्थित लोदना महाप्रबंधक के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में महिलाएं, पुरुष शामिल हुए। महासचिव मदन राम ने कहा कि बस्ती में वर्षो से पानी की समस्या बनी हुई है जो अब बिकराल रूप ले लिया है। इसके लिए लगातार प्रबंधन को पत्र लिखा गया है, मजबूरन आंदोलन करना पड़ रहा है। आउट सोर्सिंग के कारण प्रबंधन पानी नही देना चाहती है ताकि लोग परेशान होकर बस्ती खाली करदे। आंदोलनकरी प्रबंधन के आश्वासन के बाद गेट बंद कर जाम को खत्म किया है। तीन घण्टे तक विरोध प्रर्दशन के बाद अपर महाप्रबंधक सहदेव मांझी ने नेतृत्व कर्ता से वार्ता कर कहा कि जल संकट दूर करने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। आश्वाशन के बाद गेट जाम को हटाया गया। इस मौके पर संयोजक अशोक महतो, महेंद्र सिंह मीनू, राजेश कुमार, मदन राम, मीना देवी, रेखा देवी, जितेंद्र पासवान, आदित्य नारायण, बेबी देवी आदि थे।

**राजद महिला प्रकोष्ठ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार आयोजित**

## महिलाओं के उत्थान से ही राष्ट्र व समाज का सर्वांगीण विकास संभव : अनवरी खातून



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर राष्टीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की ओर से केंदुआ नंबर चार में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष अनवरी खातून एवं संचालन सुल्ताना बेगम ने की। मौके पर जिला अध्यक्ष जनवरी खातून ने कहा की महिलाओं के प्रति सम्मान,प्रशंसा,प्रेम के साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक उपलब्धियां एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष में महिला दिवस उत्सव के तौर पर आज मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने अधिकार के लिए हर महिलाओं को दृढ़ एवं अटूट इरादे के साथ लड़ना चाहिए। महिलाओं के उत्थान से ही राष्ट एवं समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने आगे कहा कि आधी आबादी का एक बड़ा तबका चुनौतियों से लड़कर लगन, निष्ठा और कड़ी मेहनत से शीर्षस्थ स्थान तक पहुंची है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मौके पर शाहिदा खातुन, चानू कुमारी, शबनम प्रवीण, उमा कुमारी, नजमा खातुन, जहाना बीबी, सोनी देवी सकीना खातुन, सुल्ताना, साबरा खातुन, मुमताज अंसारी, गुड़िया खातुन के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अठारह की उम्र तक मुफ्त शिक्षा से 2030 तक हो सकता है बाल विवाह का खात्मा : चंद्रपति यादव

## गैरसरकारी संगठन ने सभी राजनीतिक दलों से इसे चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने की अपील की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अठारह वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे में निर्णायक भूमिका निभा सकती है क्योंकि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट अंतर संबंध है। देश में बाल विवाह के खिलाफ जारी लड़ाई में परिवर्तनकारी साबित हो सकने वाला यह अहम निष्कर्ष देश में 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए अभियान चला रहे 160 गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी एक शोधपत्र एक्सप्लोरिंग लिंकेजेज एंड रोल्स ऑफ एजुकेशन इन एलिवेटिंग एट मैरेज फॉर गर्ल्स इन इंडिया में उजागर हुआ है। शोधपत्र के अनुसार,भारत बाल विवाह की बुराई के 2030 तक खात्मे की राह में एक टिपिंग प्वाइंट यानी निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। टिपिंग प्वाइंट वह बिंदु होता है जहां से छोटे बदलावों और घटनाओं की श्रृंखला इतनी बड़ी हो



जाती है जो एक बड़ा और आमूल परिवर्तन कर सकें। ऐसे में यदि 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा एक वास्तविकता बन जाए तो बाल विवाह के अपराध को जड़मूल से समाप्त करने की इस लड़ाई को एक नई धार और दिशा मिल जाएगी। इस अध्ययन की अगुआई कर रहे पुरुजीत प्रहराज ने कहा, यद्यपि केंद्र व राज्य सरकारें,दोनों ही बाल विवाह के खात्मे के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और गंभीरता से काम कर रही हैं, फिर भी यदि मौजूदा शिक्षा का अधिकार कानून में बदलाव कर 18 वर्ष तक शिक्षा अनिवार्य और निशुल्क कर दी जाए तो यह बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में प्रयासों को नई गति दे सकता है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2030 तक इस सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए बाल विवाह की ऊंची दर वाले 300 से ज्यादा जिलों में इसके खिलाफ जमीनी अभियान चला रहे 160 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है। इस गठबंधन ने पिछले छह महीनों के दौरान ही देश में 50,000 से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं जबकि 10,000 से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है जिसमे से लोहरदगा जिले में सभी हितधारकों की मदद से इस दौरान 462 शादी रोके गए हैं एवं 25 से ज्यादा मामलों में कानूनी करवाई की गई है। अपने विशाल नेटवर्क और जमीनी स्तर पर सूचना तंत्र के माध्यम से इसने पूरे देश में कुल बाल विवाहों के पांच प्रतिशत बाल विवाह रुकवाने में कामयाबी हासिल की है। बताते चलें कि दुनिया के तमाम देश संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों यानी एसडीजी के तहत 2030 तक बाल विवाह और जबरन विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। लोहरदगा में इस शोधपत्र के निष्कर्षों को जारी करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सहयोगी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने कहा कि यद्यपि केंद्र व राज्य सरकार ने इस सामाजिक अपराध के खात्मे में प्रशंसनीय इच्छाशक्ति व गंभीरता दिखाई है, फिर भी बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई को धार देने के लिए कुछ और अहम कदम उठाने की दरकार है। शोधपत्र के निष्कर्षों से यह स्पष्ट है कि बाल विवाह के खात्मे के लिए 18 वर्ष तक अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा का कदम परिवर्तनकारी साबित हो सकता है और इसलिए सभी राजनीतिक दलों से अपील है कि वे हमारी इस मांग को आगामी लोकसभा के अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल करें। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान उके सचिव चंद्रपति यादव ने कहा कि फिलहाल राष्ट्र को शिक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देने की जरूरत है और हम सरकार से बाल विवाह पर पूरी तरह प्रतिबंध की मांग करते हैं। शोधपत्र में भारत के विभिन्न हिस्सों से लिए गए आंकड़ों और तथ्यों के आधार पर महिला साक्षरता दर और बाल विवाह की दर के अंतरसंबंधों को रेखांकित किया गया है। उदाहरण के तौर पर 96 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले केरल में बाल विवाह की दर सिर्फ छह प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय औसत 23.3 प्रतिशत है। इसी तरह 93 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले राज्य मिजोरम में बाल विवाह की दर सिर्फ आठ प्रतिशत है। इसके उलट बिहार में जहां महिला साक्षरता की दर सिर्फ 61 प्रतिशत है,बाल विवाह की दर 41 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश जहां कि महिला साक्षरता दर 67.5 प्रतिशत है,वहां बाल विवाह की दर 23.1 प्रतिशत है जबकि 73.8 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले हरियाणा में बाल विवाह की दर काफी कम 12.5 प्रतिशत है। शोधपत्र के अनुसार, ÷अध्ययन से यह स्पष्ट है कि शिक्षा तक पहुंच के विस्तार से लड़कियों के विवाह की उम्र आगे खिसकती है जिसके सकारात्मक नतीजे बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति और लैंगिक समानता के रूप में सामने आते हैं।÷ यद्यपि,शोधपत्र में एकाध ऐसे दृष्टांतों का भी जिक्र है जहां महिला साक्षरता और बाल विवाह की दर के बीच जो अंतरसंबंध पूरे देश में दिखाई देते हैं, उससे उलट स्थिति है। मसलन पश्चिम बंगाल में महिला साक्षरता की दर 77 प्रतिशत है लेकिन इसके बावजूद वहां बाल विवाह की दर अत्यधिक रूप से ऊंची 42 प्रतिशत है। इसी तरह त्रिपुरा में महिला साक्षरता दर 82 फीसद होने के बावजूद बाल विवाह की दर 40 प्रतिशत है। असम में साक्षरता दर 78.2 प्रतिशत है जबकि बाल विवाह की दर 31.8 प्रतिशत है। शोध पत्र के अनुसार, ये अपवाद इस बात का संकेत हैं कि महिला साक्षरता दर की भूमिका भले ही महत्वपूर्ण हो लेकिन कुछ क्षेत्रों में आर्थिक-सामाजिक कारक और सांस्कृतिक परंपराएं बाल विवाह के चलन को प्रभावित करती हैं।

## महिलाएं हर क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करते हुए देश का नाम रौशन कर रही हैं : सीमा परवीन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सीमा परवीन की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मौके पर महिला कांग्रेस के नेत्रियों द्वारा छोटे स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें झारखंडी गीत, नृत्य, झूमर गाकर एवं एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर आनंदित हुई। विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा करने वाली तीन महिलाओं रामकुमारी उरांव, मनोरमा लकड़ा, मुनि देवी को नारी न्याय सम्मान का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष सीमा परवीन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमारी महिलाएं, माताएं, बहने हर क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करते हुए देश व राज्य का नाम रौशन कर रही हैं। महिलाएं समाज निर्माण में अपना अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्तर पर समुचित भागीदारी के बिना महिला सशक्तीकरण का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है,ताकि उन्हें रोजगार,अधिकार, शिक्षा का समान अवसर मिल सके। महासचिव प्यारी देवी ने कहा कि महिलाओं के हितों एवं सम्मान की रक्षा प्रत्येक नागरिक का पहला कर्तव्य होना चाहिए। पुरातन काल से ही महिलाएं सफलता तथा सामाजिक बदलाव का प्रतीक रही हैं। संबोधित करने वालों में जिला उपाध्यक्ष सह जिप सदस्य रूबी कुमारी,सुशीला देवी,महासचिव शहजादी खातून आदि शामिल थीं। जिप सदस्य सह उपाध्यक्ष श्रीमती रूबी कुमारी, सुशीला देवी, महासचिव शहजादी खातून,प्यारी उरांव, प्रखंड अध्यक्ष किस्को पुनीता देवी, पेशरार सरीता खल्खो,पंचायत अध्यक्ष जसमती भगत, लोहरदगा ललकारेन एक्का,कैरो मुनि उरांव, रामकुमारी उरांव, मनोरमा लकड़ा, मुनि देवी (सम्मानित), जमीला खातून, कुलेश्वरी नगेशिया समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं द्वारा नारि न्याय से संबंधित हैं तैयार हम न्याय का हक मिलने तक का पोस्टर का विमोचन किया गया।

## बिंदेश्वर उरांव ने महाशिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत कुम्हरिया गांव में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिवरात्रि मेला का आयोजन किया गया। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिदेश्वर उरांव व विशिष्ट अतिथि आजसू नेत्री नीरु शांति भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में रांची से आए नागपुरी कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर गीत-संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों व ग्रामीणों द्वारा कुम्हरिया स्थित कारु मठ मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की गई। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिदेश्वर उरांव ने



कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का मेला का आयोजन कराना सराहनीय है। मेला-जतरा से आपसी भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखने को लेकर अपना योगदान देना होगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव तथा लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी नीरु शांति भगत ने कहा कि कुम्हरिया गांव में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में इस तरह भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करना सराहनीय है। मेला-जतरा के सफल आयोजन से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। मौके पर पंकज साहू, पारसनाथ साहू, राजेश साहू, बिंदु साहू, जतन साहू, अरविंद उरांव, पूर्णिमा कुमारी, समरजीत सिंह, परमानंद साहू,संदीप साहू, केश्वर साहू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने मथानी पोखरा से एक युवती का शव किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के बंडा गांव स्थित मथानी पोखरा के समीप से भंडरा थाना पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है। युवती की पहचान बंडा गांव निवासी गौहर मिरदाहा की पुत्री ताहिरा खातून (29 वर्ष) के रुप में हुई है। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वजन व भंडरा थाना पुलिस को दिया गया। बताया जाता है कि ताहिरा खातून गुरुवार को अपने घर से सुबह के दस बजे रोजाना की तरह बकरी चराने गई थी, परंतु देर शाम तक घर नहीं लौटने पर स्वजनों ने ताहिरा की काफी खोजबीन की परंतु ताहिरा नहीं मिली। शुक्रवार की सुबह ताहिरा का शव बंडा के मथानी पोखरा के समीप मिली। उसके शरीर में काफी चोटें की निशान है। साथ ही गला में भी चोंट के निशान है। स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि ताहिरा की हत्या कर शव को घसीट कर मथानी तालाब के पास रखा गया है। साथ ही शव



को शॉल से ढक दिया गया है। इस मामले की सूचना मिलते ही लोहरदगा एसडीपीओ श्रद्धा केरकेटा घटनास्थल पहुंच जांच-पड़ताल में जुट गई है। साथ ही फॉरेंसिक जांच की टीम में घटनास्थल के इर्द-गिर्द घूमकर साक्ष्य खंगाल रही है। इस मामले में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि युवती की हत्या कर शव को छोड़ा गया है। भंडरा थाना पुलिस व फॉरेंसिक की टीम जांच कर रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भंडरा थाना में कांड अंकित कर मामले की पड़ताल की जा रही है।

## अखिलेश्वर धाम सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालय में अहले सुबह से ही भक्तों की उमड़ी भीड़



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा अखिलेश्वर धाम सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालय में अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। महाशिवरात्रि को लेकर शिव भक्त अहले सुबह से ही अखिलेश्वर धाम, देशवाली, कसपुर कारूमठ, बेलडिपा के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिर में पहुंच विधिवत पूजा-अर्चना किया। भंडरा के शिवालय में हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ भक्त कतारबद्ध भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना किया। भंडरा के अखिलेश्वर धाम में महाशिवरात्रि को लेकर देर शाम तक भक्तों की भीड़ रही। मंदिर में विधि व्यवस्था को लेकर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह द्वारा पुलीस बल की तैनाती की गई थी। इस शिवरात्रि के अवसर पर कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस लगातार गस्ती करते देखा गया। इस दौरान अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में भंडरा के चंदन लहेरी, श्रीकांत गुप्ता, अमर साहू, विकास लहेरी, भीम नाथ शाहदेव, विशाल सोनी द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें भक्तों के बीच पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर उमड़ा मंदिर व शिवालयों में भक्तों का सैलाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना व अभिषेक को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों मे श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिला पुरुष बालक बालिकाएं सभी लोगों ने व्रत रखकर श्रद्धा व भक्ति से विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में स्थापित भगवान महादेव श्री भोलेनाथ और माता पार्वती का पूजन कर सुख समृद्धि के लिए कामना किया महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कोराम्बे, सेरेंगहातु, बदला, चौकनी, अरु, सेन्हा, जोगना, चंदकोपा, झखरा सहित विभिन्न जगहों में स्थापित भगवान शंकर का मंदिर में श्रद्धा भक्ति से श्रद्धालु भक्त जन ने भगवान शिव और माता पार्वती का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर पुष्प, अक्षत, चंदन, बेलपत्र आदि से पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल का वरदान मांगा। प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिर और शिवालयों में सुबह से ही पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। साथ ही महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों तथा मंदिरों को सुंदर और आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह जगह डीजे की धुन में बज रहे शिव महिमा व भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। धर्म ग्रंथ और वेद पुराणों के अनुसार मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव जी का माता पार्वती के साथ विवाह सम्पन्न हुआ था। इस लिए महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है।

## बिमरला में सीएसआर के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हिंडाल्को की मिनरल्स एंड मिनरल्स लि.द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइन्स परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में सेविका मिस्तेला भगत की अगुवाई में अन्य बहनों के साथ केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। साथ ही सभी महिलाओं को मिठाईयां खिलाकर बधाइयां दी गई। सभी महिलाएं बेहद उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने उपस्थित मातृ शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे हैं। इसके लिए क्षेत्र की सभी बेटियों को शिक्षा से जोड़ने को कहा। शिक्षा से नारी सशक्त होती हैं। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के अभय भारती ने किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, सहिया, सेविका, ग्रामीणजन एवं खान प्रबंधक, अधिकारी गण जिनमे चंद्रकांत दुबे, मिहिर बरई, अनुज सिंह, प्रमोद साहू, नागेंद्र सिंह, कृष्णा शर्मा, सुखराम असुर, विनय भुइयां, सुरेश उरांव व कर्मचारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि में भक्तों ने बारह सौ फीट ऊंचाई पर स्थित भगवान शंकर जी का किया पूजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव के बारह सौ फीट ऊंची पहाड़ी पर गुफा में स्थित भगवान शंकर जी का महाशिवरात्रि के मौक पर भक्तों ने आस्था और भक्ति भाव से हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना किया और अपने तथा क्षेत्र की सुख शांति के लिए भगवान श्री भोलेनाथ से मंगल कामना किया। महादेव मंडा के नाम से यह पहाड़ी गुफा क्षेत्र में चर्चित है। दिन भर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ रही। जिसे पूजा के लिए गुफा तक भक्तों का लम्बी कतार लगी हुई थी। वही त्रिलोकी सिंह, दीपक उरांव, हौड़ा उरांव, गोपाल ठाकुर, उदय सिंह, शीला उरांव ने बताया कि बारह सौ ऊंची पहाड़ के गुफा में स्थित भगवान शंकर जी का पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। महिला पुरुष छोटे बड़े बच्चे बच्चियां सभी लोग द्वारा उमंग व उल्लाश के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान श्री भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया गया। साथ ही कहा की इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महादेव मंडा में बारह घंटे का अखंड हरिकृतन और भंडारा का आयोजन किया गया। रात में संस्कृति कार्यक्रम आयोजित होगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ भगवान शंकर एवं माता पार्वती का पूजा अर्चना किया गया। जिसे पूरे क्षेत्र भक्तिमय रहा। और वातावरण भक्ति गीत संगीत से गुंजायमान हो रहा था।

## रोहित प्रियदर्शी उरांव ने महादेव मंडा गजनी पथ का किया फीता काट कर उद्घाटन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कैरो के सभी 06 पंचायत के गाँव के शिवालयों मे 08 मार्च शुक्रवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव भक्तो मे दिखाई दिया पुजा अर्चना को लेकर खासा उत्साह। इस अवसर पर प्रखंड के पंचायत हनहट देवी व शिव मन्दिर, सढ़ाबे खरता कोयल नदी स्थित मनोकामना भोलेनाथ मन्दिर, सढाबे शिवमन्दिर, कैरो नर्मदेश्वर शिव मंदिर, थाना परिसर स्थित बाबा भोलेनाथ मन्दिर, नरौली शिव मंदिर,गजनी वनखंडि स्थित महादेव स्थल, गुड़ि शिव मन्दिर इत्यादि गाँवो के मंदिरो को आकर्षक रूप से सजाया गया था, वही शिवभक्तो मे बाबा भोलेनाथ की पुजा अर्चना को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया, स्थानीय समितियो के द्वारा जैसे वनखंडि गजनी, नरौली, इत्यादि शिवालयों मे अखंड हरिकीर्तन का आयोजन भी किया गया, वही कैरो नर्मदेश्वर शिव मंदिर, एवं थाना परिसर स्थित भोलेनाथ मंदिर मे युवको के द्वारा भन्डारा का भी आयोजन किया गया। मौके पर कैरो गजनी स्थित मुख्य पथ से महादेव मंडा तक पीसीसी पथ का लोहरदगा विधायक सह मंत्री डा0 रामेश्वर उराँव के पुत्र रोहित प्रियदर्शी उराँव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने पीसीसी पथ का फीता काट किया उद्घाटन, वही वनखंडि महादेव मंडा स्थल पर स्थानीय लोगो की माँग पर रोहित प्रियदर्शी उराँव ने विधायक मद से शेड देने की घोषणा कर पुजा अर्चना के पाश्चात्य अखंड कीर्तन मे लिया भाग। मौके पर कैरो थाना प्रशासन की और से महाशिवरात्रि मे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम,आयोजन को शांतिपूर्वक संपन्नता को लेकर पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।

# एसोसिएशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया रक्त जांच शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में रक्त जांच शिविर का आयोजन रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा में किया गया। शिविर का उद्घाटन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम,सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्मन एवं साइंस फॉर सोसायटी के सचिव राहुल कुमार ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संबोधित करते हुए डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि समाज में परुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा प्राप्त है। इसके बावजूद आज भी कुछ कमियां रह गई है जिसे दूर करने की आवश्यकता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय है महिलाओं के आर्थिक




सशक्तिकरण। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के लिए अभियान का विषय इंस्पायर इंक्लूजन है। हम महिलाओं को सम्मान करके बराबरी का दर्जा दे सकते हैं फलतः राष्ट्र की स्मृद्धि के लिए सार्थक हो सके। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम ने बतलाया कि विद्यालय में हीमोग्लोबिन जांच एवं ब्लड ग्रुप की जांच होने से विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी बेहतर पढ़ाई कर सकेंगे। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्मन ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, लैंगिक समानता के लिए उनके संघर्षों को पहचानने और संस्कृति, राजनीतिक और सामाजिक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान का जश्न मनाने का अवसर है। साइंस फॉर सोसाइटी के सचिव राहुल कुमार ने बतलाया कि झारखंड आदिवासी बहुल प्रांत है, इस प्रांत में सदियों से महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। उनकी दिनचर्या कहीं भी पुरुषों से कम नहीं है। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण कुमार ने किया।

## आदिवासी समाज अपनी एकता और अखंडता बना कर रखे : रावेल लकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत ओड़गा पंचायत के हुतुबदा में संत अंतोनी मंडली के चर्च परिसर में कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को बिशेष रूप से आमंत्रित किया गया।परंतु राज्य के मुख्यमंत्री के साथ बिशेष बैठक होने की वजह से बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर *अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर अहमद, जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, जलडेगा मंडल अध्यक्ष अनिल डांग, जलडेगा पंचायत अध्यक्ष अमर टोपनो, कोलेबिरा पुर्व अध्यक्ष सुनील खड़िया, कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, मीडिया प्रभारी अमृत डुंगडुंग मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सबसे पहले विधायक के भेजे गए प्रतिनिधिमंडल ने उपस्थित लोगों से उनकी समस्याओं को जाना। उपस्थित लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद उनकी समस्त समस्याओं के समाधान करने की बात कही। मौके



पर अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर आया हूँ।आप सभी के स्वागत के लिए आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं। आगे रावेल लकड़ा ने कहा कि निश्चित रूप से आपकी सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। रावेल लकड़ा ने राजनीतिक रूप से लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि भाजपा ने साजिश के तहत झारखंड के खनिज सम्पदाओं को,आजीविका से जुड़े संसाधनो को जो आदिवासियों के दखल के जमीनों एवं वन संपदाओं को, नौकरियों में आरक्षण, सरकारी सुविधाओं में प्राथमिकता, जनप्रतिनिधियों के पदों में आरक्षण एवं अनुसूचित क्षेत्र ( पेशा कानून क्षेत्र ) को खत्म करने एवं हड़पने के नियत से चरणबद्ध तरीके से आदिवासी एकता को कमजोर कर खत्म करने के लिए कई तरह की साजिश रची जा रही है। जिसमें डीलिस्टिंग नीति द्वारा आदिवासियों को धर्म के नाम पर लडा कर उन्हें अलग अलग कर आदिवासियों की जनसंख्या को कम कर अनुसूचित क्षेत्र को खत्म करना चाहते हैं।चुंकि आपलोगों की जानकारी के लिए बता दूं कि हमारे सिमडेगा जिला में आदिवासियों की कुल जनसंख्या 72त्न है, जिसमे आदिवासी ईसाई की जनसंख्या 61त्न है। अगर केंद्र सरकार साजिश रच कर डिलिस्टिंग के माध्यम से आदिवासी ईसाई समुदाय को आदिवासी सूची से बाहर करती है तो आदिवासी की संख्या कम हो जाएगी।

## महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरो में उमड़े श्रद्धालु, जयकारों से गूंज उठा वातावरण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में महाशिवरात्रि को लेकर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के सभी मंदिरो में सुबह से ही भक्तो का तांता लगा रहा, वही प्रखंड क्षेत्र के खखपरता शिव धाम में पूजा पाठ के लिए भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा, बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा साथ ही मंदिरो में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था जहां भक्तो ने पूजा पाठ कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान क्षेत्र भर के मंदिरों व शिवालयों को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों की सहूलियत के लिए अन्य विधि व्यवस्था पूरी तरह कर दी गई थी। कई जगह कीर्तन, भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा भंडारे का भी आयोजन किया, भंडरा प्रखंड स्थित अखिलेश्वर धाम को फूलों तथा रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था,महाशिवरात्रि के पूजा के दौरान खखपरता शिव मंदिर, कोराम्बे मंदिर इत्यादि मंदिरो में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है।जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था पूरी चाक चौबंद की गई थी।

## महिलाएं हर क्षेत्र में आगे : मिथिलेश ठाकुर

### * अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली योजनाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिर्फ एक दिन महिला दिवस मना लेने से इसके उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो सकती है। इसके लिए हम सभी को मिलकर महिलाओं का अधिकार एवं सम्मान के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनियां में किसी भी क्षेत्र में नारी कमजोर नहीं है और न ही आगे कमजोर रहेगी। जब-जब जरूरत पड़ा है महिलाओं ने पुरूषों से आगे बढ़कर बेहतर कार्य किया है। रानी लक्ष्मीबाई, पीटी उषा, पीवी सिंधु, इंदिरा गांधी सहित अनेक महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। यहां तक कि आज एक महिला सैन्य कमांडर




सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्र में सुरक्षा का कमान संभाल रही है। आज के समय में महिलाएं हरेक मोर्चे पर आगे हैं। जब राज्य के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल में डाल दिया गया तब उनकी पत्नी गृहणी महिला कल्पना सोरेन ने अन्याय के खिलाफ विरांगना की तरह मोर्चा संभाल ली। मंत्री ने कहा कि आज सभी महिलाओं को संकल्प लेना होगा कि मर्यादा में रहते हुए हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना है। उन्होंने आगे कहा कि जितनी उर्जा महिलाओं में ही उनकी पुरूषों में नहीं है। जब बच्चा बीमार पड़ जाये तो महिलाएं रात भर जगने के बाद भी सारा दिन काम में लगी रहती है। शहर के लेकर गांव तक महिलाएं जागरूक हैं। मौके पर झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, विनीता आनंद, प्रो. भारती सिंह, दीपमाला आदि ने विचार व्यक्त की।

### मंत्री ने महिलाओं को किया सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने समाजसेवा, खेल, शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, रक्तदान आदि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सम्मानित किये जाने वाली महिलाओं में रक्तवीर स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव की मां पुष्पा देवी सहित नसीमा खातुन, शिखा विश्वास, लता वर्मा, सुश्री अंजली शास्वत, प्रो. भारती सिंह, दीपा देवी, अलका केशरी, सरगम गौरव, ज्योति दुबे, प्रीति कुमारी, पुर्णिमा कुमारी, सबीता देवी, गजाला सिद्दिकी, नर्गिस बानो, विनीता आनंद, रीमा देवी, बसंती देवी, शीला देवी, ममता देवी, फुलवा देवी, ललिता कुंअर, रेखा शर्मा, खिलाड़ी प्रियंका कुमारी, अंशु प्रियदर्शी, अनुराधा कुमारी, प्रिया कुमारी, अमिषा कुमारी, आयुषी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, विजेता कुमारी, सिम्मी कुमारी, छोटी कुमारी, स्नेहा कुमारी, सोनी कुमारी, सोनम कुमारी, सरिता कुमारी, सांभवी कुमारी, साक्षी कुमारी, सुप्रिया कुमारी, रेखा चौबे, अनिता दत्त, तेतरी देवी, चंपा तिवारी, दीपमाला, किरण देवी, चंदा देवी, मीना देवी, रेखा पाठक, अराधना सिंह आदि का नाम शामिल है।

### चलते चलते एक नजर

## अहर्निष शिव नाम संकीर्तन अष्टयाम का हुआ शुभारंभ



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर पुराना विधानसभा मैदान, एचईसी,धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निष शिव नाम संकीर्तन अष्टयाम का शुभारंभ हुआ। हर भोला, हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से माहौल सुवासित हो उठा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ''महागुरू महादेव'' के गुरु स्वरूप से जुड़ने का आह्वाहन किया गया। आयोजन प्रमुख अर्चित आनंद ने बताया कि देश सहित विदेशों के अनेक शहरों में और लाखों घरों में महाशिवरात्रि और संकीर्तन का आयोजन शिव शिष्यों द्वारा किया जा रहा है।हमारा उद्देश्य है कि साहब/दीदी के उदघोष आओ,चलें शिव की ओर, को जन जन तक पहुँचाना है। इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य श्री हरीन्द्रानन्द जी और दीदी नीलम आनंद के द्वारा आज से 40 वर्षों पूर्व शिव नाम संकीर्तन शुरू किया गया जो प्रत्येक महाशिवरात्रि को अनवरत जारी है। उपस्थित लोगों का निःशुल्क चिकित्सा जाँच किया किया गया,संफोर्ड हॉस्पिटल,कोकर के सहयोग से चिकित्सा शिविर लगाया गया है।देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग पाँच हजार शिव शिष्य/शिष्याएँ इस पावन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए यहाँ आये हैं। उक्त आध्यात्मिक कार्यक्रम आज मध्याह्न तक चलेगा। कार्यक्रम के उपरान्त खिचड़ी का प्रसाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा।

## माकपा 13 मार्च को राज्य के सभी एसबीआई शाखाओं के सामने करेगा विरोध प्रदर्शन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि 13 मार्च को राज्य के सभी एसबीआई शाखाओं के सामने पार्टी की ओर से विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।उन्होंने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में कहा कि प्रदर्शन की वजह एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश का पालन करने में विफल रहा है, जिसमें चुनावी बांड को असंवैधानिक घोषित करते हुए छह मार्च तक उसे चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था । इस फैसले में एसबीआई को उक्त जानकारी देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत के आदेश का पालन करने के बजाय छह मार्च की समय सीमा की पूर्व संध्या पर एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से 116 दिन का समय मांगते हुए 30 जून तक उक्त विवरण जमा करने के लिए आवेदन दिया है ।

## शिव बारात में आए सभी महादेव के भक्तों का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री शिव बारात स्वागत समिति के द्वारा शिव बारात में आए सभी महादेव के भक्तों का भव्य स्वागत समिति के मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा , संग्रक्षक शंकर दुबे एवं समस्त पदाधिकारियो के द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।स्वागत में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन राम, विश्व हिन्दू परिषद के कैलाश केसरी , चैती दुर्गा पूजा समिति के महामंत्री गोपाल पारीक एवं श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह उपस्थित थे ।समिति के संग्रक्षक मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा शिव बारात में आए सभी शिव भक्तों को महादेव के नाम का अंगवस्त्र देकर , माला पहनाकर एव पुष्प वर्षा कर किया गया । समिति के द्वारा शिव भक्तों के लिए जल एवं जूस का वितरण किया गया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राज किशोर , कैलाश पारीक , प्रकाश चंद्र सिन्हा , अमरदीप साहू ,सुनील रंजन सहाय , वेणु गोपाल ,इंदर सिंह , राहुल सिन्हा , श्रवण कुमार सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## आदर्श विवाह का उत्कृष्ट उदाहरण है शिव विवाह : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महाशिवरात्रि के अवसर पर स्थानीय शिव घाट कोयल नदी तट पर लगने वाला मेला में संत मरियम आवासीय विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने भाग लिया। मेला कमिटी के लोग मुख्य मंच तक लाए,फूलमाला अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है और भगवान भोले के शादी की सालगिरह भी। जब शिव को सम्मान नहीं मिला तो शिव ने अपनी पत्नी सती के लिए तांडव किया। कामकाजी संघर्षशील महिलाओं ने 1908 में अपने हक अधिकारों के लिए आंदोलन किया। जिसमें कालरा जेटलिन को हम भूल नहीं सकते हैं। भिन्न भिन्न चरणों में



आंदोलन के बाद संयुक्त राष्ट्रसंघ संज्ञान लिया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की घोषणा की। किंतु आज दहेज़ के दानवों ने तिलक के लिए कई तरह के हरकत कर रहे हैं। यह आए दिन समाज में देखने को मिल रहा है। समाज को भगवान शिव से सीखना चाहिए व प्रेरणा लेना चाहिए। विश्व कल्याण के लिए अपना घर तक छोड़ा व जहर पिया। हम क्या कर रहे हैं? इस पर विचार करना चाहिए। मेला कमिटी के विकास दुबे,सुनील सिंह,दिवाकर दुबे,प्रदीप दुबे,सुधाकर दुबे,राकेश तिवारी,संतोष दुबे ओम प्रकाश दुबे,को इस आयोजन और सम्मान के लिए दिल से आभार प्रकट करते हैं। शुक्रिया।

## शाहजहां के आवास पर सीबीआई की छापेमारी, कई साक्ष्य मिले

**कोलकाता :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। यह जानकारी अधिकारियों ने यहां दी। सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखाली स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया, जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे।

## अक्षय तृतीय को होगा भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद व मद्य एवं निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा खोन्हर नाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। मंत्री ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली, सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा वासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा खोन्हर नाथ की कृपा से गढ़वा का बेहतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा आगामी अक्षय तृतीय तक आचार संहिता नहीं लगा तो इस मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मंत्री ने कहा कि लोग कहते हैं कि मैं बहुत काम कर रहा हूं परंतु हकीकत यह है कि मैं विशेष कुछ नहीं सिर्फ कर्तव्यों का निर्वाह इमानदारी के साथ कर रहा हूं। आज बाबा खोन्हर नाथ की कृपा से आज गढ़वा में चारों तरफ विकास की रौशनी झलक रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, परेश तिवारी, नीरज तिवारी, टुनटुन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी एक चिंतनीय मुद्दा बनकर उभरी : राजेश

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी एक चिंतनीय मुद्दा बनकर सामने आई है। इसे देखते हुए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बांसवाड़ा राजस्थान में आयोजित रैली में कई घोषणाएं की हैं। ठाकुर शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। ठाकुर ने कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो पारदर्शी जॉब कैलेंडर के साथ 30 लाख पद सृजित किए जाएंगे। वर्तमान में केंद्र सरकार में 10 लाख पद खाली हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्मी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी अन्य पद खाली हैं। इसके अलावा भी हम नई नौकरियां सृजित करेंगे, जिसे हम चुनावी घोषणा पत्र में रेखांकित करेंगे। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष तक के प्रत्येक स्नातक और डिप्लोमा धारी को अप्रेंटिसशिप के अधिकार के तहत निजी एवं सार्वजनिक कंपनियों में प्रत्येक वर्ष एक लाख रुपये पारिश्रमिक भत्ता दिया जाएगा।

## अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का किया लोकार्पण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने 'राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस 2023 एक रिपोर्ट' का भी विमोचन किया।केंद्रीय मंत्री शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डेटाबेस सहकारिता क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। डाटा को एक कंपास के समान बताते हुए उन्होंने कहा कि ये डाटाबेस भारत की सभी रजिस्टर्ड कंपनियों (पीएसीएस) की जन्म कुंडली है। मंत्री ने कहा कि इससे हितधारकों को भी मदद मिलेगी।शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग से सहकारिता मंत्रालय बनाने की लम्बे समय से मांग थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से ही सहकारिता मंत्रालय बन पाया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय




को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रयास किये हैं। उन्होंने कहा कि साहसिक निर्णय लेना और उसे अंजाम तक पहुंचाना प्रधानमंत्री मोदी का चरित्र है। मोदी ने सिर्फ 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।शाह ने बताया कि आज जिस राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण किया गया है। इसके लिए सहकारी समितियों के डेटा को विभिन्न हितधारकों से तीन चरणों में एकत्र किया गया है। पहले चरण में तीन क्षेत्रों को समाहित किया गया जिनमें प्राथमिक कृषि ऋण समिति, डेयरी और मत्स्य पालन की लगभग 2.64 लाख प्राथमिक सहकारी समितियों की मैपिंग पूरी की गई। दूसरे चरण में विभिन्न राष्ट्रीय संघों, राज्य संघों, राज्य सहकारी बैंक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, शहरी सहकारी बैंक, राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, प्राथमिक कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, सहकारी चीनी मिलों, जिला यूनियनों और बहुराज्य सहकारी समितियों के आंकड़े एकत्रित किए गए। तीसरे चरण में सभी आठ लाख प्राथमिक सहकारी समितियों का डेटा एकत्र किया।

## राजद महिला प्रकोष्ठ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

### *कामकाजी महिलाओं को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की ओर से हरमू बायपास रोड पर अवस्थित प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कामकाजी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान स्वच्छ, स्वस्थ,सभ्य और समृद्ध समाज की पहचान है।

महिलाओं की सहभागिता के बिना विकसित देश व राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना वर्तमान समय की मांग है। सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।इस अवसर पर राजद की उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समाज के सर्वांगीण विकास की बातें बेमानी है। महिलाओं को समुचित सम्मान दिए बगैर सामाजिक नवनिर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास जरूरी है।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बबली देवी, कोषाध्यक्ष उषा यादव, गीता देवी, गायत्री देवी,सरिता देवी, खुशबू देवी, किरण देवी, आशा देवी, संगीता देवी,मार्ग्रेट कच्छप, श्यामा देवी, अंजू देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, रूपा देवी, गीत देवी, अंजली देवी, अंजू देवी, देवंती देवी, कमला देवी, मीना देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## खेलों को बढ़ावा देने के लिए सभी कंपनियों को आगे आना चाहिए : पुरी

**नई दिल्ली :** पैरा-एथलीटों को उनके दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति की सराहना करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ÷ओएनजीसी पैरा गेम्स में भाग लेने वाले एथलीटों की भावना का यह एक प्रमाण है। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद आपने धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया है और न केवल बाधाओं को दूर किया है बल्कि एक अधिक मानवीय समाज को परिभाषित करने में योगदान दिया है।÷ मंत्री ने आज से 10 मार्च तक त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 5वें ओएनजीसी पैरा गेम्स का उद्घाटन किया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) के सचिव पंकज जैन और तेल व गैस पीएसयू के वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में पैरालंपिक आयोजनों में भारत के प्रदर्शन की सराहना की गई।

## भारत ने सीमा पर बढ़ाए सैनिक, चीन को लगी मिर्ची

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चीन पहले उकसाता है और जवाबी कार्रवाई हो तो धमकियां देने पर उतर जाता है। बीते चार वर्षों से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसने अपने सैनिकों को अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर रखा है और जब भारत वहां अपने सैनिकों को बढ़ाने लगा तो उसे मिर्ची लग रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा है कि भारत के इस कदम से सीमा पर तनाव कम करने में मदद मिलेगी। भारत ने चीन के साथ अपनी सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। नाम न छापने की शर्त पर वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों ने खुलासा किया कि पहले पाकिस्तान से सटी पश्चिमी सीमा पर तैनात 10 हजार सैनिकों की एक यूनिट को चीन के साथ सीमा के एक हिस्से की रक्षा के लिए फिर से नियुक्त किया गया है।



इसके अतिरिक्त, विवादित चीनी सीमा के लिए शुरू में नामित 9,000 सैनिकों का एक मौजूदा समूह अब एक नए स्थापित लड़ाकू कमान का हिस्सा होगा। यह एकीकृत बल चीन के तिब्बत क्षेत्र को भारतीय राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से अलग करने वाली 532 किलोमीटर लंबी सीमा की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होगा। भारत और चीन के बीच संबंध 5 मई, 2020 से तनावपूर्ण रहे हैं, जब उनकी साझा सीमा पर विभिन्न स्थानों पर टकराव और झड़पें हुई थीं। ये घटनाएं लद्दाख के पैंगोंग झील, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और सिक्किम और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के बीच की सीमा के पास हुईं। मई के अंत में तनाव और बढ़ गया जब चीन ने गलवान नदी घाटी में भारत के सड़क निर्माण पर आपत्ति जताई। 45 वर्षों में पहली बार सितंबर 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गोलियां चलीं। भारतीय मीडिया ने यह भी बताया कि भारतीय सैनिकों ने 30 अगस्त, 2020 को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पर चेतावनी भरे शॉट्स फायर किए थे। कई दौर की सैन्य-राजनयिक वार्ता में शामिल होने के बावजूद तनाव को हल करने में प्रगति धीमी रही है। तनावपूर्ण संबंधों के जवाब में भारत ने देश के भीतर चीनी निवेश और व्यावसायिक उद्यमों को हतोत्साहित करने के लिए कानून लागू किए हैं।भारत ने घातक झड़प के बाद 2021 में चीन के साथ अपनी सीमा की निगरानी के लिए अतिरिक्त 50 हजार सैनिकों को तैनात किया।

इसके बाद राजनयिक संबंध और तनावपूर्ण हो गए। चीन और भारत दोनों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने सैन्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं, जिसमें मिसाइलों और विमानों को स्थानांतरित करना और अतिरिक्त सैनिकों को तैनात करना शामिल है।